सुप्रभात
रांची, रविवार
05.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 203



12 पठान फिल्म एक्शन से भरपूर : शाहरूख

## न्यूज डायरी

### सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर फैक्ट्री आज देश को सौंपेंगे पीएम

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी कर्नाटक की अपनी यात्रा के दौरान सोमवार को तुमकुरु में एचएएल के हेलीकॉप्टर कारखाने को देश को समर्पित करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 615 एकड़ में फैली ग्रीनफील्ड हेलीकॉप्टर फैक्ट्री भारत की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण सुविधा है।

### साड़ी वितरण में भगदड़ चार महिलाओं की मौत

**तिरुपत्तूर।** तमिलनाडु के तिरुपत्तूर जिले में वानियामबाडी के पास साड़ी वितरण के क्रम में मची भगदड़ में चार बुजुर्ग महिलाओं की मौत हो गयी। कई अन्य घायल हो गयीं।

### पटना - रांची के बीच भी चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार में जल्द ही तीन नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू होने वाली हैं। इनमें से एक पटना से रांची के बीच चलेगी, तो दूसरी पटना से हावड़ा रूट पर चलायी जायेगी। केंद्रीय बजट घोषणा के अनुसार बिहार की राजधानी पटना और झारखंड की राजधानी रांची को वंदे भारत एक्सप्रेस से जोड़ा जायेगा। इन दोनों राज्यों से आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। दोनों शहरों के बीच की दूरी घटकर महज 4 घंटे हो जायेगी।

### ब्लास्ट में शामिल दो नक्सली गिरफ्तार

**चाईबासा।** आइइडी ब्लास्ट कर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने वाले दो नक्सली को चाईबासा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इसकी जानकारी दी। 25 जनवरी को सर्च अभियान के दौरान सिंगीजारी गांव के पास नक्सलियों द्वारा आइइडी बम ब्लास्ट सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर इंसार अली को गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। बम विस्फोट करने वाले मुख्य आरोपी के अंजदबेड़ा गांव में छिपे होने की सूचना पर संयुक्त टीम ने नक्सली बुड़न सिंह तामसोय गांव अंजदबेड़ा व सोमाय सावैंया उर्फ सिंगराय गांव बड़ा बंकाऊ को गिरफ्तार किया गया।

### जसीडीह-झाझा ट्रैक पर मिले तीन शव

**देवघर।** जसीडीह-झाझा मुख्य रेलखंड के रेलवे ओवरब्रिज गंगटी गांव पास रेलवे पुलिस को तीन लाश मिली, जिसमें दो बालक और एक महिला का है। बताया जा रहा कि पारिवारिक विवाद से तंग आकर एक मां ने शनिवार को दो बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। फिलहाल जसीडीह पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रमिला देवी (30) अपने दोनों बेटों नितेश कुमार(12) और अजीत कुमार की उम्र (8) को ले कर शुक्रवार को ही घर से निकली थीं। परिजनों शव की पहचान की।

### बेड़ो में युवक की गला रेतकर हत्या

**रांची।** बेड़ो थाना क्षेत्र के घाघरा टिकरा टोली गांव में एक युवक मनीष उरांव (28) की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। जानकारी के अनुसार दिवंगत राम उरांव का पुत्र मनीष अपने नये घर में सो रहा था, इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार की रात की है। शनिवार को जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और जांच में जुट गयी।

### चाईबासा ब्लास्ट में घायल जवान को एम्स भेजा गया

**रांची।** गुरुवार को चाईबासा में नक्सलियों के द्वारा लगाये गये आइइडी ब्लास्ट में घायल सीआरपीएफ जवान राकेश पाठक को एयरलिफ्ट कर रांची से बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के एम्स अस्पताल भेज दिया गया। शनिवार को ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण कर घायल जवान को मेडिका अस्पताल से रांची एयरपोर्ट पहुंचाया गया जिसके बाद उन्हें दिल्ली भेज दिया गया।

## झामुमो स्थापना दिवस पर हेमंत ने डबल इंजन की सरकार पर साधा निशाना, कहा

# हमें झारखंडियों की चिंता, भाजपा की तरह व्यापारियों की नहीं

- केंद्र बकाया दे तो सभी समस्याएं हल हो जायेंगी
- संघर्ष और बलिदान झारखंडियों की किस्मत है
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड से बनेगा बच्चों का भविष्य
- सावित्रीबाई फुले योजना से 9 लाख बच्चियों को जोड़ा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हम व्यापारियों के नहीं बल्कि राज्य के आदिवासी-मूलवासी के जनप्रतिनिधि हैं। हमें इनके पेट भरने की चिंता, खुद की जेब भरने की नहीं। व्यापारियों के जमात वाली पार्टी विपक्ष है। उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति लाते हैं, पर इसे असंवैधानिक करार दिया जाता है। हमें तो समझ में नहीं आता है कि राज्य सरकार, जब भी आदिवासी-मूलवासी को अधिकार देने के लिए कानून बनाती है तो पेट दर्द यूपी- बिहार के लोगों को क्यों होने लगता है। वे परेशान हो जाते हैं। सीएम ने कहा कि केंद्र के पास हमारा 136000 करोड़ बकाया है। अगर वो झारखंड को मिल जाये तो, विस्थापन समेत राज्य की तमाम समस्याएं हल कर लेंगे। श्री सोरेन शनिवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में पार्टी के 51वें स्थापना दिवस समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। समारोह में जिले के कोने कोने से झामुमो कार्यकर्ता ढोल नगाड़ा एवं पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे थे। समारोह को ले कर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे।

**आदिवासी सीएम गले नहीं उतरता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 साल बाद पहली बार आदिवासी-मूलवासी की सरकार बनी है। संघर्ष और बलिदान झारखंडियों के किस्मत में ही लिखी हुई है।

(शेष पेज 11 पर)

### बच्चों को जरूर पढ़ायें : गुरुजी

स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो दिसुम गुरु शिबू सोरेन ने कहा कि जल जंगल जमीन हमारा है हम लोगों ने उद्योग लगाने के लिए अपनी जमीनें दे दी है, लेकिन हम लोगों के बच्चों को रोजगार नहीं मिल रहा है। हम लोगों को यह सोचना होगा कि हमारे बच्चे कैसे पढ़े हमारा घर द्वार कैसे सुरक्षित रहे । खेत में पानी कैसे आए। अंत में मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि आप लोग अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं।

### झारखंड को बाहर के लोगों ने चारागाह बना रखा था

सीएम ने कहा कि कोल कंपनियों पर झारखंड का अरबों रुपये बकाया। सबसे अधिक झारखंडी बाहर मजदूरी कर रहे हैं पर बाहर के लोगों ने झारखंड को चारागाह बना रखा था। सरकारी कर्मियों का भी शोषण किया। सरकारी कर्मी धैर्य रखें, सरकार आपकी समस्या सुलझाएगी। पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी कर्मियों को सरकार ने हक दिया। हमलोग कानून बनाते हैं तो लोग जश्न मनाते हैं। कोरोना के दो साल बाद जब जीवन पटरी पर लौटी, हमने विकास को गति दी। इस गति जो देख विपप परेशान हो उठा। हमारी सरकार के खिलाफ साजिश रची जाने लगी। जिस तरह गुरुजी को जीवन भर कोर्ट कचहरी का चक्कर कटवाया, जेल भेजवाया, आज फिर वही हो रहा है। जैसे गुरुजी लड़े, हमभी लड़ रहे हैं। हमारी मांगों को बराबर असंवैधानिक बताया। सरना धर्म कोड, 1932 खतियान लाया तो यूपी, बिहार के लोगों को पेट दर्द हो रहा है। विपक्ष को पता है कि कि सोरेन परिवार के रहते इनकी दाल नहीं चलेगी।

## विजय संकल्प रैली में शाह ने संथाल की तीनों सीटों पर चुनावी विगुल फूंका

# झारखंड में घुसपैठिये बढ़े आदिवासी 35 से 24% हो गये

### भ्रष्टाचार पर राज्य सरकार को घेरा, उखाड़ फेंकने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देवघर की विजय संकल्प रैली के जरिये संताल परगना की तीनों लोकसभा सीटों गोड्डा, दुमका और राजमहल के लिए चुनावी बिगुल फूंका। झारखंड की सरकार को भ्रष्ट सरकार बताते हुए उखाड़ फेंकने की अपील की। श्री शाह ने रैली में कहा कि झारखंड में वोट बैंक की राजनीति हो रही है। राज्य में घुसपैठियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आदिवासियों की संख्या 35 फीसदी से 24 फीसदी रह गयी है। श्री शाह शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंचे।

पहले उन्होंने पत्नी के साथ बाबा बैद्यनाथ की पूजा अर्चना की। फिर 450 करोड़ रुपए की लागत वाले इफको के नैनो फर्टिलाइजर प्लांट का देवघर के जसीडीह में शिलान्यास किया। श्री शाह जसीडीह के इफको ग्राउंड में ही विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। विजय संकल्प रैली में उन्होंने कहा कि राज्य में विकास चाहिए तो 2024 में कमल खिलायें और सभी 14 सीटें भाजपा की झोली में डालें। पीएम मोदी ने हमेशा गरीब, दलित और पिछड़े वर्गों के कल्याण पर जोर दिया है। देश के इतिहास में पहली बार आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर सम्मान दिया गया है। रविवार की सुबह 10:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

(शेष पेज 11 पर)



### बाबा मंदिर में 35 मिनट रहे शाह दंपती

देवघर पहुंचते ही श्री शाह और उनकी पत्नी बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। वहां करीब 35 मिनट तक पूजा-अर्चना की। कड़ी सुरक्षा घेरे में मंत्री अमित शाह जैसे ही प्रशासनिक भवन में प्रवेश किये, पुरोहित समाज की ओर से 11 वैदिक पंडितों ने शंखनाद कर उनका शुभ स्वागत किया। शंखनाद की ध्वनि सुनकर वे काफी गदगद हुए व हाथ हिलाकर शंखनाद करने वाले सभी पुरोहितों का अभिवादन किया। गृहमंत्री को फिलपाया के रास्ते सीधे गर्भ गृह में प्रवेश कराया गया। वहां पूर्व से मौजूद उनके पुश्तैनी पुरोहित सीताराम शिरोमणी पंडा के वंशज दीनानाथ नरौने एवं विपुल नरौने को पहचान गये और पत्नी को भी पुश्तैनी पुरोहित से परिचय कराया। पुरोहित ने विधिवत संकल्प कराने के बाद बाबा भोलेनाथ का पूजा प्रारंभ कराया। (शेष पेज 11 पर)

## रामगढ़ उपचुनाव : बजरंग महतो यूपीए उम्मीदवार बने

# एनडीए प्रत्याशी सुनीता ने भरा पर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस की पूर्व विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतों को यूपीए ने अपना प्रतयाशी घोषित कर दिया। वह 07 फरवरी को नामांकन करेंगे। उधर दूसरी ओर एनडीए प्रत्याशी आजसू की सुनीता चौधरी ने शनिवार को आपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, भाजपा नेता एवं विधायक सीपी सिंह, विधायक समरी लाल, विधायक किशुन दास, मांडू के विधायक जेपी भाई पटेल, आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष और गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, गोमिया विधायक और महासचिव डॉक्टर लंबोदर महतो समेत पार्टी के कई नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

**कांग्रेस ने किया जीत का दावा :** बजरंग महतो को यूपीए ओर से उम्मीदवार घोषित करते हुए कांग्रेस ने रामगढ़ उपचुनाव में जीत का दावा किया।



कांग्रेस की विधायक ममता देवी के सजायाफ्ता होने के बाद रामगढ सीट खाली है। कांग्रेस ने ममता देवी के पति बजरंग महतो पर भरोसा जताया है। बजरंग महतो 07 फरवरी को नामांकन करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

# जमानत अवधि पूरी, सरेंडर के बाद पूजा सिंघल गयीं जेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल ने शनिवार को जमानत की अवधि पूरी होने के बाद ईडी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद 4 जनवरी को पूजा सिंघल जेल से बाहर आयी थी। उन्होंने अपनी बेटी के ईलाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट से फरियाद की थी। बेटी के इलाज के लिए उन्हें एक माह के लिए सशर्त जमानत प्रदान की गयी थी। इस दौरान उन्हें झारखंड से बाहर रहने का निर्देश दिया गया था। दरअसल, गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी कोर्ट में हाजिर हुई थीं। कोर्ट ने इनके आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 8 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। गौरतलब है कि ईडी की अदालत में पूजा सिंघल समेत अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा सिंघल के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटायी। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ था। उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं। (शेष पेज 11 पर)



## घर में मृत पायी गयीं सिंगर वाणी जयराम



**नयी दिल्ली।** हाल ही पद्म भूषण से सम्मानित दक्षिण की मशहूर सिंगर वाणी जयराम का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। काफी समय पहले उनके सिर में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वे बीमार रहती थीं। शनिवार सुबह वे चेन्नई स्थित अपने घर में मृत पायी गयीं। अभी तक उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वाणी जयराम को पद्म भूषण अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। संगीत के क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन के लिए वाणी को 3 बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। उन्होंने 19 भाषाओं में 10,000 से ज्यादा गाने गाये है। वाणी जयराम का हिंदी फिल्म गुड्डी के लिए गया गाना बोले रे पपीहरा... काफी मशहूर हुआ था। मेरे तो गिरधर गोपाल गाने के लिये उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड से नवाजा गया था। इसके अलावा साल 1991 में उन्हें संगीत पीठ सम्मान से भी नवाजा, वाणी ये सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की सिंगर थीं।

# राम मंदिर उड़ाने की धमकी देने वाले 3 को एनआइए ने दबोचा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एनआइए ने धमकी इस मामले में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन सदस्यों को शनिवार सुबह बिहार के मोतिहारी से हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक, एनआइए ने बिहार पुलिस के साथ संयुक्त अभियान के दौरान मोतिहारी जिले के चकिया अनुमंडल में छापेमारी की। यहां कुआंवां गांव से तीनों लोगों को हिरासत में लिया। फिलहाल, एनआइए और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियां अज्ञात स्थान पर हिरासत में लिए गए तीनों संदिग्धों से पूछताछ में जुटी है।



### मोतिहारी से हुई गिरफ्तारी

सूत्रों के मुताबिक, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद एनआइए ने कार्रवाई शुरू की थी। उस्मान नाम के एक शख्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लाइव जाकर राम मंदिर को गिराने और उसी जगह बाबरी मस्जिद बनाने की धमकी दी थी। उस्मान सोशल मीडिया पर उस वक्त लाइव हुआ था जब 31 जनवरी को नेपाल से अयोध्या तक की देवशिला यात्रा मोतिहारी से गुजर रही थी। इस वायरल वीडियो के सिलसिले में एनआइए ने सुबह मोतिहारी में कार्रवाई की और तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया।

# सेना ने बदले अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के नियम

## अब ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम होगा, फिजिकल फिटनेस और मेडिकल टेस्ट भी होंगे

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में बदलाव की घोषणा की है। अग्निवीर भर्ती के तहत सेना में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों को अब पहले ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन देना होगा। इसके बाद फिजिकल फिटनेस और मेडिकल टेस्ट होंगे। सेना द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रक्रिया में बदलाव के संबंध में विज्ञापन दिये जा रहे हैं। सूत्रों ने शनिवार को कहा, इसके लिए अधिसूचना फरवरी के मध्य तक जारी होने की उम्मीद है।



**अप्रैल में होगी पहली सामान्य प्रवेश परीक्षा :** सेना के उच्च स्तरीय सूत्र ने बताया कि पहला ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीइइ) अप्रैल में आयोजित किया जाएगा। सामान्य प्रवेश परीक्षा देश भर में लगभग 200 स्थानों पर आयोजित की जायेगी। इसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। सूत्र ने कहा कि बदली गयी कार्यप्रणाली चयन के दौरान संज्ञानात्मक पहलू पर अधिक ध्यान केंद्रित करना सुनिश्चित करेगी। इसकी देश भर में व्यापक पहुंच होगी और भर्ती रैलियों के दौरान देखी जाने वाली बड़ी भीड़ को भी कम किया जा सकेगा। एक प्रमुख समाचार पत्र में शुक्रवार को 'ट्रांसफॉर्मेशनल चेंजेज इन रिक्रूटमेंट इन इंडियन आर्मी' शीर्षक से प्रकाशित एक विज्ञापन में भर्ती प्रक्रिया के लिए तीन चरणों वाली नई कार्यप्रणाली की सूचना दी गयी है। पहला कदम नामांकित केंद्रों पर सभी उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम होगा। इसके बाद सेना की अग्निवीर भर्ती रैलियों के दौरान ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम में योग्य रहे उम्मीदवारों के लिए शारीरिक फिटनेस परीक्षण और अंत में चिकित्सा परीक्षण का आयोजन होगा।

# तीनों नये मेडिकल कॉलेजों को 830 करोड़ की स्वीकृति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में नवनिर्मित तीन नये मेडिकल कॉलेजों में 500 बेड का हॉस्पिटल तैयार किया जा रहा है। दुमका, पलामू और हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए आने वाले मरीजों बेहतर सुविधाएं मिले इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 830 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस पैसे से हॉस्पिटल के दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट्स की खरीदारी की जायेगी। वहीं भवन का एक्सटेंशन किया जायेगा, जिससे कि मरीजों को हर तरह की सुविधा एक ही छत के नीचे मिले। इससे रिम्स और एम्स जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**आवासीय बिल्डिंग बनेंगे :** कैंपस में 8,30,25,42,000 की लागत से भवनों का एक्पैंशन होगा। इसके अलावा नए रेसीडेंशियल बिल्डिंग का निर्माण कराया जाएगा। इसमें डॉक्टर व हॉस्पिटल के स्टाफ रहेंगे। इसके अलावा तीनों जिलों में सदर हॉस्पिटलों के लिए भी 10 करोड़ दिये गये हैं, ताकि वहां की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा। इसका लाभ इलाज के लिए आने वाले मरीजों को मिलेगा।

## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 52/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 13.02.23 को 10:00 पूर्वाहन से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.02.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.02.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| पुनः निविदा | | | | | | |
| 1 | पदमा | स्वास्थ्य उप केन्द्र, सरैया का उन्नयन कार्य। | 1625970.00 | 5000.00 | 33000.00 | चार माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 289256 District (22-23)_D



## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 255/2022-23/RWD/DALTONGANJ दिनांक :- 04.02.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ DALTONGANJ/37 /SRPKG-02 /2022-23 | (i) पी0डब्लू0डी0 रोड से हुरलौंग गोगर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.000 कि0मी0)<br>(ii) आर0सी0डी0 डबरा मोड़ से सांगबार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.400 कि0मी0)<br>(iii) पांकी मेन रोड से ग्राम सुरजवन चन्द्रपुर सिवान होते हुए सकलदीपा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.700 कि0मी0) | 6,95,25,500.00 | छः करोड़ पनचानवे लाख पच्चीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ DALTONGANJ/38 /SRPKG-03 /2022-23 | (i) बैदा पी0डब्लू0डी0 रोड से कुडुआ पी0डब्लू0 रोड भाया कुंदरी, कुवंरबांध तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.500 कि0मी0)<br>(ii) नवागढ़ा गेट से पंजरी कलां होते हुए लालगढ़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.100 कि0मी0)<br>(iii) मड़वा मोड़ से नासो भाया गुलाबझरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.250 कि0मी0)<br>(iv) शिवपुर से सरईडीह भाया खरडीहा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.850 कि0मी0)<br>(v) पी0डब्लू0डी0 पथ पोलदाह देवी धाम से बिंदेश्वरी यादव के घर होते हुए पिपरा बाजार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.000 कि0मी0) | 10,29,84,700.00 | दस करोड़ उनतीस लाख चौरासी हजार सात सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **15.02.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **27.02.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **डालटनगंज** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **28.02.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **01.03.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **डालटनगंज** के पक्ष में एवं **डालटनगंज** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.289283 Rural Work Department(22-23):D



## District Health Society Koderma

Letter no................dt.........

EOI No : 01/2023

**EXPRESSION OF INTEREST**

**Introduction**

Sadar Hospital Koderma is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services like (Normal and Caesarian delivery, Pathology, SNCU, Blood Bank etc.). To increase the services more effectively, the Hospital Management Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Specialist and Medical Officers for strengthening health infrastructure and resources in Sadar Hospital, Koderma under Pradhan Mantri Jan Arogya Yojna and DMFT.

| Sl No | Name of Post | No of Post | Minimum Qualification | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Gynaecologist | 2 | MS/MD Gynaecology/DGO | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 2. | ENT Specialist | 1 | MD/MS in ENT | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 3. | Orthopedic Surgeon | 1 | D.Ortho/M.S/DNB (Orthopedics) | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 4. | Ophthalmologist | 1 | MS/DNB / Diploma | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 5. | Radiologist | 1 | MD/ DMRD/DNB | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every case. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 6. | General Physician | 1 | MD Medicine | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every case. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 7. | General Surgeon | 2 | MS/DNB | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 8. | Pathologist | 1 | MD/DCP | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive per investigation. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package. • Duty will be assigned as per roaster. |

1. The jobs offered are contractual for tenure of one year from the date of joining and can be renewed further after successful completion of agreement period upon mutual consent and performance review or appraisal.
2. TDS will be applicable as per Government rules and leave shall be availed as according to provision of State government.
3. Age limit - 60 years as on 01.03.2022.
4. Interested candidates are requested to report with filled Annexure A, at 11.00 AM on below mentioned date at District Collectorate Hall, Koderma - 825410 for the above interview with their Original Certificates and Testimonials as mentioned in application form.
5. The remuneration as mentioned above is negotiable and will be finalized during counselling/ interview session to be held on below mentioned interview schedule.
6. Chairman, District Health Society, will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
7. The undersigned reserves the right to cancel/reject the advertisement without assigning any reason thereof.
8. For any enquiry, candidates can contact the following mobile numbers during official hours – Mr Mahesh Kumar, District Programme Manager, Contact no 8709947026 , 9065527608. Email id nhmreckod@gmail.com.
9. Annexure A and other details can be downloaded from district website http://koderma.nic.in.

**Date of Interview**
- 09/02/23 (Thursday) Time 11.00 AM
- 16/02/23 (Thursday) Time 11.00 AM
- 23/02/23 (Thursday) Time 11.00 AM
- 02/03/23 (Thursday) Time 11.00 AM

Civil Surgeon cum Chief Medical Officer
Koderma

PR 289323 (Health Med Edu and Family Welfare)22-23*D


## देवघर के जसीडीह में 300 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा प्लांट

# गृह मंत्री अमित शाह ने इफ्को नैनो यूरिया प्लांट के पांचवें सयंत्र की रखी आधारशिला

### 300 करोड़ में प्लांट और 150 करोड़ की लागत से बनेगा टाउनशिप

**खबर मन्त्र टीम**



**रांची, देवघर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को देवघर के जसीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में इफको के 450 करोड़ रुपये के नैनो यूरिया संयंत्र और टाउनशिप की आधारशिला रखी। इस मौके पर श्री शाह ने कहा, नैनो यूरिया से किसानों को फायदा होगा और यह पहले से ही पांच देशों को निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की भूमि की सरंक्षण के लिए तरल यूरिया बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूमि संरक्षण को प्रमुख मुद्दा बनाकर भूमि संरक्षण के सभी कार्यों को प्राथमिकता दी, चाहे वह प्राकृतिक खेती हो, ऑर्गेनिक खेती हो या नैनो यूरिया के अनुसंधान से लेकर उत्पादन तक की प्रक्रिया को गति देने की बात हो।

श्री शाह ने कहा कि नैनो यूरिया की देवघर इकाई बनने से यहां प्रतिवर्ष लगभग 6 करोड़ तरल यूरिया की बोतलों का निर्माण किया जाएगा जिससे इसके आयात पर हमारी निर्भरता कम होगी और भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा।

नैनो यूरिया से किसानों को फायदा होगा और यह पहले से ही पांच देशों को निर्यात किया जा रहा है। नैनो यूरिया फसल की उत्पादकता, मिट्टी के स्वास्थ्य और उपज की पोषण गुणवत्ता में सुधार करता है तथा इसका उद्देश्य पारंपरिक यूरिया के असंतुलित और अत्यधिक इस्तेमाल को दूर करना है।

**तरल यूरिया का छिड़काव से उत्पादन में वृद्धि :** गृह मंत्री ने कहा कि 500 ग्राम की यह एक छोटी सी बोतल यूरिया के एक पूरे बैग का विकल्प बनेगी। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा तरल यूरिया का छिड़काव करने पर उत्पादन में संभवतः ही वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि केमिकल फर्टिलाइजर भूमि में उपस्थित कुदरती खाद बनाने वाले केंचुओं को मार देता है वहीं तरल यूरिया का छिड़काव करने पर भूमि किसी भी प्रकार से विषाक्त नहीं होगी। यह भारत का पांचवां नैनो यूरिया संयंत्र होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल गुजरात में दुनिया के पहले नैनो यूरिया संयंत्र का उद्घाटन किया था।

**मिट्टी के स्वास्थ्य और उपज की पोषण गुणवत्ता में सुधार :** नैनो यूरिया फसल की उत्पादकता, मिट्टी के स्वास्थ्य और उपज की पोषण गुणवत्ता में सुधार करता है तथा इसका उद्देश्य पारंपरिक यूरिया के असंतुलित और अत्यधिक इस्तेमाल को दूर करना है। इफको के प्रबंध निदेशक यू एस अवस्थी ने कहा कि संयंत्र अगले साल दिसंबर में शुरू होने वाला है। अवस्थी ने बताया कि 300 करोड़ रुपये की लागत से संयंत्र और 150 करोड़ रुपये की लागत से टाउनशिप का निर्माण किया जाएगा। इफको के प्रबंध निदेशक यू एस अवस्थी ने कहा कि संयंत्र अगले साल दिसंबर में शुरू होने वाला है। अवस्थी ने बताया कि 300 करोड़ रुपये की लागत से संयंत्र और 150 करोड़ रुपये की लागत से टाउनशिप का निर्माण किया जाएगा। झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (जेआईएडीए) ने इफको को देवघर जिले के जसीडीह क्षेत्र में परिसर के लिए 20 एकड़ जमीन आवंटित की है।


## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice
Very Short Tender
Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-15/2022-23 Date – 03/02/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 05/02/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 13/02/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 14/02/2023 |
| 4. | Date of opening of Tender | 15/02/2023 |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 6. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 06526 223508<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 7. | Helpline Number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

**Details of Works :-**

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost (in Lac) | Cost of BOQ (in Lac) | Earnest Money (in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kuru | Construction of P.C.C Road from Sarna Sthal to Talab at Vill – Ronhaiya Toli. | 15.59100 | 0.05000 | 0.31200 | 2 Months |
| 2 | Kuru | Construction of P.C.C Road from Anganbari to Adivasi Masna at Vill – Kolsimri Ronhaiya Toli. | 22.56700 | 0.05000 | 0.45200 | 2 Months |

**Note: - Only e-Tender will be accepted**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR.NO.289238 Lohardaga(22-23):D


# हिंडनबर्ग की रिसर्च रिपोर्ट पर केंद्र सरकार चुप्पी तोड़े : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडानी को लेकर कांग्रेस मोदी सरकार के खिलाफ रेस हो गई है। इस संबंध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि एलआईसी व एसबीआई के हिस्से को प्रधानमंत्री ने ऐसे समूह के हवाले किया जिस पर इस देश के सबसे बड़े कॉर्पोरेट फ्रॉड का इलजाम लगा है। करोड़ों भारतीयों की जमा पूंजी डुबाने में प्रधानमंत्री ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने प्रधानमंत्री से जानना चाहा है कि हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में जो अडाणी पर आरोप लगे हैं उसकी जांच कब होगी? राजेश ठाकुर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। राजेश ठाकुर ने कहा कि इस मसले को लेकर 6 फरवरी को कांग्रेस राज्य भर में एसबीआई और एलआईसी के कार्यालय के समक्ष धरना देगी।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट पर ऐसे चुप्पी साध रखी है, जैसे कि कुछ हुआ ही नहीं है। 40 करोड़ के लगभग निवेशक, जिन्होंने अपनी जमा पूंजी एलआईसी में लगाई थी, उनके भविष्य का सवाल है।

श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से जब अडाणी के शेयर गिर रहे हैं, तब से एलआईसी के 39 करोड़ पॉलिसी धारकों और निवेशकों के 33,060 करोड़ डूब चुके हैं। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अन्य भारतीय बैंकों ने अडाणी समूह को ऋण दिया है। अडाणी समूह पर भारतीय बैंकों का करीब 80,000 करोड़ का कर्ज है, जो समूह के कुल कर्ज का 38 प्रतिशत है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने केंद्र सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन और एलआईसी, एसबीआई और अन्य राष्ट्रीय बैंकों में जो अडाणी का जोखिम भरा निवेश है, उस पर संसद में गहन रूप से चर्चा करने की मांग की है।


## झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 263/2022-23/RWD/KODERMA दिनांक :-04.02.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/10/ SRPKG-01/2022-23 | (i)हीरोडीह से सुगासांख भाया रेभनाडीह, कुशाहन तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं–7.850 कि0मी0)<br>(ii)बिरेन्द्र नगर से सुगासांख भाया पपरामो जोरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं–7.600 कि0मी0)<br>(iii) जयनगर थाना मोड़ से उच्च विद्यालय जयनगर पथ की विशेष मरम्मति कार्य (लं–1.200 कि0मी0)<br>(iv)तिलैया डैम पी0डब्लयू0डी पथ से तितरचांच पिंडरा भाया छोटकी धमराय तक विशेष मरम्मति कार्य (लं–4.750 कि0मी0)<br>(v)एन0एच0 से पथलगढ़ा पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं–1.300 कि0मी0) | 13,45,61,000.00 | तेरह करोड़ पैंतालीस लाख इकसठ हजार रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–15.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–27.02.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, कोडरमा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–28.02.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–01.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक,राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,कोडरमा के पक्ष में एवं कोडरमामें भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 289301 Rural Work Department (22-23)_D



## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 254/2022-23/RWD/CHATRA दिनांक :- 04.02.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHATRA/14/ SRPKG-02/2022-23 | (i) आरा से आसानी होते हुए ओमरी (अहुरी) तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.500 कि0मी0)<br>(ii) बकचुमा पक्की सड़क से बिरहोर कॉलोनी होते हुए चारू से दुल्हा जिला परिषद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.125 कि0मी0)<br>(iii) बमने से डाढ़ा भाया पकरिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.000 कि0मी0)<br>(iv) धमनिया मोड़ से ग्राम कारी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.500 कि0मी0)<br>(v) धानगिरी से पोस्तिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.980 कि0मी0)<br>(vi) मोकतमा फॉरेस्ट डाक बंगला से ग्राम डहुरा भाया अकौना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.350 कि0मी0) | 10,10,95,700.00 | दस करोड़ दस लाख पनचानवे हजार सात सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ CHATRA/15/ SRPKG-03/2022-23 | (i) राजेश द्वार (सिमरिया एन0एच0–100) से पचफेरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.600 कि0मी0)<br>(ii) सबानो (रानीपोखर) से केन्दु भवानी मठ भाय मंगरदाहा पुल तक पथ का विशेष कार्य (लं– 8.200 कि0मी0)<br>(iii) चौथा से पत्थलकुदवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.000 कि0मी0)<br>(iv) तेतर मोड़ से डाड़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.700 कि0मी0) | 12,73,82,400.00 | बारह करोड़ तिहत्तर लाख बेरासी हजार चार सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **15.02.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **27.02.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चतरा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **28.02.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **01.03.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **चतरा** के पक्ष में एवं **चतरा** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.289291 Rural Work Department(22-23):D


# संथाल फतह का मंत्र दे गये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

*राज्य सरकार पर हमलावर रहे अमित शाह, कहा– वोट बैंक के लालच में यहां प्रवेश कराये जा रहे हैं घुसपैठिये, गृह मंत्री ने बाबा बैद्यनाथ से झारखंड में कमल खिलाने की फरियाद की*

### कार्यकर्ताओं को मिशन 24 के लिये तीर धनुष को ध्वस्त करने का दिया संदेश



**उदय चौहान**

**रांची।** भाजपा अब मिशन मोड में चुनावी तैयारी में जुट गयी है। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देवघर बाबा नगरी से संथाल परगना के फतह का मंत्र कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड की सरकार जनविरोधी व भ्रष्टाचार में लिप्त है। विजय संकल्प रैली में श्री शाह ने कहा कि वोट बैंक के लालच में राज्य सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसा रही है। घुसपैठिये आदिवासियों की जमीन हथिया रहे हैं। आदिवासी बच्चियों पर अत्याचार हो रहा है। गृह मंत्री ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। ये क्षेत्र साइबर क्राइम का हब बन गया है। केंद्र सरकार साइबर क्राइम से लड़ने के लिए जितनी भी मदद देनी चाही, राज्य सरकार उदासीन बनी रही। उन्होंने कहा कि पीएम नमो के नेतृत्व में गरीब, आदिवासी और पिछड़ों के हित को हमेशा वरीयता दी गयी है। मोदी जी के कारण आजादी के बाद पहली बार एक गरीब आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनी है। यह हर गरीब का सम्मान है। हर आदिवासी का सम्मान है। उन्होंने चुनौती देते हुये कहा कि 2024 के चुनाव में महागठबंधन की सरकार धूल-धूसरित हो जायेगी। झारखंड में राजग की प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी।

राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि कोल्हान के बाद अमित शाह के देवघर दौरे से भाजपाईयों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने हर बूथ के मैनेजमेंट का फॉर्मूला भी कार्यकर्ताओं को बताया। उन्होंने कहा कि बाबानगरी से झामुमो का तीर-धनुष की बर्बादी की कहानी शुरू होगी। अब एक और साल तक हम गरीबों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करवायेंगे। लोकसभा के चुनाव में सभी 14 सीटों को भाजपा की झोली में लाने की बात कही। कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह संथाल की भूमि आजादी का इतिहास लिखने वाली धरती है। बाबा भोलेनाथ की धरती है। इफ्को की तरफ से नैनो यूरिया कारखाने की सौगात देवघर को मिली है। उन्होंने आम जनता को उग्रवाद व नक्सलवाद से झारखंड को मुक्त कराने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की।

श्री शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को महागठबंधन सरकार की 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति व ओबीसी आरक्षण बढ़ाने पर होशियार किया। उन्होंने कहा कि झामुमोनीत सरकार स्थानीयता को लेकर भ्रमजाल फैला रही है। उन्होंने पार्टी के बड़े रणनीतिकार गरीब और आदिवासी वोट बैंक को साधने की बात समझायी। अमित शाह ने झारखंड पहुंच कर झामुमोनीत सरकार पर सर्वाधिक हमला बोला। वह जानते हैं कि 2024 में सत्ता में वापसी का रास्ता झामुमो का किला ध्वस्त करने से ही निकलेगा।

# बूढ़ा पहाड़ की बदलती बयार योजनाएं लेकर पहुंची हेमन्त सरकार

**₹100 करोड़ के बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (BPDP) की हुई शुरुआत**



## दशकों से योजनाओं से वंचित बूढ़ा पहाड़ के टेहरी, खपरी महुआ, हेसातु, बहेराटोली, तुमेरा, तुरेर समेत अन्य गांव के 11 हजार से अधिक लोगों को मिला लाभ

**इन प्रमुख योजनाओं का मिला लाभ:-**

- सर्वजन पेंशन योजना
- आवास योजना
- राशन कार्ड
- अंत्योदय राशन कार्ड
- जॉब कार्ड
- ई-श्रम कार्ड
- मनरेगा जॉब कार्ड
- दीदी बाड़ी योजना
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना
- बिरसा आवास योजना
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना

## बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (BPDP) की खास बातें:-

- योजना के तहत गढ़वा जिले के टेहरी पंचायत के 11 गांव तथा लातेहार जिले के अक्सी पंचायत के 11 गांव का संपूर्ण विकास किया जाएगा
- इन गांवों में आधारभूत संरचना तथा सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, सिंचाई सुविधा एवं खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे
- दुर्गम बूढ़ा क्षेत्र के झाऊल डेरा में 25 KV और हेसातु, बहेराटोली, तुमेरा, खपरी महुआ, तुरेर, पोलपोल गांव को सौर विद्युतीकरण के तहत 5-5 KV का विद्युत आपूर्ति हेतु निर्माण कार्य शुरु




### बदलाव की कहानियां



मुझे बोलेरो वाहन के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ मिला। अब जल्द मेरे पास अपना वाहन होगा। मुझे तो यकीन नहीं था कि सरकार से इतनी जल्दी मदद मिलेगी।

- विंको टोप्पो, टेहरी

मुख्यमंत्री के आने के बाद मुझे सरकार की कई योजनाओं का लाभ मिला। सबसे अच्छा लगा कि मुझे बकरी पालन हेतु बकरियां मिली और पशुशेड भी स्वीकृत हुआ। मेरी पत्नी गुड़िया देवी को भी योजना का लाभ मिला है।



- मंगन किसान, तुरेर



बहु-बेटे की मृत्यु के बाद चार पोते -पोतियों की जिम्मेवारी वृद्धावस्था में हम पर आ गई। लेकिन सरकार ने हमारी बातों को सुना जिससे अब बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रतिमाह 6,000 रुपए मिल रहा है। हमें वृद्धा पेंशन भी मिलने लगा है।

- धीरन बिरजिया, तुमेरा

मेरे पति अब जीवित नहीं हैं। सरकार द्वारा दिए गए योजना से मुझे अब पेंशन, आवास की स्वीकृति, राशन कार्ड, जॉब कार्ड मिला। अब अपने बच्चे का पालन ठीक से कर सकूंगी।



- मयंती मिंज, टेहरी

PRNO 289338( IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# तंबाकू और अल्कोहल कैंसर का प्रमुख कारण : डॉ पांडेय

## बीएयू किसान मेला में कैंसर जागरूकता पर व्याख्यान आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** कांके स्थित नवस्थापित कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ कर्नल मदन मोहन पांडेय ने कहा कि तम्बाकू व अल्कोहल का सेवन कैंसर का प्रमुख कारक है। श्री पांडेय शनिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रोटेक किसान मेला में कैंसर जागरूकता व्याख्यान देते हुए यह बातें कही। खैनी, जर्दा, गुल, गुड़ाकू आदि तंबाकू उत्पादों का सेवन करने वाले लोगों में कैंसर होने की संभावना ज्यादा रहती है। उन्हें मुंह, गला, फेफड़ा का कैंसर हो सकता है। भारत में 100 में से 30-40 लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं। मैदा उत्पाद का सेवन, भोजन में रेशा की कमी, मोटापा, इंफेक्शन, अल्कोहल और नॉनवेज का सेवन और प्रदूषण भी कैंसर के प्रमुख कारकों में से हैं। लगातार अल्कोहल सेवन से मुंह, ब्रेस्ट, लिवर का कैंसर होने की संभावना रहती है। अध्ययन के अनुसार यूरोप में प्रति एक लाख की आबादी में 300 लोग कैंसर से ग्रस्त हो जाते हैं जबकि भारत में प्रति लाख कैंसर पीड़ितों की संख्या एक सौ से कुछ अधिक है।

उन्होंने कहा कि रेशायुक्त पोषक अनाज, फल एवं सब्जी के पर्याप्त सेवन तथा तंबाकू, अल्कोहल एवं प्रदूषण से बचने से कैंसर की संभावना न्यूनतम की जा सकती है। उन्होंने कैंसर के विकास के विभिन्न चरणों, पहचान तथा उपचार प्रक्रिया पर प्रकाश डाला और कहा कि इसके प्रारंभिक लक्षण दिखते ही मरीज को गंभीरता से लेना चाहिए। स्त्रियों में ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर तथा पुरुषों में फेफड़ों और कोलोन का कैंसर ज्यादा होता है। द्वितीय चरण के कैंसर को भी एक हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। तृतीय चरण में जब कैंसर के सेल्स फेफड़ा, लिवर एवं ब्रेन में फैल जाते हैं तब इस रोग से पूर्ण मुक्ति संभव नहीं हो पाती है।

डॉ पांडेय ने कहा कि ब्रेस्ट में अगर गांठ मालूम पड़े किसी तरह का स्राव या रक्त निकलने लगे, मुंह में छाला बहुत दिनों से बना रहे, पूरा मुंह खोलने में दिक्कत हो, पीरियड्स के बीच या मोनोपॉज के बाद भी ब्लड आये तो सचेत हो जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांके स्थित कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में विश्वस्तरीय मेडिकल सुविधायें सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम की दर पर उपलब्ध है। रेडियोथेरेपी के लिए यहां झारखंड-बिहार की आधुनिकतम मशीन उपलब्ध है।

# नामकुम के बड़ाम में डालसा का विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम

- इस कार्यक्रम के तहत अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने दी पीड़ित मुआवजा की जानकारी
- 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत पर की गयी फोकस

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के द्वारा नामकोम प्रखंड के बड़ाम क्षेत्र के मॉडर्न स्कूल एवं कदम टोली गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता, राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी तारा मिंज, जसिंता टोप्पो, लता कुमारी, मुन्नी देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा। डालसा, रांची के अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। डालसा के पीएलवी लता कुमारी व जसिंता टोप्पो के द्वारा उपस्थित लोगों को प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी गयी।

तारा मिंज व मुन्नी देवी ने आगामी 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए फोकस किया जा रहा है। डालसा सचिव ने प्रखंड व पंचायत में जाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश सभी कार्यरत पीएलवी को दिये है।

# हॉस्पिटल में डायफ्रैग्मेटिक हॉर्निया से पीड़ित मरीज का सफल ऑपरेशन




- होपवेल हॉस्पिटल के डायरेक्टर लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ शहबाज आलम ने मरीज मनोज का किया सफल ऑपरेशन
- ऑपरेशन के बाद मनोज अब बिल्कुल स्वस्थ हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के कर्बला चौक स्थित अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त होपवेल हॉस्पिटल में लेप्रोस्कोपिक जीआई सर्जन डॉ शहबाज आलम ने डायफ्रैग्मेटिक हर्निया से पीड़ित हजारीबाग निवासी मनोज कुमार (26 वर्ष) की सफल लेप्रोस्किोपिक सर्जरी की। होपवेल हॉस्पिटल के लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ शहबाज आलम ने मनोज कुमार के इस डायफ्रैग्मेटिक हर्निया जिसे बॉक डेलिक हर्निया भी कहा जाता है को एक जटिल रोग बताया। डॉ आलम ने इस सफल ऑपरेशन की जानकारी देते हुए प्रेस को बताया कि झारखंड इस प्रकार का कम्प्लीकेटेड केस पहली बार उनके पास आया। डॉ आलम ने तुरंत लैप्रोस्कोपिक सर्जरी का निर्णय लिया और अपनी टीम के साथ उसका लैप्रोस्कोपिक सर्जरी सफलतापूर्वक की। जिसके कारण मनोज पूरी तरह स्वस्थ हो गया है।

# अदालत का काम केवल न्याय नहीं, कल्याण करना भी : न्यायायुक्त

पोक्सो, किशोर न्याय अधिनियम और बच्चों के पुनर्वास को लेकर मल्टी स्टेक कंसलटेशन का जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व पुलिस प्रशासन रांची के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर रांची में पोक्सो, किशोर न्याय अधिनियम और बच्चों के पुर्नवास से संबंधित योजनाओं को लेकर मल्टी स्टेक होल्डर कंसलटेशन का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायायुक्त ए.के. राय, उपायुक्त, राहुल सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर, विशेष जज, पोक्सो, मो. आरिफ इकबाल, निदेशक रिनपास, प्रतिनिधि रिम्स व सदर, डीसीपीओ, वेद प्रकाश, एसीजेएम, के.के मिश्रा, सचिव राकेश रंजन, आई.टी.डी.ए. निदेशक, आर बेड़ा, निबंधक अशोक कुमार, डिपुटी एस.पी. प्रवीण कुमार, जेल अधीक्षक, हामिद अख्तर, पी.पी., ए.पी.पी. डी.एस.डब्ल्यू.ओ. ने किया।

न्यायायुक्त श्री ए.के. राय ने पोक्सो पीड़ित बच्चों के पुर्नवास में लिगल प्रोसेस पर जोर देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही मीडिया को भी अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही उन्होंने कहा कि न्यायालय का कार्य न केवल न्याय करना है बल्कि लोगों का कल्याण भी करना है। उन्होंने पोक्सो के मामलों में चिकित्सक व पुलिस पदाधिकारियों के भूमिका पर अहम चर्चा की।

उपायुक्त राहुल सिन्हा ने कहा कि पोक्सो के अन्तर्गत बच्चों के विरुद्ध लैंगिक अपराध एक बहुत ही गंभीर अपराध है। जिसकी सजा काफी गंभीर है तथा इस बावत पुलिस विभाग भी व्यापक प्रचार-प्रसार कर रही है तथा उन्होंने पीड़ित बच्चों के काउंसिलिंग और पुनर्वास पर जोर दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्ष 2012 में पोक्सो एक्ट लागू किया गया। जिसमें पहली बार सेमिनार हुआ है। यह बहुत जरूरी थी। उन्होंने कहा कि पोक्सो के तहत आरोप पत्र 60 दिन में गठित होना चाहिए लेट से करने से अभियुक्त को लाभ मिल जाता है। वहीं कार्यशाला में लैंगिक अपराधों के जांच के दौरान पुलिस तथा डॉक्टर की भूमिका, पीड़ित प्रतिकार बच्चों के लिए उपयुक्त तथा हितैषी कानूनी प्रकिया, पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए विभिन्न प्रकार की सरकारी कल्याणकारी योजनाएं जैसे शिशु वात्सल्य, सहयोग, आत्मनिर्भरता जैसे योजनाएं मनोरोग चिकित्सकों का मदद, अधिनियम के प्रावधान तथा राष्ट्रीय विषय में विस्तृत चर्चा हुई।

## खबर एक नजर में

### झारखंड की आद्या बुधिया एचसीएल इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश की चैंपियन बनीं



**रांची।** दिल्ली में एसीएल 12वीं इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश का आयोजन 30 जनवरी से 3 फरवरी 2023 तक किया गया था। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, इंडिया गेट में हुए इस इवेंट में झारखंड की टीम ने भी पार्टिसिपेट किया था। क्रास कोर्ट स्क्वैश झारखंड की आद्या बुधिया एचसीएल इंडियन जूनियर ओपन चैंपियन बनी। वहीं झारखंड की टीम में ब्रिया शर्मा, बॉयज में वेदान्त अग्रवाल और अद्वित तनेजा भी थे। इस टूनार्मेंट में कई देशों के स्क्वैश प्लेयर्स भी शामिल हुए थे। कोच पुनीत पारीक और नीलेश ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। क्रास कोर्ट स्क्वैश की स्वेता बुधिया ने आद्या की जीत पर बधाई दी। साथ ही कहा कि क्रॉस कोर्ट के प्लेयर्स आगे भी टूनार्मेंट में अपना बेस्ट परफॉरमेंस जारी रखेंगे।

### कांके एवं तमाड़ अंचल क्षेत्र में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण को स्वीकृति



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कांके एवं तमाड़ अंचल क्षेत्र में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के लिए अंतर्विभागीय निःशुल्क भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव की स्वीकृति दे दी है। कांके अंचल अंतर्गत मौजा-संग्रामपुर, थाना संख्या-86, प्लॉट संख्या-761, रकबा-0.06 एकड़ गैरमजरुआ मालिक परती कदीम भूमि को स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के लिए अंतर्विभागीय निःशुल्क भू-हस्तांतरण के लिए चिन्हित किया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कांके अंचल अंतर्गत 50 बेड वाले आयुष हॉस्पिटल निर्माण के लिए अन्तर्विभागीय निःशुल्क भू-हस्तांतरण प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। कांके अंचल अंतर्गत मौजा-कदमा, थाना सं०-155, खाता सं०- 55, प्लॉट सं०- 580, रकबा-01 एकड़ गैरमजरुआ मालिक किस्म मेंटल हॉस्पिटल भूमि को स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है।

### गुरु रविदास महाराज के 646 वर्षगाठ पर फेरी निकाली गयी



**रांची।** आज संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज के 646 वर्षगाठ के उपलक्ष में संत शिरोमणी गुरु रविदास आश्रम सेवा समिती झारखंड प्रदेश के पहल पर डोरंडा रविदास मोहल्ला से सुबह 6.30 सुबह प्रभात फेरी निकला गया। इस कार्यक्रम में भजन कीर्तन एवम गुरु महाराज का जयकारा के साथ सहर का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे, एवम काफी संख्या में लोगो ने भाग लिया। इन लोगों अच्छी भूमिका रही,अरूण राम, अशोक कुमार रवि, राम बिहारी राम, रणबीर राम, कंतू राज रवि, मनोज राम, मुना राम, दुखहरण राम, बलदेव राम,माला देवी, सुनीता देवी, किरण देवी,एंद्रानि देवी, रामपति देवी, यशोदा देवी, पूजा देवी, गीता देवी, मीना देवी, रेबू, मनीषा देवी व अन्य।

### श्री सालासर हनुमान मंदिर में भोग वितरण



**रांची।** अपर बाजार स्थित मारवाडी ब्राह्मण भवन के प्रांगण में शनिवार को श्री सालासर हनुमान मंदिर में भोग लगाकर एक हजार श्रद्धालुओं के बीच उसका वितरण किया गया। कोमल पोद्दार ने परिवार सहित प्रभु के दरबार में ज्योति प्रज्वलित कर पूजन किया और भोग लगाकर भोग वितरण में अपनी सेवा दी। भोग में खिचड़ी का प्रसाद बनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मचंद शर्मा, नाथमल शर्मा, राहुल शर्मा, कमल शर्मा, महेंद्र शर्मा, गुलाब शर्मा व मारवाडी ब्राशण सभा के अध्यक्ष श्री रमेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा व अन्य सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

### एचसीजी अब्दुल रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने मनाया विश्व कैंसर दिवस



**रांची।** एचसीजी अब्दुल रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल की ओर से 4 फरवरी शनिवार को विश्व कैंसर दिवस मनाया। इस अवसर पर फिरायालाल चौक से चर्च रोड तक 2 किमी मीटर का वॉकथॉन आयोजन किया गया। वॉकथॉन में अस्पताल के कर्मचारी, कॉलेज के छात्रों और कैंसर से बचे लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। जागरूकता की इस पहल के साथ एचसीजी ने कैंसर से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए उत्साहजनक हाथ बढ़ाया। इस मौके पर चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मेहर खत्री ने कहा कि एचसीजी अब्दुल रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल हेयर डोनेशन और वॉकथॉन अवेयरनेस कैंपेन कर रहा है जिसका मकसद लोगों के बीच जागरूकता लाना है ताकि लोग बीमारियों का जल्द पता लगा पाए और समय रहते इलाज करा पाए। रीजनल बिजनेस हेड ने कहा कि एचसीजी के हेयर डोनेशन अभियान का उद्देश्य कैंसर रोगियों का उत्साह बढ़ाना और उनके आत्मसम्मान को बढ़ाना है जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को बाल दान प्रेरित करने और कैंसर सेनानियों को सशक्त बनाने के लिए आगे आना उल्लेखनीय है। एचसीजी कैंसर देखभाल के देखभाल का एक समर्पित केंद्र है।

# सर्वधर्म समभाव की सोच कांग्रेस की प्राथमिकता : कुमार राजा

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा ने नवनियुक्त प्रखंड प्रभारियों एवं अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वधर्म समभाव की सोच कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथिमिकता हमेशा से रही है। नफरत के बुनियाद पर राजनीति कर देश के अखंडता और संप्रभुता पर चोट करने के खिलाफ आनेवाले दिनों में कांग्रेस पार्टी की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाते हुए, साम्प्रयदिक शक्तियों को नेस्तनाबूद करना है। कुमार राजा शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित रांची महानगर कांग्रेस कमिटी में नवनियुक्त प्रखंड प्रभारी एवं प्रखंड अध्यक्षों बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद इस कार्यक्रम को समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक पहुँचाना हमारा मुख्य काम है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची महानगर कांग्रेस के जिला प्रभारी जवाहर मेहता ने कहा कि राज्य गठन के बाद से ही भाजपा ने झारखंड को चारागाह बना कर छोड़ दिया है। कांग्रेस गठबंधन की सरकार राज्यहित में जो निर्णय ले रही है, उससे भी इन्हें दिक्कत है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं का आइ्ान करते हुए कहा कि हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम व्यापक स्तर पर करके हम ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ते हुए देश को मजबूत करने काम करे। बैठक का संचालन महानगर महासचिव सह कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र त्रिवेदी ने किया।

बैठक में राजकुमार नागवंशी, प्रिंस भट्ट, अर्चना मिर्धा, फ्रांसिस तिर्की, गजेंद्र सिंह, दीपू सिन्हा, कृष्णकांत शुक्ल, महेन्द्र मिश्रा, राजीव रंजन प्रसाद, तारिक मोजीबी, जकी अहमद खां, दिलीप कुमार सिंह, सूरज वर्मा, रंजन यादव, राजूराम लोहरा, अनिल उराँव, सुधीर कुमार राय, चमन रजक, इजहार खान, प्रिंस सिंह, सुदीप उराँव, श्रवण कुमार, विजय कुमार, जॉय चक्रवर्ती, अभिषेक गौरव, राजेश कुमार वर्मा, प्रवीण अग्रवाल, जगरनाथ साहू, कन्हैया महतो, दीपू सिन्हा, फ्रांसिस तिर्की, सुरेंन राम, शिवा कच्छप सहित काफी संख्या में महानगर एवं प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में मना विश्व कैंसर दिवस




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में शनिवार को विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पम्पा सेन विश्वास ने कहा कि कैंसर जैसी बीमारी से हम तभी बच सकते हैं, जब हम हमारा जीवन शैली में परिवर्तन लायेंगे। प्रतिदिन योगासन करना, शुद्ध भोजन करना, शुद्ध वातावरण में रहना सत्संग करना चाहिए। प्राचार्य डॉ दुर्गा लाल शर्मा ने कहा की गुटखा, तंबाकू, सिगरेट के जगह यदि हम गिलोय, आंवला, एलोवेरा आदि का प्रयोग करें तो ज्यादा अच्छा होगा। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने पर हम निरोग रह सकते हैं। कैंसर जैसी बीमारी से भी तो जा सकते हैं।

नागपुरी के प्रोफेसर डॉ सुखदेव साहू ने कहा कि साफ सफाई खानपान अगर सही करते हैं तो मन स्वस्थ रहता है। तन स्वस्थ रहता है और इससे वातावरण स्वास्थ्य वर्धक होता है। मौके पर प्रो शहनाज, डॉ बोनिता दिवाकर, रवि कुमार, प्रोफेसर पीयूष कुमार, डॉ मनोज कुमार और डॉ उमा देवी इत्यादि प्रोफेसर उपस्थित थे।

## शपथ पत्र

मैं, निखत शाह आलम पति शाहनवाज आलम, निवास स्थान-जुगनू मंजिल आजाद हिन्द नगर, हरमू कब्रिस्तान के पास, हरमू, डोरंडा, रांची, जिला-रांची, झारखंड-834002 की रहनेवाली हूं। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि नीचे लिखी गयी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है-

1. यह है कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं।
2. यह कि मेरा आधार नंबर-2890 2484 4490 है।
3. यह कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम निखत शाह आलम दर्ज है।
4. यह कि मेरी सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम निखत बानो दर्ज है।
5. यह कि मैं अपनी शादी से पूर्व निखत बानो के नाम से जानी जाती थी एवं शादी के पहले के सभी कागजातों में मेरा नाम निखत बानो दर्ज है और शादी के बाद से मैं निखत शाह आलम के नाम से जानी जाती हूं।
6. यह कि आज की तारीख के बाद से मैं अपना सारा कार्य निखत शाह आलम के नाम से संपादित करूंगी।
7. यह कि उपरोक्त बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

यह शपथ पत्र ref No.347 दिनांक 31.01.2023 ई. को रांची में संपन्न हुआ। उपरोक्त शपथकर्त्ता जिनकी पहचान अधिवक्ता, रांची ने किया और शपथकर्त्ता के ब्यान को सत्य पाया। नोटरी पब्लिक, रांची।

# विद्यार्थियों ने एरो शॉप कौशल केंद्र का किया औद्योगिक भ्रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जयपाल सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय अलौंदी खूंटी के कक्षा 9वी से लेकर के 12वीं तक की छात्राओं को शनिवार को औद्योगिक भ्रमण के तहत खूंटी स्थित एरो शॉप कौशल केंद्र में ले जाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीना सुमन एक्का के देखरेख में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में व्यवसायिक शिक्षक प्रीतम कुमार चौधरी एवं सरिता नाग शिक्षिका सुरक्षित वाहनों के द्वारा छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया।

इस भ्रमण में सभी छात्र-छात्राओं उत्साहपूर्वक रुचि के साथ यह जाना कि सिलाई मशीन की देखरेख कैसे की जाती है। सिलाई का मशीन काम कैसे किया जाता है । इस सिलाई मशीन को चलाया कैसे जाता है और आगे अपने भविष्य में कैसे हाई एजुकेशन की जाए और अपने जीवन में कैसे उसे आगे बढ़ाया जाए आदि की जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण में स्कूल के सारे शिक्षक उपस्थित थे। संजय कुमार साहू,अनिल कुमार सुमंतो, तपस सर, असेयानी मैम, प्रीतम कुमार चौधरी, सरिता नाग माधुरी, नीरज कुमार साहू उपस्थित थे।

# सभी दिव्यांगजनों को सर्वजन पेंशन योजना का मिलेगा लाभ : उपायुक्त

दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआइडी कार्ड निर्गत करने के लिए कैम्प आयोजित करने का निदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिला सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत शत प्रतिशत दिव्यांगजनों को आच्छादित करने के लिए प्रखण्डवार छूटे हुए सभी दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआइडी कार्ड निर्गत करने के लिए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सिविल सर्जन, रांची को तिथिवार कैम्प आयोजित करने का निदेश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा दिव्यांगता कैम्प के लिए प्रखण्डवार तिथि का निर्धारण करते हुए इसकी सूचना अविलम्ब उपलब्ध कराने को कहा गया है।

सर्वजन पेंशन योजना अन्तर्गत 5 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्ति को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत होने की स्थिति में योजना का लाभ दिया जाता है। उपायुक्त द्वारा 5 वर्ष से अधिक आयु के सभी दिव्यांग व्यक्तियों को नियमानुसार सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित करने के लिए प्रखंडवार कैम्प आयोजित करने का निदेश दिया गया है। रांची जिला में मतदाता सूची के आलोक में 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 27359 है जिसके सापेक्षिक कुल 17139 दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से आच्छादित किया जा चुका है। वर्तमान में कुल 10220 दिव्यांग मतदाता सर्वजन पेंशन योजना से वंचित हैं। उपायुक्त द्वारा सभी दिव्यांग व्यक्ति जो सर्वजन पेंशन योजना की अर्हत्ता रखते हों, साथ ही सभी दिव्यांगजनों का कैम्प आयोजित कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र / यूडीआइडी कार्ड निर्गत करने का निदेश दिया गया है। जिला के सभी सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी, काँके, शहर हेहल, बड़गाँई, अरगोड़ा, नगड़ी, नामकुम एवं बुण्डू को संबंधित प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कैम्प का आयोजन करना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है ताकि शत-प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके। उपायुक्त द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची को सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, राँची जिला को सर्वजन पेंशन योजना से वंचित दिव्यांगजनों को चिन्हित करने एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए आयोजित होने वाले कैम्प में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए निदेशित करना सुनिश्चित को कहा गया है।

# चाईबासा आईईडी ब्लास्ट में जख्मी जवान एम्स रेफर

**राजधानी में बना था ग्रीन कॉरिडोर, 10 मिनट में एंबुलेंस ने पहुंचाया बिरसा मुंडा एयरपोर्ट**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चाईबासा में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में जख्मी सीआरपीएफ जवान राकेश पाठक को बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर कर दिया गया है। राकेश पाठक मेडिका अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें पेट में स्पिलंटर लगा हुआ था। शुक्रवार को जवान की तबीयत खराब होने लगी तो शनिवार को ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचाया गया, जहां से उन्हें एम्स रेफर किया गया।

**पेट से निकला था स्पिलंटर :** गुरूवार को चाईबासा में हुए ब्लास्ट में सीआरपीएफ के तीन जवान जख्मी हो गए थे। जख्मी जवानों में पंकज कुमार यादव, राकेश कुमार पाठक और बीडी अनल शामिल थे। तीनों को बेहतर इलाज के लिए चाईबासा से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था। मेडिका अस्पताल में पेट में स्पिलंटर घुसने की वजह से ऑपरेट कर बाहर निकाला गया था।

### बनाया गया ग्रीन कॉरिडोर

दिल्ली भेजने के फैसले के बाद आनन-फानन में रांची पुलिस के द्वारा मेडिका अस्पताल से लेकर रांची एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण किया गया। मात्र दस मिनट के भीतर ही ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण करा कर जख्मी जवान को रांची एयरपोर्ट पहुंचा दिया गया। जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस के माध्यम से दिल्ली एम्स भेज दिया गया।

**देशभर के कई राज्यों के चित्रकारों की पेंटिंग की प्रर्दशनी लगी**

# ऑड्रे हाउस में चित्रकला प्रदर्शनी शुरू, छह फरवरी तक चलेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से जनजातीय कलाकारों को अपनी बहुआयामी प्रतिभा को दुनिया के समाने लाने का मौका मिल रहा है। इसी कड़ी में डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के द्वारा देश भर के जनजातियों चित्रकारों को एक जगह एक मंच पर लाने के उद्देश्य से द्वितीय जनजातीय एवं लोक चित्रकार शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन 4 फरवरी से आड्रे हाउस में शुरू हुआ है, जो 6 फरवरी तक चलेगा।



डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक रणेन्द्र कुमार ने कहा कि रामगढ़ जिले के पतरातु में 28 जनवरी से 3 फरवरी तक द्वितीय जनजातीय एवं लोक चित्रकार शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में देशभर के विभिन्न राज्यों के परंपरागत चित्रकारों ने भाग लिया और अपनी चित्रकला के माध्यम से अनेकता में एकता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि इस जनजातीय और लोक चित्रकार शिविर में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, असम और त्रिपुरा के चित्रकारों ने भी भाग लिया। इसके अलावे आचार्य शांति निकेतन, पश्चिम बंगाल, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय एवं अन्य विश्वविद्यालयों में चित्रकला का अध्यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चित्रों की प्रदर्शनी 4 फरवरी से 6 फरवरी तक ऑड्रे हाउस की लगाई गयी है। केरल से लेकर लद्दाख, गुजरात से नागालैंड तक के 70 से अधिक जनजातीय और लोक चित्रकारों ने इस 7 दिवसीय शिविर में भाग लिया। इस प्रदर्शनी में भगवान बिरसा मुंडा की चित्रकला सीरीज लगायी गयी है। खाद्य सचिव हिमानी पांडे ने कलाकारों का हौसला की।

# ईडी के अधिकारी को कंसलटेंसी निदेशक ने दी धमकी, प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जनशक्ति आउटसोर्स कंपनी चलाने वाले बीके हाईटेक कंसलटेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विक्रम कुमार पांडेय पर प्रर्वतन निदेशालय ने एयरपोर्ट थाने में धमकी देने संबंधि प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी शुक्रवार को ही दर्ज कराई गई है।

**ये है मामला :** जानकारी के मुताबिक, ईडी ने इस कंपनी से कुछ मैनपावर हायर किया था। कंपनी ने 16 लोगों को ईडी के रांची जोनल ऑफिस के लिए आउटसोर्स किया था। ईडी कंपनी को उनके वेतन और किराए पर ली गई आउटसोर्सेज कंपनी के कर्मियों की पीएफ राशि सहमति के अनुसार भुगतान कर रही थी। ईडी हर कर्मचारी को औसतन 16 हजार रूपए दे रही थी लेकिन, कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी ने उनके पीएफ का पैसा जमा नहीं किया, इसकी लिखित शिकायत कई बार ईडी से भी की गई। पीड़ितों की ओर से लिखित शिकायत मिलने पर ईडी ने हस्तक्षेप किया तो सरकारी ई-मार्केटप्लेस को कंपनी के गलत कार्यों के बारे में जानकारी दी। गर्वनमेंट ई-मार्केट प्लेस ने बीके हाईटेक कंस्लटेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैकलिस्टेड कर दिया। जब कंपनी के मालिक को पता चला कि उनकी कंपनी को ब्लैकलिस्टेड कर दिया है, तब कंपनी के निदेशक ने ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी को देख लेने की धमकी दी। धमकी के बाद ईडी के वरिष्ठ अधिकारी ने कंपनी के निदेशक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।

**महोत्सव का केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और अर्जुन मुंडा करेंगे उदघाटन**

# मोटिवेशन के लिए सांसद खेल महोत्सव का हो रहा: संजय सेठ

**17 से 19 फरवरी तक रांची के खेलगांव में होगा सासंद खेल महोत्सव का आयोजन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि 17, 18 और 19 फरवरी को होटवार में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। सांसद शनिवार को होटवार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उदघाटन केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी व अर्जुन मुंडा करेंगे। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन व प्रमोशन के लिए सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों के ठहरने और प्रतियोगिता आयोजित करने से संबंधित स्थानों का निर्धारण कर लिया गया है। उन्होंने खेलगांव परिसर को निः शुल्क उपलब्ध कराने के लिए झारखंड सरकार के कला, संस्कृति और खेलकूद मंत्री हाफिजुल हसन के प्रति आभार जताया है। इस महोत्सव में अब तक 1750 प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों से 3,000 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 5 फरवरी से बढ़ाकर 10 फरवरी कर दी गयी है। उन्होंने जानकारी दी कि विभिन्न खेलों में प्रतिभागी के रूप में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। जबकि विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय खेल राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक उदघाटन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। मौके पर सांसद खेल महोत्सव के संयोजक अजय मारू, संदीप वर्मा, मधुकांत पाठक, शिवेंद्र दुबे, आदित्य सिंह, चंचल भट्टाचार्य, एनके डे, प्रवीण सिंह, प्रभाकर कुमार वर्मा, एसडी सिंह, चंद्रकांत रायपत, रमेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## दंडित अधिकारी का सरकार ने प्रमोशन लिया वापस

**रांची।** राज्य सरकार ने एडीएम बनने के दूसरे दिन ही 2 फरवरी को सरकार ने झाप्रसे अधिकारी सुधीर कुमार दास का प्रमोशन वापस ले लिया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। सुधीर कुमार दास चतरा जिला के सिमरिया के अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर ही अब रहेंगे। दरअसल, राज्य सरकार ने दो फरवरी को झारखंड प्रशासनिक सेवा से अनुमंडल पदाधिकारी स्तर के 64 अधिकारियों को अपर समाहर्ता एवं समकक्ष कोटि में प्रमोशन दिया था। इनमें चतरा के सिमरिया एसडीओ सुधीर कुमार दास भी शामिल थे। लेकिन ठीक दूसरे दिन ही कार्मिक विभाग को यह बात संज्ञान में आया कि इनका प्रमोशन गलत हो गया।

**कई अधिकारी जांच के घेरे में भी**

राप्रसे से जिन 63 अधिकारियों को प्रोन्नति दी गयी है, उनमें कई पर जांच चल रही है। इन अधिकारियों पर सीबीआई जांच भी चल रही है। गलत तरीके से नियुक्ति का आरोप है।

# बजट सत्र की तैयारी में जुटी राज्य सरकार राज्यपाल का अभिभाषण हो रहा है तैयार

**सभी विभागों से योजनाओं की मांगी गई जानकारी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र की तैयारी में राज्य सरकार जुट गयी है। 27 फरवरी से बजट सत्र आहुत होने की संभावना है। तीन मार्च को बजट पेश किया जायेगा। बजट सत्र लगभग एक माह चलेगा। ऐसे में पंचम विधानसभा के एकादश बजट सत्र के लिए राज्य सरकार की ओर से तैयारी तेज है। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव ने भी इस संबंध में बजट को लेकर संगोष्ठी में भाग लिया ओर सुझावों को भी आमंत्रित किया है।

इधर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग और वित्त विभाग भी बजट की तैयारी में जुटा हुआ है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने सभी विभागों को पत्र लिखा है और कहा कि विधानसभा का बजट सत्र जल्द होने की संभावना है ऐसे में सत्र की शुरूआत में राज्यपाल के अभिभाषण के लिए अपने विभाग की उपलब्धियों,नयी योजनाओं,कार्यक्रमों की जानकारी दें। विभाग ने आठ फरवरी तक संसदीय कार्य प्रभाग को पूरी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण तैयार किया जा सके।

**खर्चों पर मांगी गयी रिपोर्ट :** इधर, वित्त विभाग झारखंड ने भी बजट सत्र की तैयारी तेज कर दी है। अगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सभी विभागों को बजटीय प्रावधान मांगा गया है। आउटकम बजट तैयार करके देने को कहा गया है। दूसरी तरफ मुख्य सचिव झारखंड सुखदेव सिंह ने भी 8 फरवरी को सभी विभागों की बैठक बुलायी है। इस बैठक में 2022-23 के बजटीय प्रावधान से 31 जनवरी 2023 तक कितना व्यय हुआ इसकी समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर भी होगी। वित्त विभाग ने सभी विभागों से इस वित्त वर्ष में किए गये कार्यों पर पूरी रिपोर्ट मांगी है।

**खबर एक नजर में**

## राहे सीओ का हमलावर बालू तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** राहे सीओ पर हमला करनेवाले बालू माफिया को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे जमशेदपुर से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बालू माफिया यशवंत कुमार पर आरोप है कि उसने बुधवार को राहे सीओ को हाईवा से कुचलने का प्रयास किया। हालांकि, सीओ इस हमले में बाल-बाल बच गए थे। जानकारी के मुताबिक, राहे सीओ अपनी टीम के साथ अवैध बालू उत्खनन मामले में जांच कर रहे थे। जांच करने के क्रम में बालू से लदे एक हाईवा को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन हाईवा सीओ को कुचलने का प्रयास किया।

## 699 पुलिसकर्मी को एएसआई में प्रमोशन

**रांची।** झारखंड पुलिस के 699 साक्षर आरक्षी और हवलदार को एएसआई पद पर प्रोन्नति मिली है इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा प्रमोशन वाले पुलिसकर्मियों की सूची जारी कर दी है। पुलिस मुख्यालय के आदेश में कहा गया है कि साक्षर आरक्षी और हवलदार से एएसआई रैंक में प्रमोशन का निर्णय केंद्रीय चयन पर्षद से प्राप्त मनोनयन के आधार पर 3 जनवरी से लेकर 5 जनवरी तक संपन्न केंद्रीय चयन परिषद की बैठक में लिया गया है।

## तारा शाहदेव मामले में पुलिस की हुई गवाही

**रांची।** नेशनल शूटर तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न के मामले में शनिवार को सीबीआई के विशेष न्यायधीश पीके शर्मा की अदालत में गवाही दर्ज की गई। मामले में सीबीआई की ओर से मामले के अनुसंधानकर्ता तत्कालीन एडिशनल एसपी सीमा पाहुजा की गवाही हुई। गवाही के दौरान रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से गवाह का प्रति परीक्षण किया गया। इस दौरान आरोपी मुश्ताक अहमद भी उपस्थित थे। मामले में अबतक 27 गवाहों को प्रस्तुत किया गया है। अदालत ने मामले मे अगली गवाही की तारीख 23 एवं 24 फरवरी निर्धारित की है।

## प्रधान नियुक्त करने के मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** एक ही परिवार के लोगों को जनजातीय इलाके में प्रधान नियुक्त करने के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। इस याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद तीन जजों की फुल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश सिंह, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा व जस्टिस एके चौधरी की अदालत में हुई। याचिका दायर करने वाले अलुमनी हांसदा का कहना है कि जनजातीय इलाकों में प्रधान एक ही परिवार के लोग बनते हैं, जो कि गलत है। प्रधान की नियुक्ति के लिए ग्रामीणों की सहमति जरूरी है, लेकिन ग्रामीणों की अनुमति लिये बिना ही एक ही परिवार के लोग प्रधान नियुक्त किए जा रहे हैं। सरकार की ओर से कहा गया कि नियमों के अनुसार ही एक ही परिवार के सदस्य को प्रधान नियुक्त किया जाता है। इसके लिए ग्रामीणों से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

## वाम लोकतांत्रिक शक्तियों की भूमिका पर परिचर्चा आज

**रांची।** मौजूदा दौर में फासीवाद की चुनौतियां और वाम लोकतांत्रिक शक्तियों की भूमिका पर आज महेंद्र सिंह भवन, रांची में परिचर्चा आयोजित हो रही है। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि यह परिचर्चा माले के 11वें पार्टी महाधिवेशन के परिप्रेक्ष्य में किया जा रहा है। मालूम हो कि भाकपा माले 15 से 20 फरवरी तक पटना में अपने अधिवेशन के अवसर पर भाजपा विरोधी ताकतों को संगठित एकता की कोशिश में भी लगी हुई है।

## मेघनाथ को जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान



**रांची।** नागपुरी गायक और गीतकार मेघनाथ ओहदार को जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान दिया गया। मेघनाथ ओहदार नागपुरी के अच्छे कवि हैं। कर्रा निवासी मेघनाथ नागपुरी के विलुप्त होते शब्दों को बचाने के लिए प्रयासरत हैं। मशाल गीत कविता पुस्तक सहित इनकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हैं और अभी पांच पुस्तकों का प्रकाशन होना बाकी है।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की चिंतन बैठक आज

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को मंडल मसीहा शरद यादव की श्रद्धांजलि सभा और ओबीसी समुदाय के प्रमुख मुद्दों को लेकर राज्य स्तरीय आंदोलन को लेकर एक दिवसीय चिंतन बैठक धुर्वा स्थित वाईवीएन पब्लिक स्कूल में रांची होगी। प्रदेश महासचिव अजय मेहता ने कहा कि राज्य सरकार शहरी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने, मंडल कमीशन की सभी अनुशंसा लागू करने, देश और राज्य में जातीय जनगणना कराने, ओबीसी समुदाय में क्रीमी लेयर के प्रावधानों को हटाने, सरकारी पदों पर अनुबंध, आउटसोर्सिंग व लेटरल एंट्री की व्यवस्था समाप्त करने, ओबीसी को प्रमोशन में आरक्षण के लिए संविधान में संशोधन करने, ओबीसी समुदाय को लोकसभा राज्यसभा विधानसभा एवं विधान परिषद में प्रतिनिधित्व की व्यवस्था करने, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने, ओबीसी समुदाय के लिए बजट में जनसंख्या अनुपात मे रकम का प्रावधान करने आदि विषय पर गंभीर चिंतन मंथन होगी।

## आईएएपीआई एक्सपो 2023 का आयोजन मार्च में

**रांची।** आईएएपीआई एक्सपो 2023 भारत के अम्यूजमेंट, लीजर और एंटरटेनमेट इंडस्ट्री की विशेष व्यापारिक प्रदर्शनी के 21वें संस्करण का आयोजन इस साल मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में करने की तैयारियां पूरी हो गई है। यह प्रदर्शनी 1 से 3 मार्च 2023 तक आयोजित होगी। इसमें इस इंडस्ट्री से जुड़ी सभी प्रमुख भारतीय कंपनियों और ब्रैंड्स को विभिन्न वर्गों के सामने अपने नए प्रॉडक्ट्स, ऑफर और तकनीक के प्रदर्शन का मौका मिलेगा। इस तीन-दिवसीय प्रदर्शनी को सूक्ष्मो, लघु एवं मझोले उपक्रम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत सरकार का सहयोग प्राप्त है। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं मध्य प्रदेश पर्यटन एक्सपो के प्रतिष्ठित पार्टनर स्टेट हैं।

# बीएयू के एग्रोटेक किसान मेला में महिला कृषक संगोष्ठी आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे एग्रोटेक किसान मेला के दूसरे दिन शनिवार को महिला कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कृषि और संबद्ध विषयों की महिला विशेषज्ञों तथा जनप्रतिनिधियों ने कृषक महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सशक्तीकरण पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि पूर्व मेयर रमा खलखो ने कहा कि झारखंड और अन्य पहाड़ी, पठारी राज्यों में कृषि और पशुपालन संबंधी अधिकांश कार्य महिलाएं करती हैं। इसलिए ऐसी तकनीक और कृषि उपकरण विकसित किये जायें जिससे अपेक्षाकृत कम समय और मेहनत में ही खेती बारी संबंधी उनका कार्य हो जाये। कोरोना काल में भी महिलाओं ने अपने जीवन और स्वास्थ्य की परवाह किये बगैर खेतों में मेहनत कर अन्न, फल और सब्जी की कोई कमी नहीं होने दी। उन्होंने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की योजनाओं से लाभ उठाने की अपील महिला कृषकों से की।

विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि राज्य के 80 प्रतिशत किसानों के पास एक-डेढ़ एकड़ से अधिक जमीन नहीं है। उनकी परिस्थिति के अनुसार कृषि तकनीकों की अनुशंसा की जानी चाहिए।

बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। कृषि, पशुपालन, डेयरी, वानिकी, बागवानी, मात्स्यिकी और कृषि अभियंत्रण में सबसे सस्ती पढ़ाई बीएयू में है।

**केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह पहुंचे रांची**

# अमृत काल के बजट की गिनायी खूबियां, कहा- बजट के जरिये वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करेगा भारत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने भरोसा जताया है कि आने वाले 25 वर्षों में भारत वर्ल्ड इकोनॉमी के मामले में दुनिया की अगुवाई करेगा। डॉ सिंह शनिवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमृत काल का बजट आम गरीब, किसान, महिला, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक समेत सभी वर्गों को ध्यान में रख कर बनाया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा बजट में हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता है। करीब आठ साल पहले पीएम मोदीजी ने इस देश के इकोनॉमी की जिस तरह से नींव रखी है, उसी के कारण कोरोना त्रासदी से जूझने के बावजूद यह देश मजबूती से आगे बढ़ता रहा है। भारत आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। इंगलैंड की इकोनॉमी से बड़ी अर्थव्यवस्था हमारे देश की है।




उन्होंने कहा कि दुनिया भर में कोरोना आपदा आने के बाद 50-60 लाख की मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देशों की हालत विकट हो गयी पर भारत की इकोनॉमी आगे बढ़ती रही। पूरी दुनिया की नजर कोरोना काल में भारत की अर्थव्यवस्था पर थी।आशावाद की किरण भारत में दिखी है। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने हर वर्ग की चिंता की है। मोदीजी ने हर वर्ग के आकांक्षा को पूरा करने का माद्दा दिखाया है। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में 11 करोड़ से अधिक घरों में शौचालय बने। वहीं 2 करोड़ से अधिक पीएम आवास बन गये। पीएम नमो ने देश में नयी राजनीतिक और कार्य संस्कृति विकसित की है।

उन्होंने कहा कि अब नयी कर व्यवस्था के तहत 7 लाख रुपये तक की सालाना आय टैक्स फ्री हो चुकी है। समावेशी विकास, अंतिम मील तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास सहित कई विशेषताएं बजट में हैं।

मौके पर पार्टी प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सहित अन्य भी मौजूद थे।

# झारखण्ड में कृषि शुल्क किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं : चैंबर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखण्ड विधानसभा से पारित झारखण्ड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 को राज्यपाल द्वारा सहमति दिये जाने के उपरांत से राज्य के सभी जिलों के खाद्यान्न व्यापारियों, कृषकों एवं राइस मिलर्स के बीच बन रही असमंजसता की स्थिति को देखते हुए आज झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में पंडरा के व्यापारियों की संयुक्त बैठक चैंबर भवन में हुई। विधेयक का विरोध करते हुए व्यापारियों ने एकमत से कहा कि झारखण्ड में भ्रष्टाचार को बढावा देनेवाला कृषि शुल्क किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस मसले को लेकर झारखण्ड चैंबर आंदोलन की घोषणा करे, राज्य के व्यापारी झारखण्ड चैंबर के साथ हैं।

बैठक में व्यापारियों की भावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि बुधवार, 8 फरवरी को चैंबर भवन, रांची में एक राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन कर, इस विधेयक के विरोध में आगे की रणनीति पर सामूहिक निर्णय लिये जायेंगे। राज्यस्तरीय बैठक में राज्य के सभी जिलों के खाद्यान्न व्यापारी, कृषि मंडी के व्यापारी, राइस मिलर्स, फ्लॉवर मिलर्स, कृषक, सभी जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अलावा कई व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे।

विधेयक पर नराजगी जताते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि विधानसभा से इस विधेयक के पारित होने के बाद हमने इस विधेयक को वापस लेने के लिए स्थानीय स्तर से लेकर, नई दिल्ली में पार्टी के शीर्ष स्तर तक के नेताओं से वार्ता की। राज्यपाल और कृषि मंत्री से भी हमें साकारात्मक आश्वासन मिला किंतु दुखद है कि झारखण्ड में अनियमितताओं को बढावा देने के लिए इस विधेयक को प्रभावी करने की दिशा में पहल आरंभ की जा चुकी है, जिसका हम विरोध करते हैं। हम नहीं चाहते थे कि व्यापारी अपना काम छोडकर, विरोध के लिए सडकों पर आयें, किंतु हमें विवश होकर यह रास्ता अख्यितार करना पड रहा है।

रांची चैंबर, पंडरा के अध्यक्ष संजय माहुरी ने कहा कि इस विधेयक के प्रभावी होने के बाद खाद्यान्न व्यापारियों के अलावा मत्स्य पालन, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, बागवानी करनेवाले सभी लोग दायरे में आयेंगे जिसका प्रभाव शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों पर पडेगा। राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार के नियमों का हवाला देते हुए इस शुल्क को प्रभावी किया जा रहा है किंतु केंद्र सरकार के एक्ट में राज्य की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए इसे लागू करने की बात कही गई है। ऐसे में जब झारखण्ड पठारी क्षेत्र है और यहां अधिकांश वस्तुएं अन्य राज्यों से आयातित होती हैं, तब किस आधार पर इस शुल्क को प्रभावी किया जा रहा है। झारखण्ड का एक भी कृषक ई-नाम योजना से लाभान्वित नहीं हो रहा है किंतु राज्यपाल को भी वरीय अधिकारी इस योजना के नाम पर भ्रमित कर रहे हैं। स्पष्ट है कि यह शुल्क कुछ गिने-चुने अधिकारियों के हित के लिए लाया जा रहा है जिससे राज्य में उपभोक्ता वस्तुएं महंगी होंगी।

बैठक में उपस्थित चैंबर के पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, पवन शर्मा ने भी इस विधेयक की विसंगतियों पर चिंता जताते हुए फेडरेशन को आंदोलन की दिशा में अग्रसर होने की सलाह दी।

बैठक में चैंबर के उपाध्यक्ष अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकास विजयवर्गीय, सदस्य विवेक अग्रवाल, पंडरा के व्यापारी रोहित कुमार, अभिषेक अग्रवाल, अशोक मंगल, अनिल शर्मा, संजीव चैधरी, मनोज छापडिया, महेंद्र जैन, संजीव सर्राफ, शंभू साहू, राजेश सोमानी, समीर गुप्ता, अभय अग्रवाल, विक्रम गुप्ता, कौषिक बदानी, संदीप खेतान, विजय परशुरमपुरिया, अभय भदानी, राम साहू, राजीव कुमार, रोबिन गुप्ता, बिजेंद्र प्रसाद, रितेष जैन के अलावा कई खाद्यान्न व्यापारी और राइस मिलर्स थे।

समय संवाद

श्रीहनुमान जी ने वह सारी कथा कह सुनाई, जिसमें प्रभु ने वानरों पर कृपा की थी– क्या खूब कथा थी, जिसमें न कोई संगीत था, न कोई प्रसाद ही बँटा। और न ही कथा व्यास का कोई सम्मान किया गया। उल्टे कथा व्यास पर संशय ही किया गया, कि भई तुम तो एक वानर हो। और तुम कह रहे हो, कि प्रभु ने वानर जाति वालों का संग किया? सीधे शब्दों में कहें, तो श्रीहनुमान जी को सीधे–सीधे बँदर कहा जा रहा है। लेकिन हमारे कथा व्यास कितने महान हैं, कि बुरा ही नहीं मान रहे। उल्टे वे तो पूरे तन मन व पूर्ण आस्था से, प्रभु की कथा सुना रहे हैं। कथा व्यास का ऐसा समर्पण।

# सीता का हनुमान जी पर अविश्वास

**आनंदमय किशोर**

श्रीहनुमान जी कितने कठिन परिश्रम से तो वे माता सीता जी के समीप पहुँच पाये थे। और यहाँ आकर क्या देखने को मिलता है, कि माता सीता जी तो उन पर विश्वास ही नहीं कर पा रही हैं, कि वे श्रीराम जी के दूत हैं, अथवा रावण के कोई भेदिये। संसारिक स्तर पर उतर कर देखें, तो माता सीता जी का, श्रीहनुमंत लाल जी के प्रति ऐसा व्यवहार, किसी का भी हौंसला तोड़ने के लिए पर्याप्त है। श्रीहनुमान जी कह भी तो सकते थे, लो करलो बात! इधर तो खून पसीना एक हो गया। और आप हैं, कि इतना कह कर ही काम चला दिया, कि आपको तो हम पर विश्वास ही नहीं। हम जैसा कोई और होता, तो कह देता, कि ठीक है भई, आपको हमारी आवश्यकता नहीं, तो ये लो, हम तो चले अपने घर की ओर वापिस। सच मानिए, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। श्रीहनुमान जी तो उलटे स्वयं को ही दोषी मान रहे थे। कारण कि उनका मानना था, कि वे ही श्रीराम जी के पावन संदेश को सही से प्रेषित नहीं कर पाये। वे माँ जानकी जी के मन की अवस्था को भलीभाँति समझ रहे हैं। उन्हें पता है, कि इतनी प्रताड़ना व कुरुरता के पश्चात तो कोई भी अपने प्राण त्याग दे। भला कोई किस हद तक सहेगा। माता सीता ने तो इस हद तक सह लिया है, कि वह हद भी, अपने दर्द की हद को विस्मरण कर गई होगी। श्रीहनुमान जी जानते हैं, कि यह समय स्वयं के किसी उलाहनों को साधने का नहीं। अपितु श्रीसीता जी के दुख को कम कर, उन्हें श्रीराम जी के पावन संदेश से आनंदित करने का है। भला एक वानर और नर का मिलन कैसे हो सकता है? तब श्रीहनुमान जी ने वह सारी कथा कह सुनाई, जिसमें प्रभु ने वानरों पर कृपा की थी-क्या खूब कथा थी, जिसमें न कोई संगीत था, न कोई प्रसाद ही बँटा। और न ही कथा व्यास का कोई सम्मान किया गया।



उल्टे कथा व्यास पर संशय ही किया गया, कि भई तुम तो एक वानर हो। और तुम कह रहे हो, कि प्रभु ने वानर जाति वालों का संग किया? सीधे शब्दों में कहें, तो श्रीहनुमान जी को सीधे-सीधे बँदर कहा जा रहा है। लेकिन हमारे कथा व्यास कितने महान हैं, कि बुरा ही नहीं मान रहे। उल्टे वे तो पूरे तन मन व पूर्ण आस्था से, प्रभु की कथा सुना रहे हैं। कथा व्यास का ऐसा समर्पण, जब कथा में देखने को आया, तो देखिए, कथा का प्रभाव भी उच्च कोटि का हुआ। माता सीता जी को श्रीहनुमान जी पर भरोसा हो उठा-

**कपि के बचन सप्रेम सुनि उपजा मन बिस्वास।**
**जाना मन क्रमबचन यह कृपासिंधु कर दास।।**

श्रीसीता जी ने जब जाना, कि श्रीहनुमान जी वास्तव में ही प्रभु के सच्चे सेवक हैं। तो उनके हृदय में, श्रीहनुमान जी को लेकर अत्यंत प्रेम उमड़ने लगा। श्रीराम जी को वे अपने आस पास ही महसूस करने लगी। उन्हें तो श्रीहनुमान जी के होने का प्रभाव यूँ लगा, कि मानों वे स्वयं विरह सागर में पूर्णतः डूब रही हैं, और श्रीहनुमान जी साक्षात जहाज बन कर वहाँ प्रकट हो गये-

**हरि जानि प्रीति अति गाढ़ी।**
**सजल नयन तुलकावलि बाढ़ी। बूडत बिरह जलधि हनुमाना।** जब से श्रीसीता जी, श्रीराम जी से विलग हुई थी, तब से आज तक, कोई ऐसा मिला ही नहीं था, जिससे वे प्रभु की कोई कथा कहा पाती, अथवा सुन पाती।

प्रभु की कथा सुन, माता सीता जी को मानों, यूँ लग रहा है, कि आज मैं अपने सारे गिले-शिकवों का बोझ उतार दूँ। कम से कम मैं प्रभु तक, श्रीहनुमान जी के माध्यम से अपनी व्यथा तो पहुँचा दूँ। माता सीता जी, प्रभु श्रीराम जी को लेकर, कभी कोई बात आरम्भ कर देती हैं, तो कभी कोई। उनकी जिहवा तो एक है, लेकिन कहने के लिए प्रसंग, कोई एक नहीं, अपितु असंख्य हैं। कोई एक भी प्रसंग को वे पूर्णतः नहीं कह पाती।

# राम से बड़ा राम का नाम

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**राम** और राम के नाम के सूक्ष्म अंतर को समझने की आवश्यकता है। गोस्वामी तुलसीदास ने राम से राम के नाम के महत्व को बड़ा बताया है। एक राम थे जो दशरथ के पुत्र थे, धनुष तोड़ने, ऋषियों एवं तपस्वीयों को राक्षसों से बचाने, बक्सर आकर ताड़का का वध करने, रावण का नाश, वनवाश जैसे सांसारिक कार्यो को किया। लेकिन राम से बड़ा राम का नाम की जो बात होती है वह नाम मुनि वशिष्ठ से लेकर आज तक लोगों का उद्धार कर रहा है। यह नाम गुरु से प्राप्त होता है। इसके लिए राम जैसी पात्रता का होना आवश्यक है। सेवा और चिंतन से ही इस ओर बढ़ा जा सकता है। चिंतन जिस प्रकार का होता है उसी प्रकार की पात्रता विकसित हो जाती है। व्यवहार जगत में मृत्यु तक यह पीछा करती है। जिससे ज्यादा प्रेम होता है उसी को अंतिम समय में आदमी खोजता है। उसको पहचानता है और उसी के प्रेम में जीवन त्यागता है। प्रेम का मार्ग सबसे अच्छा है लेकिन प्रेम किससे किया जाए? जड़ भरत की प्रसिद्ध कथा है कि जीवन में जप,तप और साधना करते रहे लेकिन मृत्यु के समय उनका ध्यान एक मृग में अटक गया। सन्यास पाकर भी सांसारिक जगत में परीक्षण के बाद ही आपको सामाजिक स्वीकृति मिलती है। इसलिये गोपियों ने उद्धव से सवाल किया था कि ब्रंम्ह को जान लिया लेकिन प्रेम को समझा क्या? कृष्ण ने प्रेम को समझा और जगतगुरू बने। समाज को छोड़कर कुछ नहीं हो सकता है। राम और कृष्ण समाज में रहकर ही सामाजिक अवस्थाओं के बीच ही उच्च पद प्राप्त किया। प्रेम और



सेवा के बारे में उन्होंने कहा कि स्त्रीयों में यह कूट-कूट कर भरा होता है। वे अपने आप को पति के नाम में समर्पित कर देती है। उन्हें उनके पति के नाम से पहचाना जाता है। अपने पूरे परिवार को त्याग देती है जो उन्हें जन्म से युवावस्था तक पालता पोषता है। यह त्याग का बड़ा उदाहरण है।

ब्रंह्म विद्यालय और आश्रम 18 वी सदी के मध्य से अब तक तत्व ज्ञान पर आधारित सन्यास की परम्परा को आगे बढ़ा रहा है जिसे परमहंस दयाल जी ने छपरा, बिहार से टेरी, अब पाकिस्तान में है वहां तक का विस्तार कराया। उस समय आश्रम में आठ हजार सन्यासी थे। यह राम कृष्ण परमहंस के लगभग समकालिन थे। परमहंस जी के गुरु तोतापुरे थे। इसके बाद स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ की कलकता में स्थापना की। ब्रंह्म विद्यालय गढ़वा घाट वाराणसी के विस्तार के बाद स्वामी शिवधर्मानंद जी के प्रबल प्रयास से बक्सर के छोटका राजपुर गांव में विस्तार पाया। भक्ति, गुरु आश्रम की सबसे बड़ी सेवा है। युवा वस्था में ही भक्ति पर विशेष जोर देते हुये स्वामी जी ने कहा की जीर्ण शरीर से कुछ भी संभव नहीं है मुक्ति भी नहीं हो सकती है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार)

# प्रसिद्ध है पुष्कर का ब्रह्मा मंदिर



पुष्कर की हर गली-कूचे में मानो प्रकृति और अध्यात्म समाया है। सुंदर वास्तुशिल्प विरासत और इसका दिलचस्प इतिहास पुष्कर को बहुत खास बनाता है। पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए यहां पुष्कर झील, ब्रह्मा मंदिर, सावित्री मंदिर, वराह मंदिर, रंगजी मंदिर, मन महल और दर्जनों दर्शनीय स्थल हैं, जिन्हें बार-बार देखकर भी मन नहीं भरता। राजस्थान के अजमेर जिले में अरावली रेंज के बीच बसा पुष्कर भारत के सबसे प्राचीन शहरों व तीर्थों में से एक है। यहां सबसे प्रसिद्ध है ब्रह्मा मंदिर। यह झील के लिए भी प्रसिद्ध है, जिसमें 52 घाट हैं। इस पवित्र झील का पानी अपने घाटों पर स्थित 400 मंदिरों से गूंजते मंत्रों और भजनों के साथ घूमता हुआ सा लगता है।

पहाड़ियों से घिरा पुष्कर, भक्तों और पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय गंतव्य है। संस्कृत में, पुष्कर का अर्थ है नीले रंग का दिव्य कमल। पुष्कर में छोटी-बड़ी 108 पहाड़ियों का सौंदर्य, बरसात में किसी इंद्र लोक सा मनभावन हो जाता है, जब यहां सैकड़ों पहाड़ी झरने फूट पड़ते हैं। पर्वत श्रृंखला नाग पहाड़, चार-पांच किलोमीटर दूर से भी दमकता हुआ नजर आता है। प्राणि विज्ञान पर रिसर्च करने वालों का यहां तांता लगा रहता है। पुष्कर में पहाड़ी पर रोप-वे की सुविधा भी है। पहाड़ी पर बने सावित्री माता मंदिर तक इस रोप-वे से आवागमन होता है ।विराट मेला :

पुष्कर में प्रवेश करते ही साज सज्जा और बाजार मन मोह लेता है। पुष्कर आकर ऐसा लगता है कि कोई विराट पर्यटन मेला लगा हुआ है, जो अनंत काल तक चलता रहेगा। यहां कलाकृतियों के बाजार हैं, योग शिविर हैं। पारसी, यूनानी, जैन, ईसाई सहित कई धर्मों के पावन स्थल और ध्यान केंद्र बाजार से ही दिखाई देते हैं। परंपरागत खान-पान, परिधान, वाद्ययंत्रों, लकड़ी के नक्काशीदार सामान की दुकानें सुबह से रात तक जगमगाती हैं। व्यावसायिकता के बावजूद यह शहर अपने परंपरागत स्वाद और आकर्षण को बरकरार रखता है। पुष्कर का सबसे बड़ा आकर्षण ह्यपुष्कर मेलाह्ल है, जो दीपावली के बाद लगता है।

# जिंदगी एक मजाक ही तो है



**ओशो**

**जब** धर्म और हास्य मिलते हैं, जब ध्यान हंसता है और हंसना ध्यान बन जाता है, तब चमत्कार घटता है–चमत्कारों का चमत्कार। लेकिन वह ऐसा केवल कहते नहीं थे। इसे मुमकिन भी किया था। दो विपरीत का मिलन, ओशो के यहां सहजता से हो गया था। धर्म और हास्य रजनीशपुरम में गलबहियां किए रहते। और अपने-आप में यह छोटा-मोटा चमत्कार ही था क्योंकि ओशो उन चंद लोगों में थे, जिन्हें धर्म के हंसमुख पक्ष की पहचान थी। ह्यूमर के असर का अंदाजा था।

वह मानते थे कि सदियों से धर्म के क्षेत्र में कथित गंभीर और उदास प्रवृत्ति के लोग ही प्रभावी रहे हैं। इन्होंने हंसी को चर्च, मस्जिद और मंदिरों से बेदखल किए रखा। जिस दिन हंसी ऐसी जगहों पर पहुंच जाएगी, ये जगहें सही मायनों में पवित्र कहलाएंगी। वह अपने प्रवचनों में इसी बाबत गूढ़ से गूढ़ बात हल्के-फुल्के अंदाज में कहा करते थे। उनकी कामना सहज, सरल और सबके लिए पच जाने लायक विचारों का पकवान परोसने की थी।

सेंस ऑफ ह्यूमर को इंसान की बुनियादी जरूरत बताते हुए ओशो ने कहा था, इसी से कोई शख्स संपूर्ण बनता है। यह सेंस ऑफ ह्यूमर है, जो हमें सेहतमंद, युवा और तरोताजा बनाए रखता है ।ह्ल इस सिलसिले में अपने अनुयायियों के बीच दिया गया उनका एक प्रवचन बहुत मशहूर हुआ।

इसका नाम है, माय होल लाइफ इज फुल ऑफ जोक्स। इसमें उन्होंने कहा है कि बुद्ध की जगतप्रसिद्ध सीख ह्यअप्प दीपो भवः की बजाय ह्यअपना मजाक खुद बनाओह्ल पर अमल करना ज़्यादा आनंददायी है। जलते दीप का क्या करोगे? सिगार जलाओगे या दूसरों का घर !उनका साफ मानना था कि अपने आपको गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं। इसके लिए नजीर भी वह खुद की ही पेश किया करते थे। अपने जीवन को मजाक का गुलदस्ता बताकर। ह्यूमर कितना कूट-कूट कर भरा था ओशो में, यह हमें मुल्ला नसरूद्दीन के प्रति उनके प्रेम से पता चलता है।

ओशो कहते, मैंने मुल्ला नसरूद्दीन से जितना प्रेम किया है, उतना किसी से नहीं किया होगा। धर्म और हास्य एक दूसरे की ओर पीठ किए हुए खड़े रहते थे। नसरूद्दीन ने उनके बीच का झगड़ा खत्म करवा दिया। मुल्ला बतौर पात्र ओशो की अपनी गढ़ी हुई कहानियों में भी खूब आवाजाही करते।

# आनंद की सीमा



**रविरंजन**

**एक** बार पाब्लो नेरूदा सुख के सिद्धांत पर व्याख्यान दे रहे थे। वे कह रहे थे कि ह्यधरती पर शायद ही कोई ऐसा विरला मानव हो, जिसे सुख पसंद नहीं। कदाचित मानव के सभी संघर्षों की जड़ में यही सुख है। सुख को लेकर सबकी अपनी-अपनी परिभाषा और शर्त है, हो सकती है या हो भी क्यों नहीं! यह सुनकर एक श्रोता ने सवाल किया, नेरूदा जी, महोदय, मैंने आपकी बात मान ली है कि सुख को लेकर सबकी अपनी-अपनी कविता और बिम्ब हो सकते हैं, लेकिन सुख का सर्वोत्तम रूप क्या हो सकता है? पाब्लो नेरूदा ने कहा - मेरे पास, मेरे घर की दीवार पर एक पेंटिंग बनी हुई है, जिसमें एक आदमी अपने कमरे में अलाव के पास आराम से कुर्सी पर बैठा हुआ है। वह कोई पसंदीदा किताब पढ़ रहा है। उसके मुंह में सिगार है। कुर्सी के अगल-बगल दो झबरे कुत्ते बैठे हुए हैं, और वह आनंद से किताब पढ़े जा रहा है..। आगे नेरूदा ने कहा, ह्यमित्र, सच कहूं तो यही मेरे लिए सुख का सर्वोत्तम बिम्ब है। इस घटना का जिक्र पाब्लो नेरूदा ने अपने संस्मरण में किया है।

महान भारतीय वैज्ञानिक डॉक्टर हरगोविंद खुराना को वर्ष 1968 में औषधि एवं शरीर क्रिया विज्ञान की उपलब्धियों के लिए नोबेल पुरस्कार से अलंकृत किया गया। उन्होंने अमेरिका में रहकर शोध कार्य किए तथा वहां की नागरिकता भी ग्रहण कर ली। कुछ वर्ष बाद वह भारत आए। दिल्ली में उनके मित्रों ने उनके सम्मान में भोज का आयोजन किया। उन्होंने मेज पर रखे पश्चिमी व्यंजनों को देखकर कहा, ह्यमैं अमेरिका में भी भारतीय व्यंजनों को ही पसंद करता हूं। बाजरे की रोटी और सरसों का साग मुझे आज भी बहुत पसंद है। आपने मेरे लिए उसकी व्यवस्था क्यों नहीं की?

एक मित्र उनसे अंग्रेजी में बातें करने लगे तो उन्होंने पंजाबी भाषा में कहा, ह्यअपने देश में भी विदेशी भाषा में बातें करने में आप लोग गर्व क्यों करते हैं? क्या हमारे देश में देशी भाषाओं का अभाव है?

खुराना ने एक संगोष्ठी में कहा, जो अपने देश की संस्कृति, उसकी परंपराओं, भाषा आदि को भुला देता है, वह एक प्रकार से मातृभूमि के प्रति अपराध करता है।

# कुंभ की चर्चा

इतिहास विशेषज्ञों ने कुम्भ पर्व की प्राचीनता को अनेक स्थानों पर प्रमाणित किया है। चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण (644 ई.) के अनुसार भारत के तत्कालीन चक्रवर्ती सम्राट हर्षवर्धन माघ मास में प्रयागराज में आयोजित पंचवर्षीय धर्मसभा में अपना सर्वस्व दान कर दिया करते थे। 9वीं सदी में आदिगुरु शंकराचार्य ने पुरी, द्वारका, श्रृंगेरी एवं बद्रीनाथ में चार मठों की स्थापना करने के पश्चात लोक कल्याण की दृष्टि से कुम्भ मेले की परंपरा शुरू की थी। तमाम लिपिबद्ध प्रमाणों के अनुसार मध्ययुग में कुम्भ पर्व अपने पूर्ण विकसित रूप में मौजूद था। इतिहासकार जदुनाथ सरकार के अनुसार 1234 ई. में नागा संन्यासियों ने कुम्भ के अवसर पर ही निर्णायक विजय प्राप्त की थी। ह्यएशियाटिक रिसर्चेजह्ल के छठवें खण्ड में कैप्टन टामस हॉर्डविक ने भी 1796 में हरिद्वार में आयोजित कुम्भ मेले का उल्लेख किया है। इससे पहले के ऐतिहासिक दस्तावेजों में 1398 में हरिद्वार के कुम्भ मेले का विवरण मिलता है, जिसमें विदेशी आक्रान्ता तैमूर लंग ने भारी लूटपाट की थी। चैतन्य महाप्रभु के जीवनवृत्त में भी कुम्भ महापर्व का उल्लेख मिलता है। 14वीं शताब्दी के विद्वान सरस्वती गंगाधर की मराठी पुस्तक गुरुचरित्र तथा नाशिक से प्राप्त एक ताम्रपत्र में नाशिक में आयोजित होने वाले कुम्भ महापर्व का विवरण मिलता है। मध्यकालीन इतिहास के विशेषज्ञ बताते हैं कि उन दिनों भारत के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों की संख्या में आस्थावान जन हरिद्वार प्रयाग, उज्जैन एवं नाशिक में आयोजित होने वाले कुम्भ मेलों में भाग लेते थे। आदि शंकराचार्य एवं समर्थ गुरु रामदास के कुम्भ पर्व में सम्मिलित होने के बारे में भी इतिहासकार सांकेतिक विवरण देते हैं। 1678 ई. में हरिद्वार महाकुम्भ पर्व पर विख्यात प्रणामी संत महामति प्राणनाथ ने विद्वानों से शास्त्रार्थ करके निष्कलंक बुद्ध की पदवी प्राप्त की थी। आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानंद ने भी महाकुम्भ के अवसर पर पाखण्ड खण्डिनी पताका फहराई थी। 1915 में हरिद्वार महाकुम्भ के अवसर पर स्वामी श्रद्धानन्द के साथ महात्मा गांधी भी सम्मिलित हुए थे।

# क्या योग के लिए धार्मिक होना जरूरी है?

**स्वामी मुक्तरथ**

योग एक व्यावहारिक और वैज्ञानिक पद्धति है, जो चरणबद्ध तरीके से हमारी चेतना जागृत करती है।' यह कहना है आध्यात्मिक गुरु और समाज सुधारक श्री एम का। श्री एम यानी श्री मधुकरनाथ। अपनी कि ताब 'योगा ऑल्सो फॉर द गॉडलेस' में वह लिखते हैं कि योगी होने के लिए ईश्वर में विश्वास होना जरूरी नहीं। योग में भगवान महत्वपूर्ण नहीं है।

यह कि ताब तीन हजार साल पहले ऋषि पतंजलि के योग दर्शन पर लिखे 'योग सूत्र' का अनुवाद है। योग शब्द भारतीय दर्शनशास्त्र के छह सबसे प्राचीन दर्शनों में से एक 'सांख्य' से निकला है। भारत के सबसे प्राचीन ऋषियों में से एक कपिल मुनि ने की थी सांख्यशास्त्र की रचना। यह कितना महत्वपूर्ण है इस बात से पता चलता है कि भगवद् गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'मुनियों में मैं कपिल हूं।'सांख्य का मतलब होता है नंबर या अंक। इसका एक अर्थ और है - वह चरणबद्ध तरीका जिससे दिमाग विकसित होता है। सांख्य दैवत्व से इनकार नहीं करता, लेकिन उसका मानना है कि सृष्टि की रचना करने वाले ईश्वर का अस्तित्व नहीं है। यह द्वैतवाद दर्शन है यानी शरीर और आत्मा में फर्क मानने वाला सिद्धांत। इसके मुताबिक, पुरुष चेतना है और प्रकृति जड़।



श्री एम कहते हैं कि सांख्य के मुताबिक, संपूर्ण विश्व तत्वों और रसायनों के क्रमपरिवर्तन और संयोजन से बना है। आज के वैज्ञानिक भी तो यही कहते हैं। हम सबमें पुरुष भी है और प्रकृति भी। प्रकृति के बंधन और उसके गुणों - तम, रज और सत्त्व से मुक्त होना ही सांख्य योग का लक्ष्य है। गीता का दूसरा अध्याय भी सांख्य योग के ही बारे में है।

योग दर्शन इस लक्ष्य को पाने का व्यावहारिक तरीका है, जिसे सांख्य योग केवल सैद्धांतिक रूप से समझाता है। यह ईश्वर की बात करता है लेकिन सृष्टि की रचना करने वाले के रूप में नहीं, बल्कि ज्ञान और चेतना के भंडार के रूप में। सांख्यशास्त्र की ही तरह योग भी यही कहता है कि हर इंसान के भीतर पुरुष है। मन-मस्तिष्क को शांत करना इसका लक्ष्य है, जिससे तम, रज और सत्त्व नामक तीन गुणों के प्रभाव को पूरी तरह खत्म किया जा सके।

मन साफ और शांत होने पर 'पुरुष' जागृत होता है और तब यह अहसास होता है कि पुरुष यानी चेतना ही ज्ञान और ईश्वर का रूप है। 'योग' का मतलब यह नहीं है कि आप सृष्टि की रचना करने वाले ईश्वर में विश्वास रखते हों। योग तो वह है जिसका अभ्यास कर नास्तिक भी अपनी चेतना जगा सके, ज्ञान प्राप्त कर सके।

योग की चरम अवस्था होती है कैवल्य, यानी आत्मज्ञान की अवस्था को तभी पाया जा सकता है जब प्रकृति के प्रभाव से खुद को मुक्त किया जा सके। इस अवस्था में पहुंचने पर योगी दुख और निराशा को एक ही भाव से देखता है। उसके मन पर इनका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। श्री एम कहते हैं कि किसी भी मनुष्य को इस अवस्था तक पहुंचाने में भगवान का नहीं, योग का हाथ होता है। बहुत से लोग सोच सकते हैं कि योग तो हिंदू संस्कृति से निकला है, लेकिन ईश्वर में यकीन न करके भी हिंदू हो सकते हैं।

योग का ज़िक्र कई भारतीय ग्रंथों में हुआ है। सबसे पहले कथा उपनिषद् में। भगवद् गीता और पतंजलि की 'योग सूत्र' में इसका ज़िक्र मिलता है। क्या इन ग्रंथों में को अलग-अलग तरह से परिभाषित किया गया है? क्या योग को देखने का सबका अलग नजरिया है?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# विवाह में रुकावट दूर करने के लिए करें ये उपाय

समाज

**मदन गुप्ता सपाटू**

विवाह में रुकावट के अनेक कारण हो सकते हैं। ज्योतिष के अनुसार, कुंडली में मांगलिक या कालसर्प दोष होना या सप्तम भाव का निर्बल होना जैसे कई बिंदु हो सकते हैं। ज्योतिष में बहुत से उपाय हैं जिन्हें करने से रुकावट दूर करने में मदद मिलती है। इसके अलावा कई बार वास्तु की भूमिका भी बहुत निर्णायक होती है। वास्तु के छोटे-छोटे उपाय भी ऐसी बाधाएं दूर करते हैं। घर का दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य) कोना विवाह में बाधा का सबसे बड़ा कारण बनता है। इस कोने में युवक-युवतियों का बेडरूम नहीं बनाना चाहिए।

उत्तर-पूर्वी दिशा में बने बेडरूम में भी उन्हें नहीं सोना चाहिए।



बेडरूम का दरवाजा दक्षिण-पश्चिम दिशा में खुलने वाला नहीं होना चाहिए।

घर के मध्य भाग में सीढ़ियां या कोई भी भारी सामान नहीं रखना चाहिए, इससे विवाह में बाधा आती है। घर के मुख्य द्वार के दोनों ओर कम से कम 10 फीट दूर तक कोई भी कंटीला पौधा, वृक्ष नहीं होना चाहिए।

युवक-युवतियों, खासकर लड़कियों का कमरा पश्चिमी दिशा में होना चाहिये, इससे विवाह कार्यों में बाधाएं नहीं आती। ऐसे कमरे में न सोएं जहां रोशनी और हवा कम आती हो। ऐसा कमरें में सोएं, जहां एक से ज्यादा दरवाजे या खिड़कियां हों। कमरे की दीवारों पर हल्का खुशनुमा रंग होना चाहिए। युवतियों के बेडशीट का रंग हल्का हो, जैसे हल्का गुलाबी।


युवक-युवतियों के कमरे में श्रीकृष्ण की तस्वीर या बांसुरी अवश्य लगानी चाहिए।

काले रंग से दूरी बना लें। यह रंग राहु, केतु और शनि का प्रतिनिधित्व करता है, जिससे काम में अड़चने आती हैं। काले के बजाय लाल, पीला, हरा रंग पहन सकते हैं। युवक-युवती को पीले रंग की चीजों का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए।

विवाह योग्य युवक, युवतियों के बेड के नीचे लोहे का सामान या किसी भी तरह का कूड़ा-कबाड़ न रखें। कमरे में कोई बड़ा बर्तन भी नहीं होना चाहिये।

रिश्ते के लिए मिलने जाने पर युवक और युवती को दक्षिण दिशा में मुख करके नहीं बैठना चाहिए। दक्षिण दिशा को मंगल कार्यों के लिए अशुभ माना गया है।

## महिलाओं के प्रति परम्परागत सोच और उसके परिणाम



# सरप्लस प्राथमिक शिक्षकों की सूची में कई त्रुटियां, आरजेडीइ ने दिया जांच का आदेश

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की शिकायत के बाद सूची पर रोक, मृत और सेवानिवृत्त शिक्षकों के भी डाले गए नाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** डीएसई ऑफिस हजारीबाग में सरप्लस प्राथमिक शिक्षकों की सूची में कई त्रुटियां पायी गई हैं. इसमें मृत और सेवानिवृत्त शिक्षकों के नाम का भी प्रकाशन कर दिया गया है। इस सूची में ऐसे भी कई शिक्षकों के नाम हैं, जो सेवानिवृत्ति के कगार पर हैं। इस आशय की शिकायत झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने आरजेडीई (क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा उपनिदेशक) से की थी। इस मामले में आरजेडीई सुमनलता टोपनो बलिहार ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए डीएसई को सूची प्रकाशन पर रोक लगाने का आदेश दिया है। साथ ही मामले में जांच कराने की बात कही है। इस सूची में वैसे शिक्षकों के नाम हैं, जिन्हें विभाग संबंधित विद्यालयों में सरप्लस(आवश्यकता से अधिक) मान रहा है। शिक्षकों का आकलन तीन तरह से छात्र अनुपात में किया गया है। 30, 35 और 40 के अनुपात में यह आकलन किया गया है। दरअसल विद्यालयों में 30, 35 या 40 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक रखा जाना है। ऐसे में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर शिक्षकों को रखा जाना है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां दूसरे स्कूलों के सरप्लस शिक्षकों का तबादला किया जा सके। संघ का कहना है कि जब सूची ही त्रुटियों से भरा पड़ा है, तो उसके अनुसार तबादला कैसे किया जा सकता है। यह भी कहा जा रहा है कि शिक्षकों के तबादले से कई स्कूल सरकारी शिक्षकविहीन हो जाएंगे। वहां सिर्फ पारा शिक्षक (अब सहायक अध्यापक) ही रह जाएंगे. सरकारी प्रावधान के मुताबिक हर स्कूल में कम से कम एक सरकारी शिक्षक का रहना अनिवार्य है। अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो यह राइट टू एजुकेशन एक्ट का उल्लंघन माना जाएगा। वहीं सेवानिवृत्ति के कगार पर शिक्षकों का तबादला भी नहीं किया जाना चाहिए। मानवीय संवेदनाओं के आधार पर सेवानिवृत्ति के कगार पर खड़े शिक्षकों को तबादले की सूची से हटा दिया जाना चाहिए।

### सूची में सुधार दी गई हैं त्रुटियां : डीएसई

डीएसई संतोष गुप्ता ने कहा कि सूची में त्रुटियां सुधार दी गई हैं। सरकार के आदेश से सूची बनाई गई है और उसे सरकार को ही भेजा गया है। बीइओ की गठित समिति ने शिक्षकों के नाम दिए। आपत्ति के लिए भी वक्त दिया गया था। जिले में करीब 220 सरप्लस शिक्षक पाए गए हैं। जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षक हों, इसलिए शिक्षकों का तबादला सरकार के आदेश पर किया जा रहा है।


संतोष गुप्ता

## स्पीड न्यूज

### एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने किया नामांकन

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रत्याशी अब नामांकन करने लगे हैं। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू-भाजपा में समझौता के बाद एनडीए मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है। यहां से एनडीए की प्रत्याशी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी बनायी गई हैं। शनिवार को सुनीता चौधरी पति चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ रजरप्पा पहुंची और माता छिन्नमस्तिके का आशीर्वाद लिया। वहां से वह अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ पहुंची। जहां उन्होंने उपचुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल किया।

### न्यू राधे होटल का हुआ शुभारंभ

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा में शनिवार को नये प्रतिष्ठान न्यू राधे होटल का उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष मनोज सिंह ने फीता काट कर किया। मौके पर होटल संचालक मेराज अंसारी और संतोष चौधरी ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में एक से बढ़कर एक लजीज भोजन, मिठाई और नास्ता की उत्तम व्यवस्था होगी।

### मंदिर के जीर्णोद्धार पर हुई चर्चा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा हनुमान मंदिर में शनिवार को श्रद्धालुओं की बैठक हुई। अध्यक्षता पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी व संचालन राजकुमार सिंह ने किया। बैठक में मंदिर के जीर्णोद्धार सहित साफ-सफाई, देख-रेख आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।

### चरण केवट अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं से मुलाकात की

**रजरप्पा।** रामगढ़ उपचुनाव में विकासशील इन्सान पार्टी (वीआईपी पार्टी) के प्रत्याशी चरण केवट शनिवार को दुलमी प्रखंड के कुल्ही, पोटमदगा आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं से मुलाकात की और अपने पक्ष में वोट देने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को खासकर आगे आकर अपने अच्छे भविष्य के लिए वोट जरूर करना चाहिए। मौके पर सुनिता देवी, सीता देवी, वीणा देवी, भगवती देवी, दुखी महतो, नेमचंद महतो, भूदल महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

### 15 को भाकपा माले का होगा महासम्मेलन

**भुरकुंडा ( रामगढ़)।** भाकपा माले की हुरूमगढा में शनिवार को बैठक का हुई। बैठक में आगामी 15 फरवरी को पटना में आयोजित महासम्मेलन सह रैली की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में कहा गया कि भाकपा माले केन्द्र सरकार के कॉरपोरेट लूट व जनता पर फांसीवादी हमला के खिलाफ आम जनता तक जन जागरण अभियान चलायेगा।

### पिता-पुत्र के साथ युवकों ने की मारपीट, युवक घायल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चपरासी क्वॉटर पटेलनगर में दो युवको ने स्थानीय रिक्शा चालक और उनके पुत्र के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक ने भुरकुंडा ओपी में मारपीट का मामला दर्ज कराया और न्याय की गुहार लगाई है।

### चोरों ने सैलून का दरवाजा तोड़कर की सामानों की चोरी

**कुजू।** अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर क्षेत्र के सीसीएल तोपा पुराना कांटा घर के समीप वीरेंद्र सैलून से चोरों ने शुक्रवार की रात कई सामान की चोरी कर ली। सैलून संचालक वीरेंद्र ठाकुर को घटना की जानकारी शनिवार की सुबह दुकान खोलने पर हुई। चोरों ने सैलून से सीलिंग फैन, लोहे की बेंच, ट्रिमर, कैंची आदि सामान की चोरी कर ली। ज्ञात हो कि तोपा में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है. जिसके कारण यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चोरों ने हाल के दिनो में रेस्ट हाउस के समक्ष स्थित राहुल इलेक्ट्रानिक्स का ताला तोड़कर चोरों ने दो एलईडी टीवी आदि सामान चुरा लिए थे।

## भाजयुमो की बैठक संपन्न लिया गया कई महत्वपूर्ण निर्णय


कार्यक्रम में शामिल लोग

**टाटीझरिया।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक बाबा बालक नाथ मंदिर टाटीझरिया में हुई । बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने सबंधी कई मुख्य बिंदुओ पर चर्चा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा पूनम साव, जिला युवा मोर्चा महामंत्री राजकरण पांडेय उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए पूनम साव ने कहा कि देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है और हम सब को इस पार्टी में रहने पर गर्व है। आगामी वर्ष चुनावी वर्ष है, हम सबों को अभी से ही इसकी तैयारी में लग जाना है। क्षेत्र में जाकर केंद्रीय बजट, मोदी सरकार के कार्यों का प्रचार करना होगा। महिला सम्मान के लिए किए गए कार्य, किसानों के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र सरकार के कार्यों और रघुबर दास की राज्य सरकार के क्रिया कलापों की चर्चा करें। जिला महामंत्री श्री पांडेय ने कहा कि कार्यकर्त्ता गांव की ओर जाएं और लगातार मतदाताओं से संपर्क में रहें। मौके पर टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख संग अध्यक्ष संतोष मंडल कृष्णा साव, दीपक कुमार, अरुण साव, जय शंकर पांडेय, महेश अग्रवाल, संदीप पाण्डेय, सत्यानंद पांडेय, ज्योतिष पंडा, पिंटु पांडेय, मनीष यादव, धनेश्वर शर्मा, बोधी महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

## विद्यालय की जमीन अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने दिया आंदोलन की चेतावनी

### अंचलाधिकारी को ज्ञापन देकर सीमांकन कराने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्रामीणों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलकोको की जमीन में दबंगों द्वारा अतिक्रमण करने ज विरुद्ध में धरना प्रदर्शन करने के संबंध में अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि मलकोंको विद्यालय के जमीन को जेतुना खातून पति ईसमाइल मियां दिन विद्यालय परिसर का अतिक्रमण कर रहा है। इस बात बाकी लिखित जानकारी अंचल अधिकारी बरही सहित बरही अनुमंडल अधिकारी, उपायुक्त हजारीबाग एवं वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला को भी दिया गया है। बताया कि विद्यालय परिसर का सीमांकन करने एवं विद्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही गई थी लेकिन आज तक ना सीमांकन हो पाया और ना ही अतिक्रमण मुक्त किया गया। इससे ग्रामीणों में शासन और प्रशासन के खिलाफ अविश्वास व असंतोष पनप रहा है। बताया कि कुछ लोग जमीन अतिक्रमण करने के फिराक में लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने इस मामले को पदाधिकारियों को संज्ञान में लेते हुए विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा सीमांकन कराने का आग्रह किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि ऐसा जल्द नहीं किया गया तो सभी ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। मौके पर युवा समाजसेवी अब्दुल अंसारी, उपमुखिया मुखिया प्रतिनिधि फिरोज निजामी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शंकर दास, सूरज दास, गणेश दास, अब्दुल मोबीन अंसारी, अब्दुल अंसारी, गुलाब कुमार दास आदि उपस्थित रहें।


विद्यालय की जमीन में अतिक्रमण जमीन

## एक नजर में

### रोजगार दिवस सह बाल सभा का आयोजन

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत भवन में रोजगार दिवस सह बाल सभा का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता मुखिया शिबुप्रसाद सोनी ने किया। सभा में पंचायत के दोनों गांव के विद्यालय के शिक्षक एवं वार्ड सदस्य उपस्थित हुए। सभा में उच्च विद्यालय और मध्य विद्यालय झरपो में अध्ययन रत विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए सेनेटरी पैड, खेल कूद किट, कम्प्यूटर व्यवस्था, सांस्कृतिक भवन समेत अन्य समस्या से निजात की मांग पंचायत से शिक्षकों ने किया। मौके पर उपस्थित मुखिया शिबुप्रसाद सोनी ने कहा कि पंचायत के सभी समस्या का समाधान करने की प्रयास किया जायेगा। बच्चों को समस्या का समाधान किया जायेगा, ताकि पढ़ाई करने में परेशानी ना आये। सभा स्थल में उपप्रमुख रवि वर्णवाल पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद रोजगार सेवक संतोष कुमार दास प्रदान से दीपक शर्मा उपमुखिया राजेंद्र प्रसाद, वार्ड सदस्य रवि यादव केदार गौरव मुन्नी देवी अर्जुन राम संजय कुमार बद्री भुइयां समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### नि:शुल्क भोजन का वितरण

**चरही।** शनिवार को चरही चौक के किनारे तीसरे दिन भी गरीब, असहाय और जरूरत मंदों के बीच निःशुल्क भोजन का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा। लोगों के बीच भोजन वितरण का कार्य 12 बजे दिन से 4 बजे शाम तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो के द्वारा किया जा रहा है। श्री महतो ने बताया कि इस कार्यक्रम में अगले सप्ताह हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय,पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा की पत्नी नीलिमा सिन्हा और सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के जीएम नीरज सिन्हा भी आने की सहमति जताई है।श्री महतो कहा कि जीएम श्री सिन्हा ने पूर्ण मदद करने की बात कही है। वितरण कार्यक्रम में बहेरा। मुखिया देवकी महतो, हेंदेगड़ा उप मुखिया दशरथ महतो, भाजपा चुरचू मंडल ध्यक्ष मरारी सिंह, विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा, रामगढ़ नगर मंत्री राजेश कुमार, उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, खेमलाल महतो, प्रियंका मुर्मू, विनोद केसरी, किशुन महतो सहित दर्जनों लोग सम्मिलित थे।

### स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी की जयंती मनाई जाएगी आज

**दारू।** संयुक्त बिहार की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी की जयंती आज 5 फरवरी को सरस्वती उच्च विद्यालय दारू में मनाई जाएगी। इस बारे में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि महान स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी के नाम पर विद्यालय की स्थापना 1948 ईसवी में हुई थी।विद्यालय में वर्ष 2016 में स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा तात्कालीन प्रधानाध्यपक ताजुद्दीन अहमद और सरस्वती देवी के पूर्वजो की सहायता से स्थापित की गई थी तब से हर वर्ष यहां उनकी जयंती मनाई जाती है। जयंती कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्र छात्राएं, स्वन्त्रता सैनानी के वंसज व प्रखंड के अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

### ग्राम बादम में गैरमजरूआ जमीन हस्तांतरण की आम सभा सम्पन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** एनटीपीसी बादाम कोयला खनन परियोजना के द्वारा ग्राम बादम में गैर मजरूआ आम जमीन हस्तांतरण को लेकर बादम पंचायत भवन के समीप आम सभा का आयोजन किया गया। पहले से ही सूचित होने की वजह से सैंकड़ो ग्रामवासी एकत्रीत हुए और गैर मजरूआ जमीन का हस्तांतरण के लिए अपना समर्थन दिया एवं एनटीपीसी के समर्थन में नारे लगाये। इस दौरान बाहरी लोगों से प्रभावित होकर कुछ महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने जमीन हस्तांतरण पर नाराजगी जताई। इस ग्राम सभा के दौरान तीन पक्षों ने अपना मांग पत्र अंचल निरिक्षक को समर्पित किया एवं उनके विषयगत समस्याओं का निराकरण के लिए उपस्थित ग्रामीणों द्वारा अनुरोध किया गया। इस तरह ग्राम पंचायत बादम की ग्राम सभा सकारात्मक मोड़ पर सम्पन्न हुई।

## शिक्षक सेवानिवृत्त समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** सेवानिवृत्त शिक्षक हरिनाथ यादव की विदाई समारोह शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमर में आयोजित किया गया। समारोह का संचालन सहायक शिक्षक चंदन ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोग और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते, उन्हें तो एक उम्र के दहलीज पर पहुंचते ही विद्यालय से अवकाश दे दिया जाता है। इनका उम्र भी उस दहलीज पर पहुंच गया है, अब ये स्वतंत्र रूप से सामाजिक, धार्मिक व अन्य अपने निजी कार्यों में रुचि दिखाते हुए उसे संपादित करेंगे। इनके किए गए सराहनीय कार्य से समस्त शिक्षकों को अपने कार्यशैली में उतारने की जरूरत है। विदाई के मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमर के शिक्षक सह प्रधानाध्यापक श्री यादव ने कहा कि उन्हें अपने सहयोगियों का भरपूर सहयोग उनके सेवाकाल में मिला। गांव के बुद्धिजीवियों, क्षेत्र के प्रबुद्धजनों का सहयोग, अपने वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन से मैं इस पड़ाव तक पहुंच सका, उन सबों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें दैनिक उपयोग की वस्तुओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डुमर मुखिया ममता देवी, मध्य विद्यालय झरपो के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार दीपक, सहायक शिक्षक महेंद्र इंदीवर पत्रकार सोनु पांडेय, परमेश्वर प्रसाद यादव, लखन गोप, रोहित यादव, राजकुमार सिन्हा, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, जगदीश राम, चेतनारायण प्रसाद, कालेश्वर प्रसाद, जैनुल अंसारी, अर्जुन मिस्त्री, मुकेश साव, नंदलाल नारायण यादव, सुखदेव पाण्डेय, विजय ठाकुर, सुरेंद्र यादव, लखन गोप, कृपाशंकर पांडेय, कमलाकांत नरेश ठाकुर, झमन प्रजापति, प्रमोद कुमार सिन्हा,समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।


मौके पर उपस्थित लोग

### ईडब्लूएस प्रमाणपत्र बनवाना है बहुत मुश्किल

## पूर्व में जारी वेकर सर्टिफिकेट गलती से बन गया था : सीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** सरकारी नौकरीयों समेत अन्य जरूरतों में इकोनॉमिकली वेकर प्रमाण पत्र की अनिवार्यता होती है जो अंचल से निर्गत होता है। यह प्रमाण पत्र विष्णुगढ़ अंचल में बनवाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन सा होता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार अधिकारी की मनमानी से सरकार द्वार स्वर्ण जाति को 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ लेना डेढ़ी खीर साबित हो रही है। आवेदको से अंचल कार्यालय जाने पर जाति निर्धारण के लिए मायके का खतियान व वंसावली वो रेवेन्यू ऑफिसर से सर्टिफाईड कॉपी की मांग की गई, जबकि विष्णुगढ़ अंचल से इसी आवेदक को ईडब्लूएस प्रमाण पत्र जारी की गई है जिसमें अंचलाधिकारी ने कभी मायके के खतियान का जिक्र नहीं किया था। पति के पूर्वज के खतियान के आधार पर ईडब्लूएस निर्गत किया गया था जो फिर आवेदक द्वारा ईडब्लूएस पति के पूर्वज के खतियान के आधार पर बनाने का आग्रह की गई। वहीं पूर्व में ईडब्लूएस प्रमाण पत्र निर्गत करने के मामले पर अंचलाधिकारी का कहना है की ईडब्लूएस प्रमाण पत्र गलती से बन गया होगा। ज्ञात हो की ईडब्ल्यूएस आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण जाति के लिए संवैधानिक अधिकार है जो भारतीय संविधान संशोधन अधिनियम 103, एक्ट 2019 में सवर्णो को 10% आरक्षण का लाभ की गारंटी गई है। सरकारी नौकरी की चाह रखने वाले स्वर्ण जाति के सैकड़ों महिला जो ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनाने सोंच रही है वैसे महिला अभ्यर्थी को आने वाले दिनों में कुछ इसी तरीके के समस्यायों को झेलना पड़ सकता है बिष्णुगढ़ अंचल कार्यालय द्वारा ईडब्ल्यूएस के नाम पर नए-नए नियम बताना यह कोई नया मामला नहीं है, पूर्व में भी कुछ इसी तरीके के नए कानून और नियम की बात करने वालों में बिष्णुगढ़ अंचल के पूर्व अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी भी शामिल थे जिनके द्वारा ईडब्लूएस प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर नीत नए नए नियम बताते थे।

## झामुमो भुरकुंडा पंचायत कमेटी का गठन

### संजीत राम अध्यक्ष व सचिव बने विक्की करमाली, कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई। बैठक में भुरकुंडा पंचायत कमेटी का पूर्णगठन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित थें।

बैठक में मोर्चा की मजबुती, सदस्यता अभियान चलाने सहित क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि जनसस्याओं का सूचीबद्ध करें, हर हाल में समाधान होगा। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के कार्यकाल में विकास की गंगा बह रही है। साथ ही 1932 का खतियान, स्थानीय नीति, सर्वजन पेंशन योजना, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, घर-घर जल योजना, पारा शिक्षकों को सह शिक्षक बनाना, पुराना पेंशन लागू करना, बेरोजगारों के लिए योजनाएं निकालकर लाभ पहुंचाना सहित कई योजनाएं धरातल पर उतारी गई है जिसका लाभ गांव से लेकर शहरों के लोगों को मिल रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से झामुमो भुरकुंडा पंचायत की 31 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष संजीत राम, उपाध्यक्ष सुमित दास, अभिषेक कुमार, बजरंग भुंइया व शुभम कुमार, सचिव विक्की करमाली, सह सचिव मुन्ना साव, महेश करमाली व मुन्ना करमाली, संगठन सचिव गोपाल करामली, सह संगठन सचिव भिखम राजभर, कोषाध्यक्ष तुला खान चुने गये।


बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि संजीव बेदिया

### कल्याणकारी योजनाओं का सभी वर्गो को मिल रहा है लाभ : संजीव

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गांव के गरीब जनता के लिए कई योजनाएं धरातल पर उतार इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने कई स्कीम व कल्याणकारी योजनाएं लाई है ताकि अधिक से गरीब लाभुकों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन की ही सरकार बनेगी। झामुमो अपने बहुमत की सरकार बनायेगी। जिसमें 50 से ज्यादा सीट विधानसभा में झामुमो की होगी। श्री बेदिया ने कहा कि हेमंत सरकार ने जनता से जो वादा किया था उसे पूरा करने का काम किया जा रहा है।

**झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्**
डायट कैम्पस, रातू, राँची, पिन 835222
[email : jcert.ran@gmail.com]

**तिथि विस्तार सूचना**

मानचित्र, शब्दकोष, सामान्य ज्ञान एवं अंग्रेजी/हिन्दी व्याकरण आदि के लिए पाण्डुलिपि जमा करने हेतु प्रकाशित इच्छा की अभिव्यक्ति की अंतिम तिथि विस्तारित करते हुए 22.02.2023 के संध्या 05:00 बजे तक की जाती है। इस संबंध में अग्रेतर सूचना के लिए परिषद् के आधिकारिक वेबसाईट jcert.jharkhand.gov.in देखी जा सकती है।
Ref. PR 287687 Human Resource Development (22-23) # D
ह०/-
(किरण कुमारी पासी, भा.प्र.से.)
निदेशक,
झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची
PR 289228 Human Resource Developement (22-23)_D

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची।**
(जिला नजारत शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचम विधानसभा के नवम् (बजट) सत्र का आयोजन फरवरी माह के अंतिम सप्ताह से मार्च के अंतिम सप्ताह तक किया जाना है। विधान सभा (बजट) सत्र के दौरान विधान सभा परिसर में वाटर प्रुफ पण्डाल, कुर्सी टेबल एवं विधान सभा के बाहर दण्डाधिकारी, अंगरक्षक एवं चालक के बैठने के लिये वाटर प्रुफ पण्डाल, कुर्सी, टेबल, इत्यादि की व्यवस्था की जानी है। इसके अतिरिक्त विधान सभा आने वाले रास्ते में ड्राप गेट, मोजो बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जानी है। उक्त व्यवस्था हेतु निविदा मुहरबंद लिफाफे के द्वारा दिनांक 13.02.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक जिला नजारत शाखा, रॉची में जमा कर सकते हैं। निविदा उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में समाहरणालय ब्लॉक "ए" में कमरा संख्या 207 में खोली जायगी।
नोट : निविदा के शर्त्ते WWW.prdjharkhand.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रॉची।
PR 289268 (Ranchi) 22-23 (D)

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बोकारो।**

**संविदा पर Accountant की नियुक्ति हेतु**
**अत्यावश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संविदा के आधार पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चास एवं तेनुघाट में संविदा के आधार पर एक जिला स्तरीय लेखापाल की नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 03.09.2022 को एवं साक्षात्कार/दक्षता मूल्यांकन एवं मूल प्रमाण पत्रों की जाँच 19.09.2022 को आयोजित की गई थी। परीक्षाफल का प्रकाशन जिला के वेबसाईट bokaro.nic.in पर अपलोड किया गया है। सफल अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रकाशन तिथि के 10 (दस) दिनों के अन्दर संबंधित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चास एवं तेनुघाट में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक योगदान नही देने वाले चयनित अभ्यार्थियों की उम्मीदवारी स्वतः निरस्त समझी जाएगी।
कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव 01, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, चास, बोकारो।
कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव 02, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, तेनुघाट, बोकारो।
PR 289290 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

स्पीड न्यूज

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का एजीएम संपन्न, स्थायी हुए नये मजदूर बनेंगे सदस्य

- मजदूरों को रेफरल इलाज खर्च 5 लाख करवाना और अस्पताल में न्यूरो सर्जरी विभाग बड़ी उपलब्धि
- यूनियन महासचिव आरके सिंह ने संबोधन में गिनायी संगठन की उपलब्धियां
- 4119 मजदूर यूनियन के एजीएम में हुए उपस्थित, हाथ उठा कर कमेटी को दिया समर्थन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को टाटा मोटर्स स्थित कम्युनिकेशन हॉल में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की वार्षिक आमसभा संपन्न हुई। इस आम सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने किया। महामंत्री आर के सिंह ने सदन के समक्ष गत वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया एवं यूनियन सदस्यों से इसे पारित कराने का काम किया। साथ ही साथ नए सदस्यों को यूनियन का सदस्य बनाने का प्रस्ताव भी आम सदन से पास कराया गया।

इसके साथ महामंत्री आरके सिंह ने यूनियन के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए अपने संबोधन में कहा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार यूनियन कार्य कर रही है। जैसे कि मेडिकल के क्षेत्र में बाहर भेजे जाने वाले खर्च की लिमिट चार लाख से बढ़ाकर 5 लाख किया जाना, टाटा मोटर्स अस्पताल में न्यूरो सर्जन, आईसीयू को बेहतर एवं बेड बढ़ाने का काम, डायलिसिस के लिए भी बेड पढ़ाया गया है। कई तरह के मेडिकल सुविधाओं का बढ़ोतरी अस्पताल में किया गया है। कैंटीन के क्षेत्र में लगातार बेहतर नाश्ता और भोजन का प्रबंध के लिए यूनियन की कैंटीन कमिटी कार्य कर रही है। लिव बैंक बेहतर कार्य कर रही है और इसका अनुसरण दूसरी कंपनियों में भी किया जा रहा है। शिक्षा के लिए ऋण की व्यवस्था की गई है। अप्रेंटिसशिप पुनः आरंभ कराने का प्रयास जारी है और जल्द ही इसमे सफल होंगे। प्रगति स्कीम के तहत 40 लोग डिप्लोमा की पढ़ाई कर रहे हैं और आने वाले समय में इसकी संख्या बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। टी-शर्ट एवं नया लिबर्टी सेफ्टी शू लोगों को वितरित किया गया। इस तरह के अनेकों कार्य आपके सहयोग एवं आपके सुझाव से लगातार यूनियन करती रही है। हम आशा करते हैं कि आप सभी का प्यार, स्नेह और विश्वास टाटा मोटर्स यूनियन पर लगातार बना रहेगा और हम निरंतर मजदूर हित के नए कार्यों का कीर्तिमान स्थापित करने के लिए बढ़ते रहेंगे। विगत दिनों जो रक्तदान शिविर यूनियन ने आयोजित किया उसमें रिकॉर्ड 1794 यूनिट रक्तदान कर आपने एक कृतिमान बनाया है। इसके लिए भी आप सब को हृदय से धन्यवाद है। अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने कहा सेवा निधि और बीमा के माध्यम से हम अपने मजदूरों का उनके नहीं रहने पर उनके परिवार को पूर्ण रूप से सुरक्षित कर पाए हैं। ईश्वर करे किसी के साथ भी दुर्घटना ना हो यदि होता है तो उनके परिवार के लिए जीवन यापन की व्यवस्था इस माध्यम से हो चुका है। यूनियन पर आप सब इस तरह से ही विश्वास रखें। आने वाले समय में और बेहतर रोजगार मुखी कार्य करने का हम लोग प्रयास करेंगे। सलाहकार प्रवीण सिंह ने कहा कि आप की एकता और आपका इस आमसभा में हाथ उठाना यूनियन का और मजबूती प्रदान करने का संकेत है। आपका हाथ उठाना प्रबंधन को मजदूर हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है और यूनियन के सारे लोगों को इस बात के लिए बाध्य करता है कि वह लगातार मजदूर हित में काम करते रहे। आप सबों की एकता एकमात्र हथियार है जिससे हम लोग मजदूर हित एवं उनके हक को दिलाने में सफल हो सकते है। सभा में पिछले वर्ष निधन हुए दिवंगत साथियों के आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट मौन रखा गया। आम सभा मे कुल 4119 लोग उपस्थित हुए। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन एच एस सैनी ने किया और सभा का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।






## दिव्यांग बच्चों का आठवां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज

**जमशेदपुर।** अभया बनर्जी फाउंडेशन जमशेदपुर के तत्वाधान में दिव्यांग एवं विशेष बच्चों हेतु इस वर्ष आठ वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 5 फरवरी 2023, रविवार को पूर्वाह्न 9 से अपराहन 3 बजे तक जमशेदपुर के टेल्को स्थित सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में किया गया है। मुख्य अतिथि हेड टाटा मोटर्स जमशेदपुर रविंद्र कुलकर्णी एवं विशिष्ट अतिथि हैं मैनेजिंग डायरेक्टर टीआरएफ जमशेदपुर उमेश कुमार सिंह। यह जानकारी फाउंडेशन के अध्यक्ष जौहर बनर्जी ने दी है।

## ओमप्रकाश ने विजेता टीम को किया पुरस्कृत



**चांडिल।** शनिवार को चांडिल के जाड़ीयाडीह में मुनीराम बेसरा स्मारक समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चांडिल के पूर्व जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश लायेक शामिल हुए। ओमप्रकाश ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। मौके पर मुखिया बुद्धेश्वर बेसरा, डॉ वीरेंद्र मार्डी, अरुण टूडू, रवि सिंह,भूक्लू हेंब्रम, प्रकाश प्रमाणिक उपस्थित थे।

## मुखिया मनोहर ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण



**चांडिल।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांडिल में मुखिया मनोहर सिंह ने ओचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षक अनुपस्थित थे। मुखिया सिंह ने कहा शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण बच्चे के पठन-पाठन में दिक्कतें आ रही है। उन्होंने कहा इस संबंध में वे वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराएंगे। शिक्षक अनुपस्थित होने के कारण मुखिया मनोहर ने स्वयं बच्चों पर क्लास लिया एवं पढ़ाया। मुखिया ने बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील की जानकारी लिया। उन्होंने कहा समय-समय पर वे पंचायत के हर विधालय का औचक निरीक्षण करेंगे।

## वैभव भारती ने मानगो के जरुरतमंदों में बांटे कंबल



**जमशेदपुर।** वैभव भारती के सौजन्य से मानगो में गरीबो के बीच निशुल्क कंबल का वितरण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर जटा शंकर पांडेय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नील कमल शेखर जी मौजूद थे। इस अवसर पर श्री फूल चंद भारती, श्री मुर्मू, श्री कृष्णा सिंह, तथा अमित यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जुगसलाई बलदेव बस्ती में जरूरतमंदों के बीच कपड़ा वितरण




**जमशेदपुर।** शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व और आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत जुगसलाई बलदेव बस्ती स्थित एक स्कूल परिसर में बस्ती के जरूरतमंद 295 बच्चे, महिलाएं और पुरुषों को नए और पुराने अच्छे कपड़े बांटे। साथ ही बच्चों के बीच चॉकलेट, बिस्किट वितरण किया गया। बस्ती के वृद्ध महिलाएं और पुरुषों का आशीर्वाद शाखा सदस्यों को मिला। इसे सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी थे।

## एम्स, दिल्ली में हुए साइबर एटैक से अस्पताल प्रबंधन ने सीखा सबक

# टाटा मेन हॉस्पिटल ने बनाया हैकिंग प्रूफ डिजिटल प्लेटफार्म

- तैयार किया स्मार्ट हेल्थकेयर प्लेटफार्म, रोगी से लेकर डॉक्टर को होगा फायदा

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मैन हॉस्पिटल (टीएमएच) को ऐसे आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है जहां मरीजों की गोपनीय जानकारियां कोई हैकर चुरा नहीं सके। टाटा मैन हॉस्पिटल यह डिजिटल प्लेटफॉर्म ज्यादा उपयोग स्नेही (यूजर फ्रेंडली), सुरक्षित और कई नई खूबियों और सेवाओं से युक्त है। इसका लाभ जमशेदपुर के शहरवासी उठा सकेंगे।

यह जानकारी देते हुए टाटा स्टील मेडिकल सर्विसेज के जनरल मैनेजर डॉक्टर सुधीर रॉय ने बताया कि नया डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने के पूर्व हम लोगों ने नई दिल्ली स्थित एम्स के डाटा में हुई हैकिंग से सबक लिया है। वैसे टाटा मेन हॉस्पिटल वर्ष 2004 से ही अपॉइंटमेंट एवं अन्य सुविधाओं के लिए टाटा विश्वास जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म को लागू किया है किंतु नया प्लेटफार्म बिल्कुल नए रंग और रूप में होगा।

नई डिजिटल सुविधा के जरिए टीएमएच के मरीजों का पूरा मेडिकल डाटा सुरक्षित रखा जाएगा और उसे इतना यूजर फ्रेंडली बनाया जा रहा है कि अगर वह कोई जांच टीएमएच से बाहर कराते आते हैं अथवा दूसरे शहरों में कराते हैं तो भी उसके डाटा को इसमें मरीज सुरक्षित कर सकता है। इतना ही नहीं शहर से बाहर महानगरों में अगर रेफरल सुविधा की स्थिति में मरीज बाहर जाता है तो उसे बस सिर्फ अपने पासवर्ड डालकर ऐप को एक्टिवेट करना होगा और उसके मेडिकल से संबंधित सारी डिटेल्स और जो जो दवाएं उसे प्रिसक्राइब की गई हैं एवं जो जो जांच किए गए हैं उनका डिटेल्स डॉक्टर को पल भर में मिल जाएगा।

सबसे बड़ी बात कि टीएमएच के नए डिजिटल प्लेटफॉर्म से शहरवासी चिकित्सा विशेषज्ञों से वीडियो कंसल्टेशन की सुविधा भी हासिल कर सकते हैं।

### आज रात 8 बजे तक काम नहीं करेगा टीएमएच विश्वास ऐप

टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) का मौजूदा हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम (एचएमएस) और जमशेदपुर के 9 क्लीनिक 6 फरवरी 2023 से स्मार्ट हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म में परिवर्तित हो रहे हैं। इस परिवर्तन को संभव बनाने के लिए, 4 फरवरी की रात 10 बजे से 5 फरवरी को रात 8 बजे तक सिस्टम ब्लैकआउट हो जाएगा, जिसके फलस्वरूप अस्पताल में उपयोगकर्ताओं के लिए एचएमएस और सभी मरीजों से संबंधित सेवाओं के लिए टीएमएच विश्वास की सुविधा अनुपलब्ध रहेगी। हालांकि सभी आपातकालीन सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी, सभी टीएमएच क्लीनिक (रविवार को संचालन में) बिना ऑनलाइन बुकिंग के काम करेंगे और आने वाले सभी रोगियों को मैनुअल प्रिस्क्रिप्शन के साथ सेवाएं प्रदान करेंगे। टीएमएच प्राइम का संचालन 5 फरवरी 2023 को बंद रहेगा। सभी आपातकालीन सेवाएं हमेशा की तरह जारी रहेंगी और इनपेशेंट देखभाल प्रभावित नहीं होगी।

**नये स्मार्ट हेल्थ केयर सिस्टम से कुछ दिनों तक आ सकती है परेशानी :** जीएम डॉ सुधीर राय ने कहा कि 5 फरवरी 2023 को रात 8 बजे नए ह्यह्यस्मार्ट हेल्थकेयर प्लेटफॉर्मह्यह्य के लॉन्च के बाद, शुरूआती कुछ दिनों के दौरान ओपीडी अपॉइंटमेंट्स में सेवाओं की डिलीवरी में दिक्कतें या कुछ देरी हो सकती है। हालांकि सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को नए प्लेटफॉर्म के बारे में प्रशिक्षित किया गया है, हम सभी से अनुरोध करेंगे कि नए प्लेटफॉर्म के रोलआउट के शुरूआती दिनों में धैर्य रखें। सभी आपात स्थितियों से अत्यंत तत्परता से निपटा जाएगा और इस रोलआउट से भर्ती मरीजों की देखभाल प्रभावित नहीं होगी।

## टाटा वर्कर्स यूनियन उवि में पतंजलि युवा भारत ने लगाया जागरण शिविर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पतंजलि युवा भारत के तत्वावधान में टाटा वर्कर्स यूनियन हाई स्कूल, सिदगोडा में एक दिवसीय योग जागरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सैकड़ों बच्चों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। शिविर का संचालन पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने किया। जबकि महिला पतंजलि योग समिति की योग शिक्षिका बबीता देवी एवं योग शिक्षक मनोज श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण में सहयोग किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका और योग एंबेसडर सरोज सिन्हा और स्निग्धा चौधरी ने बच्चों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। विदित हो कि पिछले दिनों पतंजलि, आयुष और शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के संयुक्त प्रयास से पूर्वी सिंहभूम जिले के मध्य एवम उच्च विद्यालय के 1275 शिक्षकों को योग एंबेस्डर के रूप में 5 दिनों का प्रशिक्षण दिया गया था, इसी क्रम में टाटा वर्कर्स यूनियन हाई स्कूल सिदगोड़ा में एक दिवसीय योग जागरूकता शिविर लगाया गया।

## राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा पूरी कर नगर लौटे अमरजीत मिश्रा

➲ कांग्रेसियों ने किया भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत जोड़ो यात्रा समाप्त होने के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरजीत नाथ मिश्रा जी के जमशेदपुर आगमन पर मानगो गोल चक्कर में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर जी एवं असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे जी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी के सचिव राजा सिंह राजपूत के नेतृत्व में मानगो गोल चक्कर में जोरदार तरीके से स्वागत की गई स्वागत कार्यक्रम में जुलूस के रूप में अमरजीत नाथ मिश्रा जी को लेकर तिलक पुस्तकालय जुलूस पहुंचा एवम आम सभा के रूप में होकर कार्यक्रम की समाप्ति तिलक पुस्तकालय में हुई, जिसमें पूर्वी जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष शैलेश पांडे, असंगठित कामगार कर्मचारी के झारखंड प्रदेश के सचिव राजा सिंह राजपूत झारखंड प्रदेश असंगठित कर्मचारी कांग्रेस के संगठन सचिव सुल्तान अहमद आदि मौजूद रहे।



अमरजीत मिश्रा का गर्मजोशी से स्वागत करते धर्मेंद्र सोनकर व साथी कांग्रेसी।

## बीएनएमएच में कैंसर सर्वाइवर कार्यक्रम

- कैंसर से निजात पाने के लिए रोगी का मानसिक संतुलन ठीक होना बहुत जरूरी : रितु रूंगटा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** विश्व कैंसर दिवस पर ब्रह्मानंद नारायण मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के कीमोथेरेपी वार्ड में कैंसर सर्वाइवर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज, कैंसर विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार, कैंसर सर्जन डॉ आशीष कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का विषय कैंसर सर्वाइवर से रूबरू होना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रितु रूंगटा, (कैंसर सर्वाइवर, सर्टिफाइड योगा ट्रेनर और समाज सुधारक) ने कैंसर से बचे लोगों, कैंसर रोगियों और प्रशिक्षुओं के लिए एक योग सत्र आयोजित किया। उन्होंने योग, प्राणायाम और ध्यान की भूमिका को कैंसर से निजात पाने में अहम बताया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी बीमारी से निजात पाने के लिए रोगी का मानसिक संतुलन ठीक होना बहुत जरूरी है। यदि मरीज सकारात्मक सोच रखें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं तो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से उबर सकता है। कैंसर सर्जन डॉ आशीष कुमार ने कहा कि कैंसर की रोकथाम में जागरूकता बहुत जरूरी है।

## हर इंसान को ब्रह्म भाव की महिमा समझना जरूरी है: मंत्र चैतन्यानंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ द्वारा आयोजित प्रथम संभागीय सेमिनार 2023 के दूसरे दिन शनिवार को गदरा स्थित आनन्दमार्ग जागृति के प्रांगण में सैकड़ों साधकों को संबोधित करते हुए वरिष्ट आचार्य मन्त्रचैतन्यानन्द अवधूत ने अणु और भूमा विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें सबसे पहले ब्रह्मभाव की महिमा या वृहता एवं जीवभाव की क्षुद्रता को समझना होगा तथा साथ ही अणु तथा भूमा में मुख्य अंतर को भी समझना होगा। ब्रह्म भाव में भूमा के दो भाव है उसका विषय भाव - भूमा मन तथा विषयी भाव -भूमा चैतन्य। उसी तरह जीव भाव में अणु के भी दो भाव है उसका विषय भाव-अणुमन एवं विषयी भाव-जीवात्मा। भूमा मन प्रकृति के प्रभाव से भूमा चैतन्य का ही रूपान्तरित रूप है।

## सांसद विद्युतवरण महतो व विधायक मंगल कालिंदी ने किया गोविंदपुर खैरबनी सड़क समेत तीन सड़कों का शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर से खखरीपाड़ा, शामू टोला होते हुए खैरबनी तक एवं शेष नगर आर सी डी सड़क से खखड़ीपड़ा मैदान तक करीब 5 करोड़ की लागत से बनने वाली ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य समेत जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की अनुशंसा से जुगसलाई विस क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत जमशेदपुर प्रखंड के नरगा एनएच 33 से बारहडीह होते हुए नीचे टोला तक पथ लंबाई 2.2 किमी निर्माण कार्य, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड स्थित पोखारी से तुरियाबेरा तक 3.35 किमी पथ निर्माण कार्य और जुगसलाई विस क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड के छोटा गोविंदपुर, खकड़ीपाड़ा होते हुए सामुटोला से खैरबनी तक 4 करोड़ 90 लाख की लागत से 5.7 पथ निर्माण कार्य का नारियल फोड़ कर शिलान्यास झारखंड सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी और जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने किया। कार्यक्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रतिनिधि गुड्डू गुप्ता, जिप डॉ परितोष सिंह, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठन एवं प्रबुद्ध जनता की उपस्थिति में हुआ।



ज्ञात हो कि आजादी के बाद इस ग्रामीण सड़क का निर्माण नहीं हो पाया था। ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण की मांग स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी एवम जिला परिषद परितोष सिंह से की थी। ग्रामीण क्षेत्र की जनता की समस्याओं को देखते हुए विधायक मंगल कालिंदी एवम पार्षद के आग्रह पर मंत्री बन्ना गुप्ता जी की अनुसंशा पर लगभग 5 करोड़ की यह योजना मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत फंड उपलब्ध कराया गया।

## एक नजर में

### आरवीएससीइटी क्का विहाइव डिजाइन संग एमओयू



**जमशेदपुर।** स्थानीय आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर एवं विहाइव डिजाईन प्राइवेट लि0, बेंगलोर के बीच आज एम ओ यू साइन हुआ। ज्ञात हो कि विहाइव डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड एक सेमी कंडक्टर इंडस्ट्री है जो आई सी डिजाइन उपलब्ध कराती है, इसे विभिन्न जगहों पर अलग-अलग तरीके से उपयोग में लाई जाती है, इसमें डिजिटल फंट-इंड डिजाइन एण्ड वेरिफिकेशन, एनालॉग आर एफ, वेव कस्टम ले-आउट इत्यादि मुख्य है। कॉलेज के प्रबंधन एवं विहाइव डिजाइन के बीच यह तय हुआ, कि कंपनी कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम वर्कशॉप एवं ट्रेनिंग इत्यादि करायेगी और इसके एवज में कॉलेज कुछ चुने हुए विद्यार्थियों को कंपनी को उपलब्ध कराएगी जो कम्पनी चाहेगी। इस एम ओ यू से कॉलेज के इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन्स इंजीनियरिंग के छात्रों को काफी फायदा होगा। कॉलेज के कोषाध्यक्ष श्री शत्रुघ्न सिंह एवं प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने ट्रेनिंग प्लेसमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ विक्रम शर्मा एवं कम्पनी के आए हुए अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह समझौता हम दोनों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगा।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में तृतीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव




**जमशेदपुर।** आदित्य स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में तृतीय खेल- कूद महोत्सव सम्पन्न हुआ। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत किए पूर्वी सिंहभूम जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन विद्यालय के चेयरमैन सुखदेव महतो, सचिव गुरुदेव महतो, श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गोविंद महतो, कुलसचिव श्रीमती भव्या भूषण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्या श्रीमती अनीता महतो, श्रीमती मौमिता महतो, अकादमिक निदेशक दिलीप कुमार, प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार सिंह उपस्थित थे। सर्व प्रथम छात्रों द्वारा मार्च-पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा मशाल जलाकर एवं विद्यालय का प्रतीक चिह्न युक्त गुबारा उड़ा कर प्रतियोगिताओं की शुरूआत की घोषणा की गई ।उन्होंने छात्रों को आशीष देते हुए कहा कि खेलकूद का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है और यह हमें अनुशासन, स्वस्थ रहना एव जीवन में हार कर जीतने का ज्जबा सिखाता है। छात्रों द्वारा ड्रील एवं योगा का प्रदर्शन किया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों के अतिरिक्त विद्यालय द्वारा विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा की गई जिसमें ओवरऑल हाउस विजेता मारुति हाउस उपविजेता ओवरऑल हाउस पृथ्वी सर्वश्रेष्ट अनुशासन हाउस अग्नि बेस्ट मार्च -पास वरुण हाउस बेस्ट जूनियर एथलीट बालक वर्ग में अनुराग चौधरी सीनियर वर्ग में सूरज टूडू जुनीयर बालिका वर्ग में स्वेता महतो सीनियर बालिका वर्ग में श्रेयसी ढल को मुख्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गयो समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विद्यालय के सलाहकार डाक्टर रामाशंकर ने विद्यालय के स्पोर्ट्स ध्वज को उतारकर प्रधानाचार्य के सपूर्द किया। शिक्षिका मोनिका सिंह ने सम्मानित अतिथियों अभिभावकों शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं समस्त छात्राओं को महोत्सव की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी एवं सहयोग के लिए विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया ।

### जमशेदपुर में सरकारी कैंसर अस्पताल बनवाये सरकार : शिवपूजन सिंह



**जमशेदपुर।** शनिवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर शनिवार को जडाई कैसर सेवा संस्थान जमशेदपुर की बैठक समिति के अध्यक्ष शिव पुजन सिंह की अध्यक्षता में गांधी घाट पार्क साकची में हुई जिसमें खेद प्रकट किया गया कि हजारों लोग कैंसर से मर जाते हैं लेकिन आजतक इसका सफल उपचार नहीं मिला। कैंसर इतना खर्चिला और कष्टदायक बीमारी है कि क्या धनी, क्या गरीब किसी के औकात का चीज नहीं है। सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड में एक भी सरकारी कैंसर का अस्पताल नहीं है ।सरकार कैंसर के बीमारी में पैसा भी देती है तो उसमे आय प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाणपत्र की बैधता लगा दिया है जो सामान्य व्यक्ति को बनाने में काफी समय और परेशानी हो जाती है। तबतक मरीज की मृत्यु हो जाती हैं यह समिति को प्रतिदिन मेहरबाई टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल में देखने को मिलता है जब मरीजों को हमलोग नि :शुल्क फल बिस्कुट पौष्टिक आहार बितरण करने जाते हैं इसलिए समिति झारखंड सरकार से मांग करती है कि ईलाज के लिए आय प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाणपत्र की बैधता हटाया जाए और अभिलम्ब झारखंड में सरकारी कैंसर अस्पताल खोला जाय। बैठक में अध्यक्ष शिव पुजन सिंह उमेश कुमार सिंह कैलाश प्रसाद रेनू शर्मा पल्लवी माधवी जे एन अग्रवाल ज्योति पांडेय इत्यादि मौजूद थे।

### विजया गार्डेन में निकली भव्य कलश सह शिव रथ यात्रा



**जमशेदपुर।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विजया गार्डेन, बारीडीह शाखा की ओर से बहन राजवन्ती के देखरेख में आगामी 18 फरवरी को आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि के निमित्त भव्य कलश यात्रा सह शिव रथ यात्रा दिनांक 4 फरवरी 2023 प्रात : 10 बजे निकाली गयी। जिसमें शिव-संदेश पत्र (पम्पलेट) का वितरण किया गया। यह यात्रा विजया गार्डेन से निकलकर रमनी फ्लैट के समीप शिव मन्दिर में सम्पन्न हुआ। इस कलश यात्रा को मुख्य अतिथि श्री प्रमोद मिश्रा ने ब्रम्हाकुमारी द्वारा प्रदत्त झण्डे को दिखाकर रवाना किये। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जिसे ब्रम्हाकुमारी के द्वारा शिव जयन्ती के रुप मनाया जाता है, यह एक ऐसा पर्व है, जिसे पुरे भारतवर्ष में पुरे धुमधाम से मनाया जाता है। माना जाता है कि देवों के देव महादेव भगवान शिव ज्योतिर्लिंगम स्वरुप में स्वयं को धरती पर स्थापित किये थे।

## स्पीड न्यूज

### सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक संपन्न

**लातेहार।** सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमिटी के लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड मे सभी पंचायत स्तर मे काम कर रही सभी सदस्य को जिला प्रभारी दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि आज सुकन्या ट्रस्ट झारखंड के अलावे बिहार मे भी काम कर रही है। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगो का मदद करना है। इसके अलावे समय-समय पठण पाठन सामग्री वितरण करना, पंचायत स्तर मे महिलाओ को ट्रेनिंग देना, इत्यादि मुख्य उद्देश्य है। इस बैठक मे लातेहार जिला प्रभारी राजू सिह, अरु पंचायत मुखिया राजश्री उरांव, बसंती उरांव, अमृता उरांव के अलावे सभी प्रभारी मौजूद थे।

### रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट से 6 क्विंटल सरिया हुई चोरी

**चंदवा।** पतरातू से सोन नगर तक तीसरी लाइन निर्माण कार्य में लगी केईसी कंपनी के पेटी ठेकेदार विंध्यवासिनी कन्स्ट्रक्शन के माल्हन पुतरी टोला स्थित ब्रिज संख्या 145 पुलिया निर्माण कार्य स्थल के पास से शुक्रवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने लगभग 6 क्विंटल सरिया की चोरी कर ली। संवेदक को घटना की सूचना उस समय मिले जब शनिवार की सुबह मजदूर उक्त पुलिया पर काम करने गए तो सरिया गायब पाया। जिसके बाद आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन सरिया का कोई अता पता नहीं चल पाया। मामले को लेकर विंध्यवासिनी कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर आलोक कुमार ने चंदवा थाना के नाम लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज करने की गुहार लगायी है।

### 37,515 रुपये की बोली लगाकरं महमूद बने चकला पशु मेला के संवेदक

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत में लगनेवाले पशु मेला का डाक चकला पंचायत सचिवालय में संपन्न हुआ। पंचायत मुखिया रंजीता एक्का, पर्यवेक्षक विजय सिंह, पंचायत सेवक अजीत रंजन और अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में पशु मेला की बोली लगाई गई। 37,515 रुपये की बोली लगाकर महमूद मियां मेला के संवेदक बने। मौके पर महमूद मियां ने कहा कि सबकी सहभागिता से मेला की परंपरा और गरिमा को बनाए रखने का हरसंभव प्रयास करूंगा। मौके पर पंचायत मुखिया रंजीता एक्का के साथ मो इजहार, हारूण रसीद, रामचंद्र साव, खलील मियां, सतार खान, अमित शाही, संजय शाही, अंशु शाही, अंकित शाही, अनुज शाही, रसीद आलम, अहमद खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### धुमधाम के साथ मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती


जयंती मनाते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती शनिवार को मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय समिति के सदस्य सतेंद्र प्रसाद व प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम नें संयुक्त रूप से मां शारदे, ओउम, भारत माता तथा संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि पांच फरवरी को अवकाश रहने के कारण चार फरवरी को ही संत शिरोमणि रविदास जी की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के अतिथि सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि संत रविदास जी अपने आचरण तथा व्यवहार से यह प्रमाणित कर दिए थे कि मनुष्य अपने जन्म तथा व्यवसाय के आधार पर महान नहीं होता है। वह अपने विचारों की श्रेष्ठता, समाज के हित की भावना से प्रेरित कार्य तथा सभ्य व्यवहार गुण ही मनुष्य को महान बनाने में सहायक होते हैं। इसके ठीक पूर्व विद्यालय के भैया बहनों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति भी की। कार्यक्रम का संचालन आचार्य लवकेश कुमार उपाध्याय तथा धन्यवाद ज्ञापन आचार्य राज किशोर मिश्र ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में आचार्य शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम, वसंत कुमार, नीतीश कुमार आचार्या किरण देवी, मनीषा कुमारी, विनीता कुमारी ने सहयोग किया। कार्यक्रम के समापन वंदे मातरम के साथ की गई।

### ग्रामीणों ने प्रखंड का किया घेराव

➲ जिला के गाइडलाइन के अनुसार किया गया है सहायिका चयन की प्रक्रिया पूरी: बीडीओ

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित रांकीकला पंचायत के सेवधरा गांव में हुई सहायिका चयन के विरोध में दिन शनिवार को ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव कर प्रखंड प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी किया। उक्त मामले के संबंध मे प्रखंड कार्यालय का घेराव करने पहुंचे ग्रामीण महिला सीमा देवी, कलीता देवी, सुनिल उरांव, मथुरा उरांव पंचायत समिति सदस्य विकास तिवारी, समेत इत्यादि ने कहा की दिन शुक्रवार को मनिका प्रखंड से बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा सेवधरा गांव में सहायिका का चयन नियमों के विरुद्ध किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है की सेवधरा गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के बावजूद उक्त गांव को पिछड़ा बहुल क्षेत्र घोषित कर पिछड़ी जाति के महिला उम्मीदवार को सहायिका के चयन में प्रखंड प्रशासन के द्वारा प्राथमिकता दी जा रही है, जो आदिवासियों के साथ एक प्रकार का अन्याय है। वहीं विरोध जताने पहुँचे ग्रामीणों ने मनिका पश्चिमी जिप सदस्य बलवंत सिंह को भी सेवधरा गांव में सहायिका चयन को रद्द करने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा है। प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने अपने कार्यालय में बुलाकर समझाते हुए कहा की जिला के गाईड लाईन के अनुसार सेवधरा गांव में सहायिका का चयन प्रक्रिया पुरी की गई है। इसके बावजूद अगर ग्रामीणों को लगता है की उक्त गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र है तो गांव के सर्वे कराने हेतु जिले के वरीय अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा जायेगा तब तक चयन प्रक्रिया स्थगित रहेगी। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### टोरी-चतरा-गया रेल लाइन एवं बरवाडीह चिरमिरी नई रेल लाइन के लिए बजट में राशि आवंटित

# जनता की मांग पूरी की गयी : हरिकृष्ण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


बधाई देते भाजपा कार्यकर्ता।


**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिलाध्यक्ष सह पुर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के नेतृत्व में चतरा-गया रेल लाइन एवं बरवाडीह चिरमिरी नई रेल लाइन के लिए बजट में राशि आवंटित कर क्षेत्र की जनता की बहुत पुरानी माँग को पूरा किया गया है। पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णवी को लातेहार जिले की जनता आभार एवं धन्यवाद देती है। साथ ही साथ चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार सिंह के अथक प्रयास अंततः रंग लाया जिन्होंने रेलवे लाइनो के लिये कई बार संसद में माँग उठाई तथा लगातार रेल मंत्री एवं रेलवे अधिकारी से मिलकर प्रयास किए। जिसके परिणाम स्वरूप चतरा लोकसभा में नई रेलवे लाइनो के लिए बजट में सौगात मिली है। इन रेल लाइनो के निर्माण से चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र व्यवसायिक दृष्टिकोण से एवं विकास के मुख्यधारा में जुड़ जाएगा। इस खुशी के अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह, जिला महामंत्री पंकज सिंह व बंसी यादव, सांसद प्रतिनिधि (स्वास्थ) राजन तिवारी, दिशा सदस्य रामदेव सिंह, ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि गणेश प्रसाद, जिला कार्यसमिति सदस्य हरिओम प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि नगर विवेक चंद्रवंशी, एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री संदीप उरांव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कृष्णा पासवान, बबन पासवान, राम गणेश सिंह, देव उठानी सिंह एवं अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चतरा सांसद सुनिल सिंह ने पीएम व रेल मंत्री के प्रति जताया आभार

➲ रेल लाईनों के निर्माण से चतरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र विकास की मुख्य धारा में जुड़ जायेगा: सुनिल सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने बुधवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को क्षेत्र की जनता की ओर आभार प्रकट किया। चतरा लोक सभा क्षेत्र को रेलवे ने बड़ी सौगात दी है। चतरा-गया रेल लाईन को बजट में शामिल करके राशि का आवंटन किया है। साथ ही टोरी - चतरा-गया नई रेल लाईन के अंतिम स्थल सर्वेक्षण के लिए भी बजट में धन राशि का आवंटन हुआ है। इसके अतिरिक्त बरवाडीह-चिरमिरी नई रेल लाइन के लिए बजट में राशि आवंटित किया गया है। ज्ञात हो कि चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह इन रेलवे लाईनों के लिए कई बार संसद में मांग उठाई तथा लगातार रेल मंत्री एवं रेलवे अधिकारियों से मिलकर अथक प्रयास किये। जिसके परिणामस्वरूप चतरा लोकसभा को नई रेलवे लाईनों के लिए बजट में सौगात मिली है। इन रेल लाईनों के निर्माण से चतरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र विकास की मुख्य धारा में जुड़ जायेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री का अभिनन्दन किया।


पुर्व में रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपते सांसद सुनिल सिंह।

# खतियानी जोहर यात्रा को लेकर झामुमो की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक को संबोधित करते लाल मोती नाथ शाहदेव।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल कजरिया में शनिवार को आगामी 14 फरवरी को आयोजित होने वाले खातियानी जोहार यात्रा को सफल बनाने को लेकर झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव उपस्थित रहे। मौके पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष मोतीलाल नाथ शाहदेव ने कहा की विधानसभा से विधेयक पास कराकर के 1932 खतियान का बिल राज्यपाल को भेजा गया था। लेकिन भाजपा के लोग कभी नहीं चाहते हैं। झारखंडी को अपना अधिकार मिले। यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मिले। आज उसी कड़ी में राज्यपाल के द्वारा विधेयक को वापस लौटाया गया है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर यहां 1932 खतियान नहीं स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं तो यहां के लोग कहां जाएंगे। यह बिल कब तक लौटाया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व महागठबंधन की सरकार ने ठान लिया है कि जब तक बिल पास नही होता है। बिल भेजते रहा जाएगा। हेमंत सरकार ने कोविड-19 में मजदूरों को हवाई जहाज से लाने का काम किया जो ऐतिहासिक है। फिलहाल हुए जेपीएसी की परीक्षा में झारखंड के गरीब परिवारों से आने वाले बच्चे बच्चियों का चयन हुआ जो ऐतिहासिक है। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने भी लोगों को संबोधित किया। वहीं नागदेव उराँव, उपेंद्र यादव, मो. इमरान ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए खतियान जोहार यात्रा को सफल बनाने की अपील की। मौके पर झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद यादव, राजेश यादव, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, शमशुल खान, औरंगजेब खान, मुनाजिर हुसैन, सुरेश गंझु, प्रभात मींज, मुंशी गंझु, परमेश्वर गंझु, कपिल देव राम, शिबू उराँव, बलजीत भुइँया, अमित उरांव, बाबूलाल भगत कुंती देवी, पुष्पा देवी, किरण देवी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### सीएम हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा को लेकर जिला प्रशासन से रेस


निरीक्षण करते डीसी।

➲ डीसी, एसपी ने चंदवा सीएचसी व कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

**चंदवा।** खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम के तहत आगामी 14 फरवरी को लातेहार जिला खेल स्टेडियम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव व एसपी अंजनी अंजन अधिकारियों की टीम के साथ शनिवार को चंदवा पहुंचे, जहां उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने सीएचसी प्रभारी एनके पांडेय से स्वास्थ सुविधाओं की जानकारी ली व अस्पताल के बाहर लगे ऑक्सीजन सिलेंडर का रख रखाव सुनिश्चित करने, सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। इस दौरान सीएचसी में चल रहे निर्माण कार्य का भी अवलोकन डीसी व एसपी ने किया। सीएचसी में निरीक्षण के उपरांत डीसी व एसपी चंदवा के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, बीडीओ विजय कुमार समेत कई अधिकारी पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### लातेहार सदर अस्पताल में होगा छिपादोहर के फुलेश्वर सिंह का ईलाज


ईलाज के लिए लातेहार भेजते अजय सोनी व अन्य

➲ जिला प्रशासन के सौजन्य से फुलेश्वर को मिलेगा ट्राई साइकल: अजय सोनी

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पंचायत अंतर्गत खैराही टोला निवासी फुलेश्वर सिंह का इलाज अब लातेहार सदर अस्पताल में कराया जाएगा। बता दें कि विगत दो वर्ष पूर्व फुलेश्वर सिंह पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उस घटना में उनके रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। इलाज के अभाव में वह बिस्तर में ही पड़े रहते थे। जिस कारण उनके घर की माली स्थिति काफी खराब हो गई थी। इधर भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य अजय सोनी के पहल पर लातेहार जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी के अथक प्रयास के बाद शनिवार को उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया है। फुलेश्वर के परिवार के सदस्यों ने बताया कि घटना के बाद उनके इलाज के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रखण्ड प्रशासन से भी कई बार मदद की गुहार लगाई गई। लेकिन हर जगह से सिर्फ आश्वासन के सिवाय और कुछ नही मिला। अजय सोनी ने बताया कि इलाज के बाद फुलेश्वर सिंह को जिला प्रशासन के सौजन्य ट्राई साइकल दिया जायेगा।

# भारी मात्रा में फेंकी मिली सरकारी दवाइयां

## आनन-फानन में पहुंचे स्वास्थ्य कर्मी दवाईयों को किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क के किनारे फेंकी हुई दवाइयां।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बीआरसी रोड अंतर्गत स्थित बालक मध्य विद्यालय के चहारदिवारी के समीप सड़क किनारे दिन शनिवार की सुबह में भारी मात्रा में फेंकी हुई सरकारी दवाइयां बरामद किया गया। सड़क के किनारे फेंकी गई सरकारी दवाइयों की सुचना पाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका के स्वास्थकर्मियो में हड़कंप मच गया। आनन फानन मे सड़क किनारे फेंके गये सभी दवाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्य क्षितिज कुजूर ने अपने निगरानी मे चुनवाकर मनिका अस्पताल ले आए। बरामद किए गए सभी दवा के उपर झारखंड सरकार का लोगो लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह घुमने के दौरान लोगों की नजर सड़क किनारे भारी मात्रा मे फेंके गये सरकारी दवा पर पड़ी। दवाइयों में सर्दी जुकाम का सिरप, बुखार दर्द की दवा, सहित महिलाओं के लिए आयरन की गोली, भारी मात्रा में कंडोम व गर्भनिरोधक गोलियां पाया गया है। सभी दवाइयों का एक्सपायरी 2023 लिखा हुआ पाया गया। वहीं मनिका प्रखंड मुख्यालय के नाक के नीचे सड़क किनारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका की दवाइयों की बरामदगी ने सरकारी व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। हालांकि सड़क किनारे फेंकी गई सरकारी दवा के सबंध मे मनिका अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्य क्षितिज कुजूर ने साफ तौर पर इंकार करते हुए कहा की फेंकी गई दवा मनिका सामुदायिक अस्पताल का नही है क्योकि अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी अभी हड़ताल पर है इस मामले मे हमे लगता है की कोई षडयंत्र कर रहा है, मामले को लेकर जांच कमिटी बनाया जायेगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की बात यदि मान भी लिया जाये तो लोगो के लिए यह बड़ा सवाल है कि आखिर इतनी भारी संख्या मे सरकारी दवा जिससे सैकड़ो ग्रामीणों का ईलाज कर जान बचाई जा सकती है। सड़क किनारे आखिरकार किसने फेंका।

### मॉडल स्कूल बालूमाथ में नामांकन प्रवेश परीक्षा हेतु फार्म भरना हुआ प्रारंभ

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र धाधु स्तिथ मॉडल स्कूल में वर्ष 2023 के लिए नामांकन प्रवेश परीक्षा चार फरवरी से प्रारंभ हो गया है। नामांकन प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यूनतम आयु 10 वर्ष एवं अधिकतम आयु 12 वर्ष होने चाहिए तथा पांचवा उत्तीर्ण या कक्षा छह में अध्ययनरत होना चाहिए। इस विद्यालय में किसी भी तरह का शुल्क देय नहीं है और बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से वर्ग 6 से 12 तक की पढ़ाई होती है एवं बच्चों को 6 से 12 तक की मुफ्त किताबें भी दी जाती है। इस बार बच्चों का आवेदन ऑनलाइन (www.jac.jharkhand.gov.in/jac) के माध्यम से भरा जाएगा। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2023 है। और प्रवेश परीक्षा 9 अप्रैल 2023 निर्धारित है। उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार गुप्ता ने दी। विद्यालय से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9334449782 पर संपर्क किया जा सकता है।

### केंद्रीय विद्यालय के छात्रों को आग लग जाने पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में दी गई जानकारी


जानकारी देते अग्निशमन के अधिकारी

**लातेहार।** आग लग जाने पर बरती जाने वाली सर्तकता को लेकर एक जागरूकता अभियान अग्निशमन विभाग के द्वारा शहर के केंद्रीय विद्यालय में चलाया गया। प्रभारी लिडिंग फायर मैन मनोज कुमार सिंह, फायर मैन गौरीशंकर पांडेय व सत्येद्र प्रसाद ने विद्यालय के छात्र व छात्राओं को गैस सिलिंडर में आग लग जाने पर उसे बुझाने के तरीकों एवं बरती जाने वाली सावधानियों को व्यवहारिक रूप से दिखाया। उन्होने आग लग जाने पर कम से कम नुकसान कैसे हो और आग पर किस प्रकार काबू पाया जाये, इसे भी प्रैटिकल रूप से कर के दिखाया। उन्होने कहा कि आग का इस्तेमाल बहुत ही सावधानी से करना चाहिए। आग लगने पर आग के संपर्क में आने वाले सामानों को पहले वहां से हटाना चाहिए। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने कहा कि अग्निशमन विभाग के द्वारा दिखाये गये इस डेमो से न सिर्फ छात्रो को वरन शिक्षकों को भी बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होने कहा कि बच्चों को सिलिंडर या अन्य ज्वलनशील उपकरण या सामग्रियों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मौके पर विद्यालय के कई शिक्षक व शिक्षिकायें उपस्थित थीं।

### रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर निकाली गई कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल भक्त।

बारियातू। संत शिरोमणि रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर गोनिया पंचायत के चुम्बा, शिबला पंचायत के मकरा व बालुभांग पंचायत के बालुभांग में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भव्य कलश यात्रा उपरोक्त गांवों के संत शिरोमणि रविदास पूजा स्थल से गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए मकरा के (ब्रम्हदेता) कलहिटांड नदी, चुंबा पूजा स्थल से सिमरखाड़ नदी व बालुभांग के झिकिया नदी पहुंची। जहां से नदी का पवित्र जल कलश में भरकर पुनः पूजा स्थल पहुंच कलश स्थापित की गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु संत शिरोमणि रविदास का उद्घोष जयकारे भी लगा रहे थे। इधर पांच फरवरी को प्रखंड के डाढ़ा, फुलसू, बालुभांग, चुंबा, गाड़ी, पिपराडीह, टोटी हेसला, राजगुरु व मकरा सहित अन्य स्थानों में संत शिरोमणि रविदास की जयंती प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। भव्य कलश यात्रा के दौरान उपरोक्त स्थानों के स्थानीय चुम्बा ग्राम मे मुकेश राम, प्रकश राम, राजेन्द्र गंझु, कुलदीप राम बिनोद राम, मनोज राम, सुरेश राम, सुनीता, काजल, पार्वती, गीता, रिया, सपना, गुंजा कुमारी, बालूभाँग मे मनोज मोची की अध्यक्षता मे राजेश मोची, सुकर राम, दीपू, मुकेश, रंजय, संजय समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

### पंचमुखी शिव मंदिर में तीन दिवसीय गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का होगा आयोजन

**बरवाडीह।** पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में आगामी 16 फरवरी से तीन दिवसीय गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए पंचमुखी शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय चंद्रवंशी ने बताया कि मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो गया हैं। इसके अंतिम रूप देने हेतु तीन दिवसीय श्री गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें भगवान गणेश की प्रतिमा मंदिर के मुख्य द्वार के शीर्ष पर पूरे विधि विधान के साथ स्थापित की जाएगी। महायज्ञ कार्यक्रम को लेकर श्री चंद्रवंशी ने बताया कि आगामी 16 फरवरी, दिन गुरुवार को दस विधि स्नान, जलयात्रा, पंचाग पूजन और जलाधिवास का कार्यक्रम है। वहीं 17 फरवरी, दिन शुक्रवार को वेदी पूजन, अन्नाधिवास, फलाधिवास, मिठानाधिवास, पुष्पाधिवास, नगरभ्रमण एवं भयाधिवास होगा, तथा अंतिम दिन 18 फरवरी, दिन शनिवार को वेदी पूजन, मूर्तिकार न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, हवन पूणार्हुति और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के सदस्यों ने बरवाडीह प्रखण्ड वासियों से महायज्ञ के समस्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की हैं।

### लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव ने बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण


निरीक्षण करते उपायुक्त भोर सिंह यादव।

**बालूमाथ।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव ने शनिवार को बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ लातेहार एसपी अंजनी अंजन, उप-समाहर्ता आलोक शिकारी कश्यप भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में अनावश्यक घूमते लोगों को देखकर डीसी ने बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला को जमकर फटकार लगाई। कहा यह कोई पार्क नहीं है जहां लोग अनावश्यक घुमे। उसके बाद उपायुक्त ने होम गार्ड को बुलाकर कहा कि प्रखंड कार्यालय परिसर में आने जाने वाले सभी लोगों से पूछताछ करे। वह किस काम से आए हुए हैं उसके बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया जाए। वही बीडीओ को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में एक शिकायत पेटी बनवाए जहां लोग अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दे सकें। प्रखंड कार्यालय परिसर के निरीक्षण के बाद सभी अधिकारी बालूमाथ थाना पहुंचे और वहां भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### भगवती जागरण के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय कार्यक्रम श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 30 वां वार्षिकोत्सव

# विधायक वैद्यनाथ राम ने किया जागरण का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता


लोगों को संबोधित करते विधायक बैद्यनाथ राम।

लातेहार। श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 30 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम तीन फरवरी की रात आयोजित भगवती जागरण के साथ संपन्न हो गया। जागरण का शुभारंभ स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम, मंदिर समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहु, त्रिभुवन पांडेय, कल्याणी पांडेय व अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलति कर किया। मौके पर संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह मंदिर लातेहार जिला के लिए एक धरोहर है और इसे सहेज कर रखना है। उन्होने आयोजन समिति को 30 वार्षिकोत्सव पर धन्यवाद दिया। भगवती जागरण का शुभारंभ के अनूप राज के द्वारा गाये गये गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद अवनिश जागरण मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भजन गाकर लोगो को झुमने पर मजबूर कर दिया। जमशेदपुर की वीणा कौर ने कई भजन गाकर लोगो को खुब प्रभावित किया। उन्होने घुंघुर लागल कावंरिया भजन गाकर लोगो को झुमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद विजेता व जया ने भी कई भजन प्रस्तुत किया। वहीं सोनभद्र की दिवाकर एंड मंडली के कलाकारो ने एक से बढ़ कर एक झांकी प्रस्तुत की। उन्होने भगवान शिव व पावर्ती, महाकाल, हनुमान व राधा-कृष्ण की कई आकर्षक झांकिया प्रस्तुत की। मंडली के कलाकरों ने भोला नाचे मसाने में गीत पर हैरतअंगेज कारनामे दिखाये और खुब वाह वाही लूटी। मौके पर महेद्र प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद शौंडिक, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, आशीष टैगोर, रंजीत कुमार, रविंद्र प्रजापति, राजू रंजन सिंह, राजू प्रसाद, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, संजीव कुमार, उमेश प्रसाद गुप्ता, राजीव कुमार, कुक्कू गुप्ता, राकेश दुबे, पंकज प्रसाद, सतीश कुमार, संतोष दुबे, उज्जवल कुमार, जीतेंद्र प्रसाद, विंदेश्वर प्रसाद, आकाश कुमार जायसवाल, दीपक विश्वकर्मा, विजेंद्र कुमार दास, प्रदीप प्रसाद, हेमंत सिंह, अनिल सिंह, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, सुनील शौंडिक व बजरंगी प्रसाद उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बोकारो के स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने की उठाई मांग



**बोकरो।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह ने बोकारो विधायक बिरंची नारायण एवं उपायुक्त को पत्र लिखकर नवनिर्मित तिरंगा पार्क में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों व सेनानियों की प्रतिमा तैल चित्र स्थापना में बोकारो जिला के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों को प्राथमिकता देने की मांग की है। पत्र में बोकरो जिले के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में जगबंधु भट्टाचार्यए वृंदा सिंहए यमुना साहए शुभेंदु शेखर मिश्राए ईश्वर नाथ चौबेए अनिरुद्ध पांडेए नारायण मूर्तिए दीपक चंद्र अग्रवालए मनोहर मनोरथ शास्त्री व मोहन कुमार सिंह का जिक्र किया है।

## एमसीसी सचिव ने थाना के समक्ष आंदोलन की चेतावनी दी

**बोकारो।** एमसीसी के बोकारो जिला सचिव गया शर्मा ने बोकारो एसपी को एक पत्र के माध्यम से माराफारी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध पशु चोरी एवं अन्य अवैध मामलों में माराफारी थाना द्वारा संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने की सूचना देते हुए अविलंब उचित कदम उठाने का आग्रह किया है। श्री शर्मा ने माराफारी थाना के एक पुलिसकर्मी पर आजाद नगर के खान मोहल्ला निवासी एक पशु चोर व उसके सहयोगियों से मिलीभगत का जिक्र करते हुए कहा है कि उक्त पशु चोरों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। उन्होंने थाना के समक्ष सामूहिक आंदोलन करने की बाध्यता जाहिर की है।

## नये आउटसोर्सिंग का होगा विरोधः धर्मेन्द्र

**अलकडीहा।** लोदना कोलियरी कार्यालय और जयरामपुर कोलियरी बियर कंपनी में आउटसोर्सिंग कंपनी के विरोध में और विस्थापन मुद्दा पर ग्रामीणों के द्वारा बैठक की गई ।बैठक में एक मत से आउटसोर्सिंग का बहिष्कार करने और कार्य शुरू करने से पहले रोजगार गारंटी एंव सभी सुविधाएं के साथ विस्थापन करने की बात कही गई साथ ही साथ 7/2/23 को क्षेत्रीय कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। बैठक में बोला यादव, सुभाष उपाध्या, सुरेश पासवान, भगवान दास, रविन्द्र पासवान मौजूद थे।

## हर्ल के ग्रीन कौरीडोर में लगी आग, कोई नुकसान नहीं

**सिन्दरी।** हर्ल खाद कारखाने के ग्रीन बेल्ट एरिया में शनिवार की दोपहर लगभग दो बजे आग लगने से सिन्दरीवासियों में हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने के लिए हर्ल अग्निशमन विभाग की गाड़ियों समेत झरिया की एक दमकल गाड़ी लगी हुई हैं। हर्ल सिनियर वाइस प्रेसिडेंट ने बताया कि ग्रीन कौरीडोर में आग लगने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। झाड़ियों में आग कैसे लगी, इसका पता लगाया जाएगा।

## लापता युवक का कुंआ में मिला शव

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के बड़की बौआ निवासी सीताराम महतो का छोटा पुत्र 23 वर्षीय शेखर संजन महतो 30 जनवरी से लापता था। शेखर संजन महतो अपने मौसी के घर नर्रा बरवाडीह चंद्रपुरा गया था। सरस्वती पूजा के विसर्जन को लेकर सुरेश महतो, सचिन महतो, नंदू महतो, डीसी महतो उर्फ माही महतो और केदार महतो ने शेखर संजन महतो को घर से ले गया। सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के बाद सभी लौट आये। मगर शेखर संजन महतो नही लौटा। काफी खोज बिन के बाद भी कोई पता नही चला। जिसके बाद शेखर संजन महतो का शव कुंआ से बरामद हुआ।

# सीएम गिना रहे थे उपलब्धियां सहिया कर रही थीं नारेबाजी

**झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस समारोह में जहां एक ओर गोल्फ ग्राउंड के भीतर बने मंच से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जब राज्य सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे तो बाहर सड़कों पर सहियाएं नारा लगा रही थीं-हेमंत सोरेन के राज में सहिया भूखे मरती हैं। झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ के बैनर तले सहिया के प्रदर्शन को अधिकारी व पुलिस बल अंदर जाने से रोकने में लगे रहे, जबकि उनकी नारेबाजी से सभास्थल गूंजता रहा। इसके पहले सहियाओं को समारोह स्थल से जबरन बाहर निकाल दिया गया था। इस कार्रवाई से आक्रोशित सहियाओं ने हेमंत सरकार के विरोध में जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि सहिया को राज्यकर्मी घोषित कर मासिक प्रोत्साहन राशि 2000 हजार रुपये के स्थान पर 18 हजार रुपये किया जाए। सहिया को ईपीएफ तथा पेंशन के दायरे में लाया जाए। एक ठोस सहिया नियमावली विधानसभा में पारित किया जाए। कोविड से लेकर अभी तक बकाया राशि का अविलम्ब भुगतान किया जाए. सहिया को अनुकंपा का लाभ दिया जाए तथा आकस्मिक मृत्यु होने पर सरकारी मुआवजा दिया जाए। बता दें कि अपनी मांगों को लेकर सहिया विगत 16 जनवरी से आंदोलनरत हैं।



## राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार

**धनबाद।** जिला जनसंपर्क कार्यालय,धनबाद के तत्वावधान में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि जन जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जा सके। इसी क्रम में शुक्रवार को धनबाद के टिकिया मोहल्ला, पुराना बाजार क्षेत्र में झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार-प्रसार के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम सह नाटक की प्रस्तुति विभाग में सूचीबद्ध संस्था के कलाकारों द्वारा दी गई।

## झामुमो स्थापना दिवस समारोह में सुरक्षा के थे कड़े प्रबंध

**धनबाद।** झामुमो के 51वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को धनबाद जिले के कोने कोने से झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता ढोल नगाड़ा एवं पारंपरिक वेशभूषा में धनबाद के गोल्फ ग्राउंड पहुंचे। कार्यक्रम में सुरक्षा को ध्यान रखते हुए धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार खुद मॉनिटरिंग करते हुए नजर आए चप्पे-चप्पे पर पुलिस मौजूद थी। कार्यक्रम के मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव की गई थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डा पहुंचे, जहां से सड़क मार्ग से रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड पहुंचे। ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव के बावजूद भी धनबाद में शनिवार को छोटे-बड़े वाहन रेंगते नजर आए। नेता शक्ति प्रदर्शन को लेकर अपने अपने समर्थकों के साथ कोई बाइक से तो कोई स्कॉर्पियो वाहन का काफिला लेकर पहुंचा था।

## बालिका विद्या मंदिर झरिया के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की हुई विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया ।** मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट झरिया द्वारा संचालित बालिका विद्या मंदिर झरिया मै आज फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राजकुमार अग्रवाल जी विशिठ अतिथि मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री ललित अग्रवाल जी सचिव दीपक अग्रवाल जी बालिका विद्या मंदिर के अध्यक्ष श्री हरीश राठी जी बालिका विद्या मंदिर के सचिव गणेश अग्रवाल जी प्राचार्य श्रीमती मीनू अख्तर जी ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर वा दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राजकुमार अग्रवाल जी ने कहा कि आज ये बच्चे विद्यालय से विदा ले रहे है परन्तु हम नम आंखों से इन्हे विदाई कर रहे हैं परन्तु आशा ही नहीं पूर्ण बिस्वास है कि बालिका विद्या मंदिर के बच्चे परीक्षा में अच्छी सफलता पा कर हमारे विद्यालय का नाम रोशन करे। बच्चो ने एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मौके पर रमेश अग्रवाल, सुमित खेतान,अमित भूतगड़िया, मोहित अग्रवाल आदि लोग मौजूद थे

## हर्ल गेट पर भूख हड़तालः दूसरे ही दिन बिगड़ी ग्रामीणों की तबियत, हुई जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** हर्ल में नियोजन को लेकर हर्ल गेट के समीप चल रही छाताटाँड़ पंचायत के ग्रामीणों की भूख हड़ताल के दूसरे दिन ग्रामीणों की तबियत बिगड़ना शुरू हो गई है। इसमें फूलचंद टुडू, अमर बाउरी व नीरज हाँसदा को उल्टी व दस्त की शिकायत स्वास्थ्य विभाग ने दर्ज की। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे छाताटाँड़ पंचायत की मुखिया डोली हाँसदा व विरसिंहपुर पंचायत के मुखिया रांगा किस्को ने बताया कि उत्पादन से प्रभावित ग्रामीण अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। हर्ल प्रबंधन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। हर्ल की इस अड़ियल रवैये के खिलाफ सोमवार से पूर्वघोषित कार्यक्रम के तहत ग्रामीण आमरन अनशन पर बैठेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सुबह में स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ सिर्फ फोटो खिंचवाकर चली गई। काफी कोशिशों के बाद चिकित्सक डॉ हरिकेश कुमार के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने योगदान दिया है।



## सादगी से मना पूर्व विधायक का 40वां जन्म दिन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह का जन्मदिन शनिवार को झरिया कोयलांचल में उत्साह के साथ मनाया। झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ केक काटकर पूर्व विधायक संजीव सिंह का 40 वां जन्मदिन सादगी के साथ मनाया। मौके पर रागिनी सिंह ने कार्यकताओं व नेताओं को केक एवं मिठाई खिलाई। समर्थको ने दीघार्यु कामना के साथ जल्द ही जेल से रिहा होने की कामना की। वही आज भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व विधायक श्री संजीव सिंह के जन्मदिन के शुभ अवसर पर कार्यकताओं द्वारा पूर्व में उनके द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यों को दशार्ने हेतु क्रायकताओं ने केक के माध्यम से संदेश देने का काम किया जिसमे विधायक जी द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ने का संदेश दिखाया गया। भाजपा समर्थक और जनता मजदूर संघ कुंती गुट के समर्थको ने रागिनी सिंह को संजीव सिंह की जन्मदिन की बधाई दी। सुबह से ही गुलदस्ता, बुके भेंट करने वालों का तांता लगा रहा। संजीव सिंह की जन्मदिन की खास बात यह रही कि जन्मदिन पर झरिया शहर के धर्मशाला रोड में युवा संगठन द्वारा एक दिवसीय नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री रागिनी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं. मौके पर उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य एवं निरोग काया की कामना सभी लोग करते हैं. ऐसे में, नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रेयस्कर है। जांच शिविर आयोजन के लिए उन्होंने युवाओं को धन्यवाद दिया। लगभग 5 दर्जन से अधिक लोगों ने अपने नेत्रों का एवं रक्त, ब्लड प्रेशर, मधुमेह आदि की जांच कराई। इस अवसर पर असरफी हॉस्पिटल की टीम डॉ सूरज मिश्रा एवं जांच टीम में शामिल थे।



## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मना कैंसर जागरूकता दिवस

**कैंसर पांच प्रकार के होते हैं ल्यूकेमिया मेलानोमा, कार्सिनोमा, साकोर्मा, लिंफोमा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामाडोभा।** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा की विशेष प्रार्थना सभा में विश्व कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा सातवीं की छात्रा आकांक्षा पाण्डेय एवं छठवीं के छात्र नमन कुमार तथा तीसरी कक्षा के उत्कर्ष ने बच्चों को जागरूक करने के लिए भाषण दिया। कृति कुमारी ने कैंसर पर आधारित बच्चों से प्रश्न किए जिसका उत्तर प्रार्थना सभा में उपस्थित बच्चों ने दिया। विश्व कैंसर दिवस प्रत्येक वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है बच्चों ने इस बात को बताया और इसके रोकथाम और इसके पहचान के उपाय भी बताए। विद्यालय के प्राचार्य श्री पी.के.मिश्रा ने बताया कि यह एक घातक और जानलेवा बीमारी है इससे प्रत्येक वर्ष विश्व में 7 मिलियन लोग मरते हैं। इस बीमारी से हम जागरूक होकर ही बच सकते हैं। ज्यादातर कैंसर तंबाकू के उपयोग से, धूम्रपान करने से, शराब पीने से होता है।

मुख्य रूप से कैंसर पाँच प्रकार के होते हैं ल्यूकेमिया, मेलानोमा, कार्सिनोमा, साकोर्मा और लिंफोमा। ल्यूकेमिया एक प्रकार का कैंसर है जो रक्त और मजा में उत्पन्न होता है । यह खून का कैंसर है। विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विजय कुमार सिंह ने मंच का संचालन किया।

## सेल ने जनवरी में किया सर्वाधिक मासिक उत्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** इस्पात मंत्रालय के तहत महारत्न सार्वजनिक उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने जनवरी 2023 में अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन दर्ज किया है। सेल की ओर से बोकारो स्टील के संचार प्रमुख मणिकांत धान के अनुसार इस साल जनवरी 2023 के दौरान अब तक का सर्वाधिक 17०2 लाख टन कच्चे इस्पात का मासिक उत्पादन दर्ज किया गयाए जो मार्च 2022 के पिछले सर्वाधिक मासिक उत्पादन की तुलना बहुत ही प्रभावशाली वृद्धि है। सेल ने मार्च 2022 के पिछले सर्वाधिक मासिक उत्पादन की तुलना मेंए इसी जनवरी 2023 महीने के दौरान अब तक का सर्वाधिक 18 लाख टन हॉट मेटल और 16०1 लाख टन विक्रेय स्टील का सर्वाधिक मासिक उत्पादन हासिल किया है। बेहतर उत्पादन होने के बाद पूरे अधिकारियों सहित कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। इससे अधिकारी- कर्मचारी काफी उत्साहित हैं।

## हनुमान मेंशन पर 59 लाख निगम का बकाया

**होल्डिंग टैक्स**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कतरास हनुमान मेंशन स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को हनुमान मेंशन के दुकानदारो एवं मेंशन मालिक की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मेंशन मालिक विनोद सिंह ने किया। बैठक में नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स के बकाया को लेकर चर्चा की गयी। मेंशन मालिक विनोद सिंह ने बताया कि 2021 तक माडा को होल्डिंग टैक्स जमा किया जा चुका है। 2021 के बाद दुकानदारों ने कहा कि 2021 के बाद जो भी होल्डिंग टैक्स होगा वह अपने-अपने प्रतिष्ठान का भुगतान करेंगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष में सहमति बनी। इसी के साथ मामला का निपटारा करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल कतरास नगर निगम कार्यालय में टैक्स दरोगा वीरेंद्र कुमार से भेट कर अपनी समस्याएं रखी। टैक्स दरोगा वीरेंद्र कुमार ने बताया कि हनुमान मेंशन का तीन मालिक है जिनके ऊपर 59 लाख रुपया बकाया है। दुकानदारों का कहना है कि 2021 तक मेंशन मालिक ने होल्डिंग टैक्स जमा कर दिया है। इसके बाद का टैक्स वह जमा करने को तैयार हैं।

**बैठक में थे मौजूद**

बैठक में दीपक अग्रवाल, मनोज गुप्ता,संजय केसरी, प्रभाष वर्मा, विनय तुलसियान, अंकित सोनी, मो फैजल,मो रिजवी, महावीर भुवालका, कमल अग्रवाल, हरविंदर सिंह सलूजा, दीपू सिंह, कौशल खान, अरुण तुलसियान, रोबिन बर्मन, अधिवक्ता अवधेश गुप्ता, विपिन जैन, मो नदीम अंसारी,अभिषेक गुप्ता, अवध बर्णवाल, मो नईम, अमित बर्मन, रिंकू केशरी, नितेश चौधरी, नीलेश गुप्ता, पवन अग्रवाल, बिनोद बर्मन, अशोक गुप्ता मौजूद थे।

## चुनाव की तैयारी में जुट जाएं भाजपा कार्यकर्ताः रागिणी सिंह

**भाजपा जोड़ापोखर मंडल कार्य समिति की बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चासनाला।** भाजपा जोरापोखर मंडल कार्य समिति की बैठक का आयोजन जोरापोखर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय के अध्यक्षता में चासनाला सेल के सामुदायिक भवन दुर्गा मंदिर के समीप में किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह उपस्थित थी कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस दौरान श्रीमती सिंह का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्रीमती रागिनी सिंह ने कहा की भाजपा के कार्यकरता अभी से ही चुनाव की तैयारी मे जुट जाय। बूथ जीतो चुनाव जीतो का नारा भाजपा का है राज्य की हेमंत सरकार अपने सभी मुद्दों पर फेल है जनता अब उन्हें पहचान चुकी है मोदी जी के द्वारा चलाए जा रहे जनहित कार्यों को लेकर घर घर जाए जनता को इससे अवगत कराएं और जो भी जिस योजना के काबिल हो उसे उस योजना को दिलवाने में सहयोग करें मौके पर वक्ताओं ने कहा कि झरिया विधानसभा एवं राज्य में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है भ्रष्टाचार चरम पर है गुंडई चरम पर है चोरी चरम पर है इसलिए कार्यकर्ता से अहवान किया गया की भाजपा सरकार की उपलब्धियां को आप लोगों के बीच रखें और राज्य सरकार की खामियां को लोगों के बीच ले जाए और ऐसे सरकार को उखाड़ फेंकने का भी आह्वान किया गया साथ ही सारे कार्यकताओं नेताओं को बूथ पर फोकस करने को कहा गया।



**कार्यक्रम में थे मौजूद**

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अभिषेक पांडेय, भाजपा धनबाद महानगर उपाध्यक्ष उमेश पांडेय, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी राजकिशोर जैना, ध्रुव हरि, स्वरूप राय विशाल श्रीवास्तव, देवचरण ठाकुर, शशिकांत निराला,वीरेंद्र भुइया, रामचंद्र महतो संजय पासवान विकास कुमार जय लाल शर्मा सुभाष सिंह, चीकू महतो, सौरभ मिश्रा, संजय पासवान, नीरज तिवारी, अमन पासवान, महाराणा सिंह, अमर कुमार, रंजय सिंह, साजन सिंह, रविंद्र मुखिया, सूरज हरि आदि थे।

## बाइक जुलूस निकाल स्थापना दिवस में हुए शामिल

**केंदुआ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 51वॉ स्थपना दिवस के उपलक्ष पर बाघमारा प्रखंड के उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान अपने सैकड़ो समर्थको के साथ अपने आवास लोयाबाद से मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर गोल्फ ग्राउंड के लिए रवाना हुए। यह मोटरसाइकिल जुलुस में वे खुद मोटरसाइकिल में सवार थे और समर्थको का हौसला बड़ा रहे थे। शनिवार को पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर समारोह का आयोजन धनबाद के गोल्फ ग्राउंड किया जा रहा है। इस बार कार्यक्रम में बदलाव करते हुए कार्यक्रम दिन के 12 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक समापन करने का निर्णय पार्टी ने लिया है ।कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन, पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन, समेत झारखंड सरकार के मंत्री शामिल होंगे।

## पेज एक का शेष

### हमें झारखंडियों की...

भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि उसे आदिवासी मूलवासी की सरकार बने यह गले नहीं उतरता। जब अपने लोगों को भाजपा ने पांच साल नहीं चलने दिया तो हमें पांच साल रहने देगा। झारखंडियों को बोका समझता है। हम उनकी तरह व्यापारियों के प्रतिनिधि नहीं हैं। उन्होंने कहा, भाजपा को महंगाई पहले डायन लगती थी, अब भौजाई लगती है। 20 लाख गरीबों का हरा राशन कार्ड हमने बढ़ाया। सरकार हमें एफसीआई से राशन नहीं दे रही है। बाजार दर पर चावल खरीदकर गरीबों को दे रहे हैं। केंद्र सरकार झारखंड को लूटना चाहती है। झरिया में लगी आग बुझाने का सालों से केंद्र सरकार प्रयास नहीं कर रही है। झारखंड का हक मांगने पर केंद्र राज्य सरकार को परेशान करने की साजिश रचती है। हम किसी से डरनेवाले नहीं। कार्यक्रम में सांसद महुआ माजी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, अमितेश सहाय अर्णव सरकार धनबाद जिला अध्यक्ष रमेश टू डू समेत अनेक लोग मौजूद थे।

### झारखंड में घुसपैठिये...

वोट के लालच में घुसपैठिये घुसाये जा रहे : अमित शाह ने कहा कि वोट बैंक के चक्कर में झारखंड में घुसपैठिए घुसाये जा रहे हैं। घुसपैठिये, आदिवासियों की जमीन हथिया रहे हैं। राज्य की बच्चियों पर अत्याचार कर रहे हैं और सीएम मुस्कुराकर यह सब देख रहे हैं। संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या लगातार कम हो रही है। देवघर का क्षेत्र ही नहीं झारखंड साइबर क्राइम का हब बन गया है। यहां बच्चों को गलत रास्ते पर ले जाकर बड़े-बड़े अपराध कराये जा रहे हैं। साइबर क्राइम से लड़ने के लिए केंद्र की सरकार ने मदद देनी चाही पर हेमंत बाबू कभी भी आगे नहीं बढ़े। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हेमंत बाबू, संथाल परगना में आपने विकास का कोई काम नहीं किया है। यहां की जनता को मूर्ख बनाने का काम किया। जनता अब आपको जान चुकी है और आप से हिसाब मांगती है।

**झारखंड के कई इलाके नक्सल मुक्त :** केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि राज्य का बड़ा हिस्सा नक्सल मुक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में झारखंड में बूढ़ा पहाड़ और कई अन्य इलाके नक्सल मुक्त हो गये हैं। अब प्रदेश में विकास की राह पकड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब भी जिन इलाकों में नक्सल का प्रभाव है, वहां भी उन्हें खत्म करने का काम चल रहा है।

**भ्रष्टाचार पर राज्य सरकार को घेरा :** श्री शाह ने वर्तमान झारखंड सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार विकास करना नहीं चाहती है। कोई मंत्री-मुख्यमंत्री बनता है, तो हाथ से करप्शन करता है, लेकिन यहां तो ट्रैक्टर और रेलवे के वैगन से भ्रष्टाचार करना शुरू कर दिया गया है। गरीबों और आदिवासियों के विकास का पैसा दिल्ली के दरबार में पहुंचाया जा रहा है। जनता सब जानती है।

**बजट में मध्यम वर्ग को मिली राहत :** अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट मध्यम वर्ग को राहत दी है। सात लाख रुपए तक आय वालों को इनकम टैक्स में छूट मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी भाई-बहनों के लिए कई काम करने जा रही है। आपके के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल खोले जायेंगे। वहीं शिक्षा का गुणवत्ता के लिए 38 हजार शिक्षकों की बहाली की जाएगी। आगामी एक साल में देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जायेगा।

### बाबा मंदिर में 35 ...

पूजा में दूध ,दही, घी,मधू, सक्कर, जल, फूल ,बेलपत्र आदी अर्पित करने के पश्चात नवैध अर्पित कर आरती के साथ पूजा को संपन्न किया। इस दौरान गर्भगृह में सांसद डॉ निशिकांत दुबे , सरदार पंडा श्रीश्री गुलाब नंद ओझा के अलावा सभा के महामंत्री वैदिक पंडित लंबोदर परिहस्त, पुजारी राकेश झा मौजूद रह। श्री शाह ने अपने पुरोहित की बही पर अपना नाम व वंशावली स्वयं अपने हाथों से दर्ज किया और खुद ही पुरोहित की बही पर हस्ताक्षर किये। पूजा के बाद पीएम मोदी की तरह उन्होंने भी बाबा मंदिर की परिक्रमा की।

### एनडीए प्रत्याशी सुनीता ...

इसकी घोषणा कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे। श्री आलम ने कहा कि बजरंग कुमार महतो के नाम को ले कर ऑल इंडिया कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति इंचार्ज सह महासचिव मुकुल वासनिक ने अधिसूचना जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि पिछले 4 उपचुनाव में यूपीए की जीत हुई, अब रामगढ़ में भी यूपीए उम्मीदवार की ही जीत होगी। नामांकन दाखिल करने के श्रीमती चौधरी ने कहा कि रामगढ़ की जनता का भरोसा वह जरूर जीतेंगी। पिछले तीन सालों में रामगढ़ में विकास कार्य जो काम बेपटरी हुए हैं उसे फिर से पटरी पर लाने का प्रयास ही उनका मुख्य चुनावी मुद्दा है। इस मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव से झारखंड में राजनीति की नयी शुरूआत होने जा रही है। उपचुनाव में जीत के साथ एनडीए सशक्त उपस्थिति दर्ज करायेगा। उन्होंने कहा कि तीन सालों में राज्य इससे वाकिफ हो चला है कि झामुमो और कांग्रेस ने जनादेश का अपमान किया है और लोगों को छला है। वही भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है। झामुमो कांग्रेस की सरकार से लोगों का भरोसा टूट गया है। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि सरकार गठन के तीन साल हो गये, लेकिन ना नियोजन नीति बन सकी और स्थानीय नीति।

### जमानत अवधि पूरी...

ईडी ने 6 मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए थे।

**पीसी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने मंजूरी :** पूर्व खनन सचिव पूजा सिंघल और अन्य अधिकारियों के खिलाफ खनन घोटाले में प्राथमिकी दर्ज करने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अब मुख्यमंत्री, खनन मंत्री के रूप में, एसीबी को पूजा सिंघल और अन्य के खिलाफ पीसी अधिनियम के तहत भ्रष्टाचार के लिए प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कह सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा साझा की गई सूचना पर प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर विधि विभाग से राय मांगी थी। प्रवर्तन निदेशालय ने मनरेगा घोटाले की जांच के बाद इससे संबंधित पहली रिपोर्ट नवंबर 2022 में राज्य सरकार को भेजी थी। इडी की इस रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार और छह जिला खनन पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जानी है। ईडी ने मनरेगा घोटाले में प्रथम चरण की जांच पूरी करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दायर किया है। ईडी की सूचनाओं के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की जानी है।

स्पीड न्यूज

## धर्मेंद्र प्रधान बनें कर्नाटक के चुनाव प्रभारी



**नयी दिल्ली।** भाजपा ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधान को कर्नाटक में विधानसभा चुनाव का प्रभारी तथा तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई को सह प्रभारी नियुक्त किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव मई में होने हैं।

## नागालैंड चुनाव के लिए कांग्रेस ने 21 उम्मीदवार किये घोषित

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने नगालैंड विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी के प्रमुख उम्मीदवारों में के थेरी, एस आमेंटो चिशी, वी लासुह, एसके संगतम, टी थॉमस कोन्याक और रोजी थॉमसन शामिल हैं।

## भाजपा ने महाराष्ट्र विस उपचुनाव के लिए की उम्मीदवारों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा की दो सीटों के उपचुनाव के लिए शनिवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने चिंचवाड सीट से श्रीमती अश्विन लक्ष्मण जगताप तथा कस्बा पेठ विधानसभा सीट से हेमंत नारायण रासने को प्रत्याशी बनाये जाने को स्वीकृति दी है। महाराष्ट्र में पुणे जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव 26 फरवरी को तथा मतगणना दो मार्च को होगी।

## हिलेरी क्लिंटन आज से गुजरात दौरे पर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन रविवार से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आएंगी। इस दौरान क्लिंटन सामाजिक कार्यकर्ता एवं गांधीवादी इला भट्ट द्वारा स्थापित 'सेल्फ इम्पावर्ड वीमेन एसोसिएशन' के एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी। इस संगठन को 'सेवा' के नाम से जाना जाता है। भट्ट का पिछले साल नवंबर में निधन हो गया था।

## पाकिस्तान में लगा विकिपीडिया पर प्रतिबंध

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान टेलिकोकम्युनिकेशन अथॉरिटी ने धर्मविरोधी सामग्री नहीं हटाने के कारण ऑनलाइन एनसाइक्लोपीडिया विकिपीडिया पर शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया।

### अडानी मामले पर वित्त मंत्री सीतारमण ने दिया जवाब, कहा

# देश की छवि को कोई नुकसान नहीं

### नियामक एजेंसियां कर रही हैं अपना काम : सीतारमण

### पिछले दो दिनों में ही 8 अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा आई है



एजेंसी

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और इस पर अडानी एंटरप्राइजेस विवाद का कोई असर नहीं पड़ेगा। बजट को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 24 के लिए हाल ही में पेश किए गए बजट का मुख्य फोकस विकास पर है। उन्होंने कहा कि बजट प्रस्ताव में राजकोषीय समेकन और विकास, दोनों पर सामान रूप से ध्यान दिया गया है। इनके बीच संतुलन स्थापित करना ही सरकार का लक्ष्य है।

उन्होंने इवेंट में मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ भाग लिया। वित्त मंत्री ने कहा कि विकास हमारे बजट का मुख्य फोकस है। हम उस रिकवरी को बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने विकास सुनिश्चित करने का श्रेय देश के लोगों को दिया।

वित्त मंत्री ने सीतारमण कहा कि आम लोगों ने देश को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई राहत और नीतिगत उपायों को आत्मसात किया।

**बजट में किए गए हैं सभी प्रस्ताव**

वित्त मंत्री ने कहा कि बजट पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा सार्वजनिक पूंजीगत व्यय पर अधिक राशि खर्च करने की इच्छा के अनुरूप है। इसलिए बजट में इसके तहत 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव किया गया है।

**आते-जाते रहते हैं एफपीओ**

वित्त मंत्री से जब पूछा गया कि क्या वैश्विक वित्त बाजार में भारत की स्थिति अडानी एफपीओ पुलआउट के मद्देनजर कमजोर हुई है, तो उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में विदेशी मुद्रा भंडार आठ बिलियन डॉलर बढ़ गया है। हमारे मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल या अर्थव्यवस्था की छवि प्रभावित नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि एफपीओ आते हैं और निकल जाते हैं। ये उतार-चढ़ाव हर बाजार में होता है। लेकिन हकीकत यह है कि पिछले कुछ दिनों में हमारे पास 8 बिलियन आए हैं। यह साबित करता है कि भारत और इसकी अंतर्निहित ताकत के बारे में धारणा मजबूत हुई है। नियामक एजेंसियां अपना काम बखूबी कर रही हैं। आरबीआई ने बयान जारी कर दिया है। उससे पहले बैंकों और एलआईसी ने अडानी समूह में अपने एक्सपोजर के बारे में बताया है।

**सेबी करेगी अपना काम**

सीतारमण ने कहा कि बाजार नियामक इकाइयां अपना काम बखूबी कर रही हैं, ताकि बाजार अच्छी तरह से विनियमित हो। बाजार को अच्छी तरह से विनियमित रखने के लिए सेबी अपना काम कर रही है। उसके पास इस मामले से निपटने के सभी साधन हैं।

## बाजार से खिलवाड़ नहीं होने देंगे : सेबी

हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद गौतम अडानी ग्रुप के शेयरों में आई भारी गिरावट पर सेबी ने एक अहम बयान दिया है। शेयर बाजार को रेग्युलेट करने वाली संस्था सेबी ने कहा कि हम मार्केट के साथ किसी तरह का खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इसके साथ ही सेबी ने बताया कि इस पूरे प्रकरण में सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि, सेबी के बयान में सीधे तौर पर अडानी समूह का नाम नहीं लिया गया है। क्या कहा सेबी ने: सेबी ने बताया कि पिछले सप्ताह के दौरान एक कारोबारी समूह के शेयरों की कीमत में असामान्य उतार-चढ़ाव देखा गया। बाजार के सुचारू और कुशल तरीके से काम करने के लिये किसी खास शेयरों में उतार-चढ़ाव से निपटने को लेकर सभी निगरानी व्यवस्था मौजूद है। सभी जरूरी मामलों के संज्ञान में आने के बाद सेबी उनकी जांच करता है और उचित कार्रवाई करता है। सेबी ने कहा- हम बाजार में निष्पक्षता, कुशलता और उसकी मजबूत बुनियाद बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि शेयर बाजार निर्बाध, पारदर्शी, कुशल तरीके से काम करे, जैसा कि अब तक होता रहा है।

## अदालत के लिए कोई भी मामला छोटा या बड़ा नहीं : सीजेआइ

### हम लैंगिक समानता के मजबूत पक्षधर : चंद्रचूड़



›› हर मामला महत्वपूर्ण होता है क्योंकि नागरिकों की शिकायतों से जुड़े छोटे मामलों में ही संवैधानिक और न्यायशास्त्रीय महत्व के मुद्दे सामने आते हैं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम शीर्ष अदालत से लेकर निचली अदालत की भूमिका पर चर्चा की।

इस मौके पर उन्होंने अपना संबोधन भी दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अदालत के लिए, कोई बड़ा या छोटा मामला नहीं होता है, हर मामला महत्वपूर्ण होता है क्योंकि नागरिकों की शिकायतों से जुड़े छोटे मामलों में ही संवैधानिक और न्यायशास्त्रीय महत्व के मुद्दे सामने आते हैं। ऐसी शिकायतों को दूर करने में अदालत सादे संवैधानिक दायित्वों का पालन करती है।

**हमारी अदालत लैंगिक समानता का मजबूत समर्थक**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधिश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारी अदालत लैंगिक समानता के एक मजबूत समर्थक के रूप में उभरी है, चाहे वह विरासत के कानून की व्याख्या हो या सशस्त्र बलों में महिलाओं के प्रवेश को सुरक्षित करना हो।

## वोटरों को लुभाने के लिए चुनाव आयोग का नया गीत, मैं भारत हूं...



**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने इस साल होने वाले नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग की पूरी कोशिश है कि इन चुनावों में मतदान का प्रतिशत बढ़े। आम लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोग ने हाल ही में सुभाष घई फाउंडेशन के साथ मिलकर एक गाना 'मैं भारत हूं, हम भारत के मतदाता हैं' तैयार किया है। इस गीत को फिल्म निमार्ता सुभाष घई ने ही लिखा है। देशभर के कई गायकों और अभिनेताओं ने इसमें भागीदारी की है। गीत में मतदाताओं से वोट डालने और अपना संवैधानिक कर्तव्य पूरा करने की अपील की गई है।

## एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर फैक्ट्री को मोदी करेंगे देश को समर्पित

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक की अपनी यात्रा के दौरान सोमवार को तुमकुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के हेलीकॉप्टर कारखाने को देश को समर्पित करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि कारखाना देश के सभी हेलीकॉप्टर आवश्यकताओं को पूरा करेगा। 615 एकड़ में फैली ग्रीनफील्ड हेलीकॉप्टर फैक्ट्री भारत की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण सुविधा है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। मालूम हो कि साल 2016 में मोदी ने इस कारखाने का शिलान्यास किया था। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शुरू में यह कारखाना प्रति वर्ष करीब 30 हेलीकॉप्टरों का उत्पादन करेगा।

## कोई किसी को वॉर्निंग नहीं दे सकता : रिजिजू

### कानून मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी को नकारा

एजेंसी



**प्रयागराज।** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी को नकार दिया है। रिजिजू ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है, जबकि यहां कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता। हम जनता के सेवक हैं, हम संविधान के हिसाब से काम करते हैं। रिजिजू यूपी के प्रयागराज में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने केंद्र को चेतावनी देते हुए कहा कि हमें ऐसा स्टैंड लेने पर मजबूर न करें, जिससे परेशानी हो। इस पर केंद्र ने हलफनामा दाखिल कर बताया था कि सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की नियुक्ति के लिए भेजी सिफारिश अगले पांच दिन में मंजूर हो जाएगी। हालांकि केंद्र ने 24 घंटे की भीतर ही शनिवार को पांचों सिफारिशों को मंजूरी दे दी।

रिजिजू ने कहा, मैंने देखा कि मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने (कॉलेजियम पर) चेतावनी दी है। इस देश के मालिक यहां के लोग हैं, हम सिर्फ सेवक हैं. हमारी गाइड संविधान है। संविधान के अनुसार देश चलेगा। कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता है।

हम अपने आप को इस महान देश के सेवक के रूप में देखते हैं, वह अपने आप में बड़ी बात है। लोगों ने हमें मौका दिया है काम करने का। आप सब प्रिवेलेज लोग हैं, जज-वकील बने हैं...पढ़ लिखकर ही बने हैं। हम खुशकिस्मत हैं कि देश के लिए काम करने के लिए जिम्मेदारी मिली है।

## फटकार के बाद पांच जजों की नियुक्ति को हरी झंडी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की कड़ी चेतावनी और फटकार के बाद केंद्र सरकार ने शनिवार को पांच नए जजों की नियुक्ति को हरी झंडी दिखा दी। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट करके यह जानकारी दी। ये सभी पांच जज विभिन्न हाई कोर्ट्स के हैं, जिन्हें अब प्रमोट करके सुप्रीम कोर्ट का न्यायधीश बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किए जाने वाले पांच जजों के नाम राजस्थान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस पंकज मिथल, पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय करोल, मणिपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस पीवी संजय कुमार, पटना हाई कोर्ट के जज अमानुल्लाह और इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज मनोज मिश्रा है।

## प्रशांत किशोर का लालू यादव पर तंज

**गोपालगंज।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि लालू प्रसाद का लड़का दसवां पास नहीं किया है, तब भी लालू जी को चिंता है कि उनका लड़का मुख्यमंत्री बने, इसमें कोई दिक्कत नहीं है कि लालू जी को अपने लड़के की चिंता है लेकिन दिक्कत इस बात से है कि जो बीए-एमए कर लिया और उसको चपरासी की भी नौकरी नहीं मिल रही है, और आपको कोई चिंता ही नहीं है। पीके ने शनिवार को चैनपट्टी गांव में जनसंवाद करते हुए जनता से कहा कि आप अगर अपने बच्चों की चिंता नहीं कीजिएगा तो दुनिया में कोई आपके बच्चे की चिंता नहीं करेगा।

## पाकिस्तान ने टीटीपी के हमलों को रोकने के लिए तालिबान प्रमुख से मांगी मदद

एजेंसी

**पेशावर।** पाकिस्तान आतंकियों के सामने पस्त नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पेशावर मस्जिद आत्मघाती हमले के बाद पाकिस्तान सरकार ने प्रतिबंधित तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर लगाम लगाने के लिए अफगान तालिबान के प्रमुख नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा की मदद मांगी है।

मालूम हो कि पाकिस्तान में आतंकवादी हमले बढ़े हैं। हाल के दिनों में अफगानिस्तान से लगती सीमा पर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में टीटीपी ने कई हमलों को अंजाम दिया है। पेशावर मस्जिद आत्मघाती हमले में 101 लोग मारे गए थे। टीटीपी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाक मीडिया के मुताबिक, शुक्रवार को शीर्ष समिति की बैठक के दौरान पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व ने टीटीपी के हमलों को रोकने के लिए अफगान तालिबान प्रमुख हिबतुल्लाह अखुंदजादा के हस्तक्षेप की मांग करने का फैसला किया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शुक्रवार की बैठक में भाग लेने वाले पाकिस्तान के गृह मंत्री राना सनाउल्लाह ने कहा कि पेशावर मस्जिद हमले के मास्टरमाइंड अफगानिस्तान में हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सरकार अपने अफगान समकक्षों के साथ इस मुद्दे को उठाएगी।

## 'एयरो-इंडिया' में गरजेंगे अमेरिकी लड़ाकू विमान

**नयी दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र की प्रमुख अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन बेंगलुरु में आगामी 'एयरो-इंडिया' प्रदर्शनी में अपने एफ-21 लड़ाकू विमान, एस-92 मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर, एमएच-60आर रोमियो मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर और टैंक विध्वंसक अस्त्र जेवलिन का प्रदर्शन करेगी। एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस प्रदर्शनी के रूप में जानी जाने वाली एयरो-इंडिया प्रदर्शनी का 14वां संस्करण 13 से 17 फरवरी तक कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। दुनियाभर की लगभग सभी प्रमुख एयरोस्पेस कंपनियों के वायुसेना स्टेशन, येलहंका में लगभग 35,000 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्र में होने वाले इस कार्यक्रम में भाग लेने की उम्मीद है।

## बिल गेट्स ने रोटी बनाई, चटखारे लेकर खाई

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक और अरबपति बिल गेट्स के रोटियां बनाने का वीडियो काफी वायरल हो चुका है। इसमें बिल गेट्स, शेफ ईटन बर्नथ के साथ है और चम्मच से आटा गूंथते दिख रहे हैं। वीडियो में गेट्स रोटियां भी बेलते हैं और फिर रोटी को घी के साथ चटकारे लेकर खाते हैं। इस वीडियो को शेफ ईटन बर्नथ ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है। अब इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया भी आई है। उनकी टिप्पणी भी सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रही है।

**क्या बोले पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने गेट्स के रोटी बनाने की कोशिशों की तारीफ करते हुए कहा, 'शानदार, भारत में बाजरे की भी काफी डिशेज हैं, जिन्हें आप बना सकते हैं।' अपने ट्वीट के जरिए पीएम ने माइक्रोसॉफ्ट संस्थापक को बाजरे की बढ़ती लोकप्रियता से अवगत कराने की कोशिश की है। इस ट्वीट में पीएम ने स्माइली इमोजी का भी इस्तेमाल किया है।



**शेफ बर्नथ ने शेयर किया था वीडियो**

मालूम हो कि ईटन बर्नथ ने अपने ट्विटर अकाउंट पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा था, '@बिल गेट्स और मैंने साथ में भारतीय रोटी बनाकर खूब मस्ती की। मैं अभी बिहार, भारत से वापस आया हूं, जहां मैं एक किसानों से मिला। मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं और 'दीदी की रसोई' कैंटीन की महिलाओं को भी, जिनकी बदौलत मैं रोटी बनाने में माहिर हो सका हूं।' माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स का परिचय करवाते हैं। फिर वह गेट्स को नई डिश यानी भारतीय रोटी के बारे में बताते हैं।


## अलग-अलग किरदार निभाना चाहती है कृति सैनन



अभिनेत्री कृति सैनन फिल्मों में अलग-अलग तरह का किरदार निभाना चाहती है। कृति सैनन का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्मों में उनके अभिनय के नये रंग दर्शकों को देखने को मिलेंगे। इन फिल्मों में पारिवारिक मनोरंजन कहानियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मेरी सबसे बड़ी फिल्म 'आदिपुरुष' प्रदर्शित होने वाली है, जिस पर मुझे बेहद गर्व है। मैं शाहिद कपूर के साथ एक प्रेम कहानी भी कर रही हूं। हम पहली बार पर्दे पर साथ काम कर रहे हैं, इसलिए आप नई केमिस्ट्री देखेंगे। कृति सैनन ने बताया बरेली की बर्फी तक, मुझे एक के बाद एक छोटे शहरों की भूमिकाएं मिल रही थीं। इसलिए, मैंने युद्ध महाकाव्य 'पानीपत' में काम किया। फिर मैंने 'मिमी' में एक मजबूत और भावपूर्ण भूमिका निभाई। मैं अलग-अलग रोल करना चाहती हूं।

## पठान फिल्म एक्शन से भरपूर : शाहरुख

बॉलीवुड फिल्म निमार्ता-निर्देशक यश चोपड़ा और उनके पुत्र आदित्य चोपड़ा की फिल्में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'दिल तो पागल है' में मुख्य भूमिका निभाने वाले अभिनेता शाहरुख खान को उनके प्रशंसकों ने हमेशा ही एक रोमांटिक हीरो के रूप में देखा, लेकिन अब उनकी एक्शन 'पठान' में उन्होंने जबरदस्त भूमिका निभाई है। अभिनेता शाहरूख खान बताते हैं कि 30 साल पहले फिल्म निमार्ता आदित्य चोपड़ा ने उनसे वादा किया था कि वह उनके साथ एक एक्शन फिल्म भी करेंगे, जो अब 'पठान' फिल्म में पूरा हुआ। उन्होंने कहा, 'हम डर की शूटिंग कर रहे थे और शूटिंग के दौरान हम सभी पाम आंटी, आदि और जूही रात में स्क्रैबल खेलते थे। पूरी यूनिट से मैं आदि के काफी करीब था, क्योंकि हम एक ही उम्र के थे और हमारी समझ अच्छी थी। मैं आदि को हमेशा से बहुत पसंद करता रहा हूं।' अभिनेता अपनी पिछली फिल्मों का जिक्र करते हुए बताते हैं कि उनका एक एक्शन फिल्म करने का सपना था। जब आदित्य चोपड़ा ने उन्हें अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई गयी, तब उन्हें लगा कि इसमें एक्शन तो है ही नहीं। उन्होंने कहा कि उन्होंने आदि के पिता फिल्म निमार्ता-निर्देशक यश चोपड़ा को फोन किया और उनसे पूछा कि आदि को क्या हुआ है? उन्होंने क्या बताया है कि यह एक एक्शन फिल्म है। तब आदि ने कहा कि हम इसे आगे करेंगे। लेकिन फिर हमने 'दिल तो पागल है' की। वह भी अच्छा चला, लेकिन हमने कभी एक्शन फिल्म नहीं की। शाहरूख बताते हैं कि चार साल पहले आदि फिर एक फिल्म स्क्रिप्ट लेकर उनके पास आए और बोले कि यह एक एक्शन फिल्म है। उन्होंने वह सुनाई और चले गए लेकिन उन्होंने अपनी मैनेजर पूजा से कहा कि आदि झूठ बोल रहे हैं। वह एक्शन फिल्म नहीं बनाएंगे। लेकिन, अब पठान फिल्म बनकर तैयार हो गयी है जो वास्तव में एक्शन फिल्म ही थी।






## जिम्नास्ट दीपा पर 21 महीने का प्रतिबंध



**नयी दिल्ली।** प्रतिबंधित दवाओं के सेवन की पुष्टि के बाद अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) ने भारत की स्टार जिम्नास्टिक खिलाड़ी दीपा करमाकर पर 21 महीने का प्रतिबंध लगा दिया है। आईटीए ने कहा कि दीपा करमाकर पर लगा यह प्रतिबंध दस जुलाई 2023 को समाप्त होगा। दीपा के नमूने 11 अक्टूबर 2021 को लिए गए थे। दीपा ने हाइजेनामाइन नामक प्रतिबंधित दवा का इस्तेमाल किया जो कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की निषिद्ध दवाओं की सूची में आती है। हाइजेनामाइन को विश्व डोपिंग एजेंसी की 2017 में प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में डाला गया था। दीपा पर प्रतिबंध लगने का मतलब है अब वह जिमनास्टिक विश्व कप के सभी टूर्नामेंट और छह विश्व कप चैलेंज कप की सीरीज में से कम से कम तीन में नहीं खेल पाएगी। वह 23 सितंबर, 2023 से एंटवर्प में शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर इंवेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए पात्र होंगी। दीपा ओलंपिक में भाग लेने वाली भारत की एक मात्र जिम्नास्ट है।

## मेसी 2026 विश्व कप तक खेलने पर कर रहे हैं विचार

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना फुटबाल टीम के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा है कि वह 2026 फीफा विश्व कप में खेलने पर विचार कर रहे है लेकिन उनकी भागीदारी कई बातों पर निर्भर करेगी। इससे पहले मेसी ने कतर में 2022 विश्व कप फुटबॉल के बाद सन्यास की घोषणा की थी। कतर विश्व कप में अर्जेंटीना के विजयी अभियान ने मेसी को छठें विश्व कप में खेलने की संभावना पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया।

## मादक पदार्थ ले जा रहे पाकिस्तानी ड्रोन नष्ट

**श्रीगंगानगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर करीब छह किलोग्राम मादक पदार्थ ले जा रहे एक पाकिस्तानी ड्रोन को नष्ट कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजस्थान में श्रीगंगानगर सेक्टर के श्रीकरणपुर इलाके में 3-4 फरवरी की दरम्यानी रात ड्रोन को नष्ट किया गया था। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि बल और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम ने एक पाकिस्तानी ड्रोन से संदिग्ध मादक पदार्थों के छह पैकेट वाले दो बैग बरामद किए हैं। बैग का वजन लगभग छह किलोग्राम है।

